पेज 06 धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी...
पेज 08 सड़क हादसे में चार की मौत
पेज 12



पारा आपडेट
मैक्सिमम 27.00 | मिनीमम 21.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.13
सूर्योदय (कल) ▸ 05.51

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर

कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत 2082

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, सोमवार 28 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 116 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### मैक्सिको : भीषण सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के स्टेट जकाटेकास में नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जाकाटेकास के गवर्नर डेविड मोनरियल ने दुर्घटना की पुष्टि की है। यूएस-मेक्सिको बॉर्डर पर चिहुआहुआ राज्य के सियुदाद जुआरेज शहर जा रही यात्रियों से भरी बस की मक्के से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों वाहन खाई में गिर गए। मौके पर बचाव अभियान शुरू किया गया। घायलों को तत्काल निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। मरने वालों में सभी 19 लोग मेक्सिको के रहने वाले हैं।

### लखनऊ में कई होटलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कई प्रतिष्ठित होटलों को बम से उड़ाने की धमकी रविवार की मिली है। इसके बाद लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने कई होटलों में सघन चेकिंग शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि धमकी ईमेल के जरिए एक होटल को मिली है। इसमें फार्च्यून होटल, लेमन ट्री, दयाल गेटवे सहित शहर के तमाम होटल शामिल हैं। सूचना पाकर पुलिस सक्रिय हो गई है। राणा प्रताप मार्ग स्थित होटल फार्च्यून पहुंचकर यहां के मैनेजर से पुलिस ने जानकारी ली है। इसके अलावा कई होटलों में बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड के साथ पुलिस छानबीन में जुटी है।

### ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और माटीगाड़ा थाना की पुलिस ने 515 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम अकरूज जमान, बिलाल शेख और कृष्णो बर्मन है। इनमें अकरूज और बिलाल मालदा का और कृष्णो कूचबिहार का निवासी है। तस्करों के पास से एक स्कूटी भी जब्त की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसओजी और माटीगाड़ा थाना की पुलिस ने शनिवार देर रात गुप्त सूचना पर अभियान चलाकर माटीगाड़ा के जोड़ा ब्रिज के पास तीन लोगों को पकड़ा। जब तीनों की तलाशी ली तो उसके पास 515 ग्राम ब्राउन बरामद हुआ। जब्त ब्राउन शुगर का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 20 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अकरूज और बिलाल मालदा से यह ब्राउन शुगर लेकर सिलीगुड़ी पहुंचा था। जहां कृष्णो की स्कूटी लेकर तीनों माटीगाड़ा के जोड़ा ब्रिज ब्राउन शुगर देने पहुंचा था। माटीगाड़ा थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### बेंगलुरु से अयोध्या पहुंचे विमान में बम की सूचना निकली अफवाह

**अयोध्या।** बेंगलुरु से अयोध्या पहुंचे अकासा एयरलाइंस के विमान में बम होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया एक्स पर धमकी भरे मेसेज के बाद अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान को सकुशल लैंड कराया गया। जांच में बम अथवा कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर सभी लोगों ने राहत की सांस ली। अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया विमान में 173 यात्री सवार थे। सभी को सुरक्षित एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया। पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान के यात्रियों को बम की सूचना से अवगत नहीं कराया था।

# बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150 वीं जयंती मनायेगी केंद्र सरकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती मनायी जायेगी। श्री मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 115वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियाँ आई और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्में हैं जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया। इनकी 150वीं जन्म जयंती को देश ने मनाने का निश्चय किया है।

'उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर से सरदार पटेल का 150वीं जन्म जयंती का वर्ष शुरू होगा । इसके बाद 15 नवम्बर से भगवान बिरसा मुंडा का 150वाँ जन्मजयंती वर्ष शुरू होगा । इन दोनों महापुरुष ने अलग-अलग चुनौतियाँ देखी, लेकिन, दोनों का दृष्टिकोण 'देश की एकता' था।

श्री मोदी ने कहा कि पिछले साल 15 नवंबर को वह भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर उनकी जन्मस्थली झारखंड के उलिहातू गाँव गये थे। उन्होंने कहा, 'मैं देश का पहला प्रधानमंत्री हूँ, जिसे इस पवित्र भूमि की मिट्टी को अपने मस्तक से लगाने का सौभाग्य मिला। उस क्षण,



मुझे न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई, बल्कि, इस धरती की शक्ति से जुड़ने का भी अवसर मिला। मुझे ये एहसास हुआ कि कैसे एक संकल्प को पूरा करने का साहस देश के करोड़ों लोगों का भाग्य बदल सकता है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में देश ने ऐसे महान नायक-नायिकाओं की जन्म जयंतियों को नई ऊर्जा से मनाकर, नई पीढ़ी को, नई प्रेरणा दी है महात्मा गांधी की 150वीं जन्म जयंती मनाई थी तो न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से अफ्रीका के छोटे से गाँव तक, विश्व के लोगों ने भारत के सत्य और अहिंसा के संदेश को समझा, जाना और जिया। नौजवानों से बुजुर्गों तक, भारतीयों से विदेशियों तक, हर किसी ने गांधी के उपदेशों को नए संदर्भ में समझा। नई वैश्विक परिस्थितियों में उन्हें जाना। स्वामी विवेकानंद की 150वीं जन्म जयंती मनाई तो देश के नौजवानों ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक शक्ति को नई परिभाषाओं में समझा।

श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने भले ही इन महान विभूतियों की 150वीं जन्म जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है, लेकिन जन सहभागिता ही इस अभियान में प्राण भरेगी और जीवंत बनाएगी। उन्होंने कहा, 'लौह पुरुष सरदार पटेल से जुड़े अपने विचार और कार्य सोशल मीडिया पर साझा करें और धरती-आबा बिरसा मुंडा की प्रेरणाओं को दुनिया के सामने लाएँ।

### बंगाल में किया राजनीतिक परिवर्तन का आह्वान, ममता सरकार पर साधा निशाना

# भाजपा सत्ता में आयी तो बंगाल से अवैध घुसपैठ की समस्या होगी समाप्त : शाह

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बांग्लादेश सीमा पर स्थित पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 सालों में देशभर में कई कार्य किए हैं। बंगाल के लोगों में कुछ नाराजगी हो सकती है, लेकिन चिंता न करें, 2026 के चुनावों के बाद भाजपा सरकार इस नाराजगी को दूर करेगी। मोदी सरकार के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के स्थलीय बंदरगाहों का व्यापक विकास हो रहा है। यहां के लोगों की जिंदगी में भी बदलाव लाया जा रहा है।' शाह शनिवार रात कोलकाता पहुंचे हैं।

बांग्लादेश सीमा के निकट बनगांव में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने राजनीतिक संदेश देते हुए दावा किया कि भाजपा सत्ता में आने पर बंगाल से अवैध घुसपैठ की

● **शाह ने पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल भवन और मैत्री द्वार का किया उद्घाटन**



समस्या समाप्त कर देगी और सीमा पर सुरक्षा कड़ी की जाएगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों में परिवर्तन लाने का आह्वान किया।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने इस कार्यक्रम में ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो बंगाल में अवैध घुसपैठ पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। उन्होंने राज्य में हो रहे भ्रष्टाचार पर भी तृणमूल सरकार को घेरा और कहा कि भाजपा का लक्ष्य सिर्फ विकास है। उन्होंने दावा किया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल को 7.74 करोड़ रुपये की सहायता दी है जबकि, ममता बनर्जी ने अपने कार्यकाल में इसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया।

उन्होंने यह भी बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार में बढ़ोतरी हुई है। उनके अनुसार जब मोदी सत्ता में आए, तब बांग्लादेश के साथ व्यापार 18 हजार करोड़ रुपये का था, जो अब 30 हजार करोड़ रुपये हो गया है। इससे राज्य में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में 13 नवंबर को छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने वाले हैं। शाह के इस दौरे को भाजपा के लिए एक प्रेरणादायी संदेश माना जा रहा है, जो कार्यकर्ताओं को आगामी उपचुनावों में मनोबल बढ़ाने में सहायक होगा।

# हिमाचल : खाई में गिरी कार, पांच युवकों की मौत

एजेंसी

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की चौहारघाटी के वरधाण में शनिवार की रात एक कार गहरी खाई में गिर गई। जिससे कार सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह एक भेड़पालक ने खाई में गिरी कार को देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने खाई से शवों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

बताया गया कि धमच्याण गांव के रहने वाले पांच युवक बरोट में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात को घर लौटते समय चौहारघाटी के वरधाण में उनकी कर सात सौ मीटर खाई में गिर गई। रात में अंधेरा होने पर किसी का पता नहीं चला। रविवार प्रातः स्थानीय एक भेड़पालक ने खाई में नीचे खेतों में एक कार पड़ी देखी। तब उसके ने इसकी सूचना आसपास के ग्रामीणों को दी। फिर पंचायत प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी टिक्कन पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्षत विक्षत शवों को सड़क

● **देर रात एक विवाह समारोह से लौटते समय हुआ हादसा**



मार्ग तक पहुंचाने के लिए स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया है। हादसे में मरने वालों की पहचान राजेश, गंगू, कर्ण, सागर और अजय के रूप में हुई है। मृतकों की उम्र 16 से 30 वर्ष के बीच की बताई जा रही है। इस हादसे की खबर से चौहार घाटी में शोक की लहर छा गई है।

पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर भेज दिया है। एसपी मंडी ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसा के कारणों की जांच में लगी है।

### फर्जी दस्तावेजों से जीएसटी चोरी का मामला

# आठ हजार करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाला गिरफ्तार, सात फरार

एजेंसी

**मुंबई।** वस्तु एवं सेवा कर विभाग (जीएसटी) की टीम ने फर्जी दस्तावेजों से आठ हजार करोड़ की जीएसटी चोरी करने के मामले में आरोपित अशरफ भाई इस्माईल कलावाडिया को मीरा रोड के एक लॉज से गिरफ्तार किया है। जीएसटी टीम ने कलावाडिया के पास से 21 मोबाइल, दो लैपटॉप, 11 सिम कार्ड, डेबिट कार्ड, चेक बुक, अलग-अलग कंपनियों के नाम की रबर स्टांप जब्त किया है। कलावाडिया को गिरफ्तार कर पुणे की शिवाजीनगर कोर्ट में पेश किया गया और कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक कस्टडी में भेज दिया है।



कोरेगांव पार्क पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रूनल मुल्ला के अनुसार जीएसटी पुणे डिवीजन के अधिकारी ऋषि प्रकाश (39) ने कोरेगांव पार्क पुलिस स्टेशन में फर्जी कंपनी के नाम पर दस्तावेज जमा कर 5 हजार से आठ हजार करोड़ रुपये की जीएसटी की चोरी का एक मामला दर्ज करवाया था। इस मामले की छानबीन के बाद पुलिस ने अशरफ इब्राहिम कलवाडिया, नितिन भागोजी बर्गे, फैसल अब्दुल गफर मेवावाला, निजामुद्दीन मोहम्मद सईद खान, अमित तेजबहादुर सिंह, राहुल बटुकभैया बरैया, कौशिक मकवाना, जीतेंद्र गोहेल और उनके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें से मुख्य आरोपित अशरफ इब्राहिम को जीएसटी टीम ने शनिवार को गिरफ्तार किया था और उन्हें पुणे में कोर्ट में पेश किया गया था। जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

### पंजाब पुलिस की ड्रग तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# पांच सौ करोड़ की हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से जुड़े ड्रग तस्करों का पदार्फाश करते हुए दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105 किलो हेरोइन समेत भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं।

पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने अमृतसर के बाबा बकाला कस्बे से दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 105 किलो हेरोइन, 31.93 किलो कैफीन, 17 किलो डीएमआर, 5 विदेशी पिस्तौल और 1 देसी पिस्तौल बरामद की है।

● **कैफीन, डीएमआर और विदेशी पिस्तौल बरामद**



गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवजोत सिंह और लवप्रीत कुमार के रूप में हुई है। आरोपितों का सरगना नवप्रीत सिंह उर्फ भुल्लर विदेश से यह नेटवर्क को चला रहा था। डीजीपी ने बताया कि उक्त सभी खेप सीमा पार पाकिस्तान से आई थी। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 500 करोड़ रुपए से ज्यादा है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन यूनिट में उक्त एफआईआर दर्ज की गई है।

### पाकिस्तानी ड्रोन व हेरोइन के पैकेट बरामद



**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पाकिस्तान द्वारा पंजाब में नशा सप्लाई की घटना को असफल बनाते हुए अमृतसर क्षेत्र से दो पाकिस्तानी ड्रोन तथा दो पैकेट हेरोइन के बरामद किए हैं। बीएसएफ की तरफ से रविवार को दी गई जानकारी के मुताबिक इंटेलिजेंस रिपोर्ट के बाद बीएसएफ ने अमृतसर के गांव धनोए कलां में सीमावर्ती क्षेत्र से सटे खेतों से एक ड्रोन तथा एक पैकेट हेरोइन बरामद किया है। हेरोइन के पैकेट का वजन 550 ग्राम था। इस बीच बीएसएफ की टीम ने अमृतसर जिले के गांव उत्तर धालीवाल में एक पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार तीसरे घटनाक्रम के तहत अमृतसर के सीमावर्ती गांव रोड़ावाला खुर्द से 510 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी ड्रोन चीन में बने हैं तथा डीजेआई माविक थ्री क्लासिक क्वालिटी के हैं।

**मासिक कार्यक्रम** > 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने दिया 'डिजिटल अरेस्ट' से बचने का मंत्र

# 'रुको', 'सोचो' और फिर 'एक्शन लो'... : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों से सतर्कता बरतने का आह्वान किया। उन्होंने इस प्रकार के कॉल आने पर 'रुको', बाद में 'सोचो', और फिर 'एक्शन लो' के तीन चरणों का पालन करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जांच एजेंसियां डिजिटल अरेस्ट के नाम पर चल रहे फरेब से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

प्रधानमंत्री रविवार को 'मन की बात' मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा कर रहे थे।



कार्यक्रम की यह 115वीं कड़ी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों में हर वर्ग, हर उम्र के लोग हैं। लोगों ने डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गवां दिए हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी आपको इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी भी नहीं करती।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के तीन चरण बताते हुए कहा कि 'रुको, सोचो और एक्शन लो'। कॉल आते ही, 'रुको'- घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें, संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। प्रधानमंत्री ने दूसरा चरण बताते हुए कहा कि 'सोचो' - कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसे धमकी नहीं देती, न ही वीडियोकॉल पर पूछताछ करती है, न ही ऐसे पैसे की मांग करती है अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के तहत 'एक्शन लो'। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें, cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें, परिवार और पुलिस को सूचित करें, सबूत सुरक्षित रखें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है, ये सिर्फ फ्रॉड है, फरेब है, झूठ है, बदमाशों का गिरोह है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वो समाज के दुश्मन हैं। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर जो फरेब चल रहा है, उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसियां, राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। एजेंसियों की तरफ से ऐसे फ्रॉड करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है।

### एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया

प्रधानमंत्री ने 28 अक्टूबर को 'विश्व एनिमेशन दिवस' के मौके पर भारत को वैश्विक एनीमेशन पावर हाउस बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने एनिमेटिड सीरियल छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू का जिक्र करते हुए कहा कि यह सीरियल को केवल भारत में ही नहीं दुनिया-भर में पसंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है। भारत के गेमिंग स्पेस का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाई इंडियंस छाया हुआ है।

### त्योहारों पर वोकल फॉर लोकल का मंत्र

प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि वे त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए खरीदारी करते समय अपने दैनिक जीवन में 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा को शामिल कर सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि ये त्योहारों का समय है। धनतेरस, दीवाली, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती और सभी पर्वों की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी पूरे उत्साह के साथ त्योहार मनाएं- वोकल फॉर लोकल का मंत्र याद रखें, कोशिश करें कि त्योहारों के दौरान आपके घर में स्थानीय दुकानदारों से खरीदा गया सामान जरूर आए।

# कपड़ा फैक्टरी में गैस रिसाव से दो की मौत, छह लोग गंभीर

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद जिले के नारोल स्थित एक कपड़ा फैक्टरी में गैस रिसाव से दो लोगों की मौत हो गयी है। इस घटना में गंभीर रूप से जख्मी 6 लोगों को मणिनगर के एलजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

अहमदाबाद अग्निशमन विभाग के अनुसार नारोल के देवी सिंथेटिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में केमिकल रिएक्शन के बाद गैस रिसाव की घटना में 8 कर्मचारी बेहोश हो गए। साथी कर्मचारियों ने 108 आपाताकालीन एम्बुलेंस को फोन किया जिसके बाद सभी को मणिनगर के एलजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां लवकुश (32) और कमल यादव (25) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य छह में से चार लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें जीवन रक्षक उपकरण पर रख गया है। पुलिस के मुताबिक घटना में जख्मी हुए लोगों में मफुज अंसारी (42), महेन्द्र (50), इशाद खान (25), मंगल सिंह (56), अशोक भाई (56), मालजीभाई (59) शामिल हैं।

नारोल क्षेत्र के मटन गली स्थित कंपनी में रविवार सुबह 11 बजे के करीब कंपनी में सल्फ्यूरिक एसिड का टैंकर खाली किया जा रहा था। इस दौरान ब्लीचिंग पाउडर का कॉस्टिक सोडा के साथ रिएक्शन होने पर गैस रिसाव शुरू हो गया। इसका कंपनी में काम कर रहे लोगों पर असर हुआ।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 28 अक्टूबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### रांची के होटल अर्श में दो जुआरी गिरफ्तार

**रांची।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी चौक स्थित होटल अर्श में जुआ खेलने की सूचना पर शनिवार देर रात पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक बिल्डर रमेश शर्मा और जुआ खेलाने वाला मनोज पंडित को गिरफ्तार किया। साथ ही मौके से ताश के पत्ते, शराब और 1.70 लाख रुपये, गाना बजाने वाला बॉक्स भी बरामद किये गए हैं। जुआ खेलने वाले लोगों ने होटल अर्श के तीसरे फ्लोर पर कमरे में लगे सीसीटीवी को टिश्यू पेपर से ढंक दिया था। इसके बाद जुआ का संचालन हो रहा था। इसी क्रम में कोतवाली डीएसपी प्रकाश को इसकी सूचना मिली और वह मौके पर छापेमारी के लिए पहुंच गये। हालांकिए पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गये।दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने होटल में छापेमारी की।

### रांची में धुर्वा डैम से मिला युवती का शव

**रांची।** शहर के धुर्वा डैम से नगड़ी थाना पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों ने रविवार की सुबह डैम में शव को देखा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर स्थानीय गोताखोर के सहयोग से युवती का शव पानी से बाहर निकलवाया। युवती के पॉकेट से आधार कार्ड बरामद हुआ है, जिसमें उसका नाम रेशमा परवीन लिखा हुआ है। वह जींस और टी शर्ट पहने हुए थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### राज्यपाल से कुलपति सहित अन्य लोगों ने की मुलाकात

**रांची।** राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से रविवार को राजभवन में रांची डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य सहित अन्य ने भेंट की। साथ ही राज्यपाल को कुलपति ने विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। दूसरी ओर, राज्यपाल से रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने भेंट की तथा राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल से पंकज कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सद्गुरु अपना घर ट्रस्ट के एक शिष्टमंडल ने शिष्टाचार भेंट की और संस्था की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही राज्यपाल से राजभवन में रांची आईसीएआई इंस्टीट्यूट चैप्टर के एक शिष्टमंडल ने भेंट की तथा संस्था की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इसके अलावा राज्यपाल से रांची झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. सिंह ने भेंट की तथा राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

### विस चुनाव को लेकर एसएसपी ने अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों के साथ रविवार को एसएसपी कार्यालय में बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण और सुरक्षित समापन के लिए चर्चा की गयी। साथ ही कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। उल्लेखनीय है कि विधानसभ चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह सक्रिय है। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) की ओर छोटे-बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। झारखंड विधानसभा चुनाव इस बार दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। पहले चरण में 13 जिलों की 30 सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में 16 जिलों की 36 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

### राज्यपाल से मिला दीपशिखा संस्थान का शिष्टमंडल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को राजभवन में रांची दीपशिखा, बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (पुरश्री की एक इकाई) के एक शिष्टमंडल ने प्रियंका जालान के नेतृत्व में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को दीपशिखा की ओर से मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के हित में समर्पित रूप से कार्य करना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज के सभी वर्गों से निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग की आवश्यकता है, ताकि वे जीवन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकें।

# योगा चैंपियनशिप का हुआ समापन विजेताओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता

**रांची।** नटराज योग संस्थान की ओर से नामकुम के जीडी गोयनका स्कूल में द्वितीय इंटर स्कूल योगा चैंपियनशिप का रविवार को समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में रांची सहित विभिन्न जगह के स्कूल और संस्थान से लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता का आयोजन जीडी गोयनका स्कूल, नटराज योग संस्थान एवं रिलेशन के जरिये संयुक्त रूप से किया गया।



मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार खेल विभाग के उप निर्देशक राजकिशोर खाखा, विशिष्ट अतिथि जीडी गोयंका स्कूल के निर्देशक मदन सिंह,उप निर्देशक अमन सिंह, डीएवी हेहल के उप प्राचार्य नीरज कुमार दुबे, आंबेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल के निर्देशक अनिल कुमार, सेंट्रल अकादमी स्कूल कांके की प्राचार्या स्नेहा राय, डीएवी स्वर्णरेखा स्कूल के निर्देशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश ,एमएम के हाई स्कूल के निर्देशक डॉ तनवीर अहमद, जीडी गोयनका स्कूल के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार, अतिथि के रूप मे शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष शंकर दुबे, यस एंटरप्राइज के संचालक सोनू कलाम, आशा मीडिया के जय श्रीवास्तान, गोविंद यादव , रिलेशन के निर्देशक आशुतोष द्विवेदी, नटराज योग संस्थान के संचालक आर्य प्रहलाद भगत , सह संचालिका सुषमा कुमारी तिग्गा, आयोजक समिति के सदस्य रितेश कुमार, माही सिंह, अंजलि कुमारी , पिंटू चौधरी, सुमित सोनी, दीपू लोहरा, रेणुका सिंह, मोहित कुमार , शुभम कुमार, आदि उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में अधिक पदक और प्रतिभागी के साथ विजेता लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल, उप विजेता जीडी गोयनका स्कूल नामकुम, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल द्वितीय उप विजेता रहा। आयोजक सचिव आशुतोष द्विवेदी ने सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया।

## गृह विभाग ने विस चुनाव में 14705 होमगार्ड जवानों की प्रतिनियुक्ति के लिए दी स्वीकृति



संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में 14705 होमगार्ड जवानों की प्रतिनियुक्ति होगी। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार प्रतिनियुक्ति 16 दिनों के लिए होगी। इसे लेकर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के जरिये स्वीकृति प्रदान की गयी है। इससे पहले आईजी अभियान एवी होमकर ने होमगार्ड डीजी अनिल पालटा को 22 अक्टूबर को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए काफी अधिक संख्या में बलों की प्रतिनियुक्ति की आवश्यकता होगी। झारखंड के सभी जिलों में उपलब्ध कुल 21007 होमगार्ड के जवानों में से 70 प्रतिशत लगभग 14705 होमगार्डों को चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किया जाना आवश्यक प्रतीत हो रहा है।

**किस जिले से कितने होमगार्ड जवानों की होगी तैनाती**

रांची में 1355, खूंटी में 436, गुमला में 633, सिमडेगा में 433, लोहरदगा में 477, पलामू में 1093, लातेहार में 505, गढ़वा में 445, हजारीबाग में 488, रामगढ़ में 624, चतरा में 752, कोडरमा में 285 गिरिडीह में 637, धनबाद में 764, बोकारो में 963, देवघर में 449, जामताड़ा में 356, दुमका में 351, साहेबगंज में 537, गोड्डा में 449, पाकुड में 353, जमशेदपुर में 949, चाईबासा में 774, सरायकेला में 599 जवान की तैनाती की जाएगी।

## चुंबकीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

संवाददाता

**रांची।** डॉ. लालचंद बगड़िया एक्युप्रेशर संस्थान रांची द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में विगत 8 दिनों से 33 वां एक्युप्रेशर सह चुंबकीय चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर चल रहा था। रविवार को इस समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि एमपी अजमेरा सेवा निवृत भाप्रसे विशिष्ट अतिथि डॉ. वीके जैन वरीय शल्य चिकित्सक एवं संस्थान के अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर-के किया। मुख्य अतिथि ने स्व. डॉ. लालचंद बगड़िया को प्रसिद्ध समाजसेवी, कर्मयोगी एवं तपस्वी बताया। वे एक्युप्रेशर के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण में सेवाव्रती थे। उन्होंने कार्य की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. बीके जैन ने कहा कि आज एलोपैथिक चिकित्सा प्रणाली के साथ-साथ अन्य भारतीय चिकित्सा प्रणाली का भी प्रचार प्रसार बढ़ रहा है। एक्युप्रेशर भी एक भारतीय पुरातन चिकित्सा विधि है। इसका हमारे वेदों में भी उल्लेख है। इस चिकित्सा पद्धति से रोगी को लाभ भी हो रहा है। अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने संस्थान की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान द्वारा फुल बाबा आश्रम स्थित एक्युप्रेशर चिकित्सा केंद्र में प्रतिदिन प्रातः 7:30 से 9:30 बजे तक लगभग 65 से 70 रोगियों एवं डीबी पैलेस स्थित केंद्र में प्रतिदिन संध्या 4 से 5 बजे तक लगभग 45-50 रोगियों निःशुल्क इलाज किया जाता है। विगत 19 वर्षों में आज तक एक्युप्रेशर द्वारा लगभग 3,23,084 रोगियों को स्वस्थ किया गया। अभी तक विभिन्न स्थानों पर एक दिवसीय निःशुल्क एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविरों द्वारा पांच हजार एक रोगियों को सेवा की जा चुकी है। एक्युप्रेशर के प्रचार प्रसार एवं नये थैरेपिस्टों को प्रशिक्षण देने के क्रम में अभी तक 33 एक्युप्रेशर सह चुंबकीय प्रशिक्षण शिविरों द्वारा प्रशिक्षक डॉ. संतोष कुमार झा ने 823 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। 53 वें प्रशिक्षण शिविर में 19 प्रशिक्षणार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें श्वेता कुमारी प्रथम, खुशी गुप्ता द्वितीय, रोशन कुमार प्रधान तृतीय, गोपाल मार्वाडिया चतुर्थ निशा मानपुरिया पंचम स्थान प्राप्त किया।



इनको मेडल एवं सभी प्रशिक्षणाथीयों को प्रमाण पत्र दिया गया।

# राज्य के सभी स्कूली बच्चे लिखेंगे पत्र, मम्मी-पापा वोट दो

**वोटर जागरूकता को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का नायाब आइडिया**

**28 अक्टूबर को पूर्वाहन 11 से 12 बजे के बीच होगा पत्र लेखन कार्यक्रम**

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य के सभी मध्य एवं उच्चतर विद्यालयों के कक्षा 6-12 के बच्चे सोमवार को अपने माता-पिता के नाम मतदान करने के लिए पत्र लिखेंगे। स्कूलों में पत्र लेखन कार्यक्रम 28 अक्टूबर को पूर्वाहन 11 से 12 बजे के बीच होगा। मतदाता जागरूकता के इस नायाब आइडिया के क्रियान्वयन का निर्देश सभी संबंधितों को दिया गया है।



उन्होंने बताया कि बच्चों द्वारा पत्र लेखन के पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक उन्हें मतदान की आवश्यकता एवं इसकी महता पर सभी बच्चों को उन्मुखीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। तय समयसीमा के भीतर पत्र लेखन कर सभी बच्चे अपने पत्र को अपने घर ले जाकर अपने माता-पिता को सौपेंगे और उनसे मतदान के दिन मतदान अवश्य करने का अनुरोध भी करेंगे।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि यह संदेश अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचे, इसके लिए सोमवार को सोशल मीडिया में हैशटैग अभियान चलेगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़ें और मतदाता जागरूकता के इस कार्यक्रम को सफल बनायें।

## चुनावी आतंकवाद के सहारे चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है भाजपा

संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने झारखंड में चुनावी आतंकवाद की शुरूआत कर दी है और इसी के सहारे चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है। बाबूलाल मरांडी पर पलट वार कर उक्त आरोप प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि जब-जब देश के किसी राज्य में चुनाव होता है भाजपा इसी चुनावी आतंकवाद का प्रयोग रक्षात्मक हथियार के रूप में करती है। जिसमें धर्म,छल, प्रपंच, घुसपैठ, नफरती भाषण, धनबल,झूठा प्रोपेगेंडा, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग का बारूदी मसाला भरा हुआ रहता है। भाजपा हर चुनाव में इस शस्त्र का प्रयोग समाज को विभक्त कर दो धुरी में बांटने का प्रयास करती है ताकि इसका फायदा उठाया जा सके।उन्होंने कहा कि विगत कई माह से भाजपा महागठबंधन सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के खिलाफ मुद्दों को योजनाबद्ध तरीके से फैलाने में लगी थी लेकिन इसमें फेल होने पर सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से अपने एजेंडे को खाद पानी देकर उसे फैलाने की कोशिश भाजपा नेता कर रहे हैं। भाजपा ने अपने इस एजेंडे के लिए संथाल परगना क्षेत्र को मुफीद जगह माना है।

### विधानसभा चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में लगे विभागों के कर्मियों को मिलेगी पोस्टल बैलेट की सुविधा

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा मिलेगी।निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया है और मतदान के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को डाकपत्र के माध्यम से मतदान कराने का निर्देश भी सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिया है।

## राज्य के मरीजों को अब हाइटेक सुविधा मिलेगी, 132 करोड़ आवंटित

**अस्पतालों में लगेगी लेटेस्ट एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन**



संवाददाता

**रांची।** राज्य के मरीजों को अब हाईटेक सुविधा मिलेगी। इसके तहत राज्य के हॉस्पिटल में लेटेस्ट एमआरआई और सिटी स्कैन मशीन लगाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 132 करोड़ रुपये आवंटित कर दिए गए हैं। एक थ्री टेसला एमआरआई मशीन की लागत 17 करोड़ रुपये होगी जबकि 256 स्लाइस वाले एक सिटी स्कैन वाली मशीन की कीमत पांच करोड़ रुपये होगी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वर्तमान समय के चिकित्सा प्रणाली में एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन की उपयोगिता अहम हो गई है। मशीनों की खरीद टेंडर के जरीए की जाएगी। संस्थान के प्राचार्य, अधीक्षक, सिविल सर्जन द्वारा क्रय किए गए मशीन उपकरण, उपस्कर आदि के संचालन, सुरक्षा एवं रख-रखाव की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**इन अस्पतालों में लगेगी सिटी स्टैन और एमआरआई मशीन**

सदर अस्पताल, रांची।

एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर।

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद।

शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय, हजारीबाग।

फूलो-झानो चिकित्सा महाविद्यालय, दुमका।

मेदिनी राय चिकित्सा महाविद्यालय।

## इरफान को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाएं हेमंत सोरेन : मरांडी

संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि अपने 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बातें बताई हैं। इस क्रम में दो महापुरुषों का जिक्र किया है। इनमें एक सरदार वल्लभभाई पटेल और दूसरे भगवान बिरसा मुंडा हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उस दिन दिवाली भी है। इस बार सरदार पटेल की जयंती को और धूमधाम से मानना है। मरांडी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। उनकी भी 150वीं जयंती प्रारंभ हो रही है। उसको भी पूरा देश में धूमधाम से मानना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में आज की जो जरूरत भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाने की है, ताकि झारखंड को हम सब बचा सकें। इसलिए झारखंड की तमाम जनता से अपील करते है कि झारखंड को बचाने के लिए वे भारतीय जनता पार्टी को वोट करें। मरांडी ने कहा कि यह तो बिल्कुल स्पष्ट हो चुका है कि हेमंत सोरेन लाचार और विवश हैं। वोट की खातिर वे किसी भी हद तक गिर सकते हैं। पार्टी भले अलग हो लेकिन सीता सोरेन उनकी भाभी हैं। उनके आंदोलनकारी भाई दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। झारखंड की एक महिला भी हैं। सीता सोरेन के बारे में जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी जिस घटिया शब्द का उपयोग करते हैं उसे हम प्रयोग नहीं कर सकते।

# सीपी सिंह और जीतू चरण पहुंचे शहीद संकलप वाटिका, सदस्यों नें किया स्वागत

संवाददाता

**रांची।** रांची विधानसभा प्रत्याशी सीपी सिंह, कांके भाजपा प्रत्याशी डॉ.जीतू चरण रविवार को सुबह मोरहावादी स्थित शहीद संकल्प शुक्ला बाटीका पहुंचे। जहां पर उन्होने शहीद संकल्प शुक्ला की प्रतीमा पर पुष्पांजली अर्पित की। इसके बाद बाटीका के सदस्यों द्वारा दोनो प्रत्याशियों का माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।



जहां उन्होंने उपस्थित लोगों से चाय पर चर्चा करते हुए कहा कि बाटीका के सदस्य मेरे परीवार के सदस्य है। समय-समय मेरा यहां आना होता रहता है। उन्होंने झारखंड में प्रचंड बहुतम की एनडीए की सरकार बनानें के लिए लोगों से अधिक से अधिक मतदान काराने का अनुरोध किया। साथ ही लोगों से कहा की पहले मतदान करें फिर जलपान करे, लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरुक करें। इस मौके पर उन्होंने बाटीका के सदस्यों के साथ चाय पीकर ठंड में चाय का आंनद उठाया। वहीं बाटीका के सदस्यों की ओर से मतदता जागरूकता और बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे , नेक रहेंगे के पोस्टर भेंट किया। इस मौके भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रमेश सिंह, कृपा शंकर सिंह, के के दयाल, चंदन श्रीवास्तव, संदीप बनर्जी, आजसू नेता ब्रजेश कुमार, हरीनारायण गुप्ता, जीतू उरांव, बिनोद सिंह, इश्वारचंद सिंह, विक्की सोनी, ललीत ओझा, संदीप गुड्डू, बॉबी सरदार, गुरुचरण सिंह, मनोज कुमार प्रसाद, विष्णुदेव प्रसाद लिल्लू के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### राजधानी एक्सप्रेस का समय बदला

**रांची।** रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रविवार को अपने तय समय पर रांची स्टेशन से नहीं खुलेगी। इसका समय बदल दिया गया है। यह ट्रेन अपने तय समय से कम से कम एक घंटे विलंब से खुलेगी। राजधानी एक्सप्रेस का रविवार को खुलने का समय शाम पांच बजकर 15 मिनट है लेकिन यह ट्रेन रविवार छह बजकर 15 मिनट पर रांची स्टेशन से रवाना होगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी ने यह जानकारी दी है। हालांकि, सीपीआरओ ने यह नहीं बताया कि ट्रेन को री-शेड्यूल क्यों किया गया है। 12453 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन रविवार को रांची से आमतौर पर शाम को 5:15 बजे खुलती है और 17 घंटे 55 मिनट की यात्रा के बाद दिल्ली पहुंचा देती है। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन रांची से खुलने के बाद लोहरदगा, डालटेनगंज, गढ़वा रोड, रेणुकूट, चोपन, सोनभद्र, प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रुकते हुए नई दिल्ली तक जाती है।

## प्रेक्षकों ने विधानसभा चुनाव को लेकर मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को पंडरा स्थित मतगणना स्थल का सामान्य प्रेक्षक (आईएएस) वेंकटेशपति , (आईएएस) अमिताव बनर्जी, (आईएएस) दिनेशन एच शिवगणनम ,(आईएएस) आर गिरीश पुलिस अधीक्षक, (आईपीएस) राहुल मलिक के जरिये निरीक्षण किया गया। मतगणना स्थल की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रेक्षकों ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक (शहर) रांची, राजकुमार मेहता एवं एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार, एसडीओ बुंडू सहित संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक के जरिये पंडरा स्थित वज्रगृह के पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही व्यवस्था को दुरस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। सामान्य प्रेक्षक सहित पुलिस प्रेक्षकों के जरिये निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया।



## संक्षिप्त खबरें

### महिला समूह ने चलाया पौधारोपण अभियान



**बोकारो।** कर्ण गोष्ठी महिला समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य में भाग लेने का संकल्प लिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रजिस्टर्ड 12,000 महिलाओं के इस सशक्त नेटवर्क की बोकारो शाखा द्वारा बोकारो ग्रुप की अध्यक्षा पुष्पा रानी कर्ण के नेतृत्व में समूह ने बोकारो के शास्त्री जी पार्क में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्य का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहर के अन्य स्थानों पर भी वृक्षारोपण कार्य किया जा रहा है। श्रीमती कर्ण ने इस पहल की सफलता के लिए समूह की सभी सदस्यों को प्रेरित किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को उजागर किया। संस्थापिका सुनीता दास और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनीता कर्ण के संरक्षण में, यह समूह न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महिलाओं को एकजुट कर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहा है। सभी सदस्यों ने यह बात स्पष्ट की कि वृक्षारोपण कार्य हमारे पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करेगा।

### रंजना सिंह अयोध्या दीपोत्सव में बांधेगी समां



**बोकारो।** बोकारो की सुविख्यात लोक-गायिका रंजना राय अपने गायन का जलवा एक बार फिर बिखेरने जा रही हैं। अयोध्या के तुलसी उद्यान में आयोजित दीपोत्सव में वह अपनी गायकी का समां बांधेंगी। राम भजनों की वह प्रस्तुति देंगी। रंजना ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के पर्यटन व सांस्कृतिक विभाग की ओर से आयोजित विंध्य महोत्सव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से आयोजित शारदीय नवरात्रि महोत्सव के भजन संध्या में भी भाग लिया था। तीन दिन पहले ही दूरदर्शन बिहार-झारखंड पर छठ गीतों की उनकी रिकार्डिंग हुई थी, जिसका प्रसारण आगामी छह और सात नवंबर को होगा। उल्लेखनीय है कि बीएसएल में मुख्य महाप्रबंधक दीपक राय की सहधर्मिणी रंजना राय लोक गायकी के क्षेत्र में लगातार अपनी प्रस्तुति से लोगों के बीच खास जगह बना रही हैं। उन्होंने कहा कि लोक गायिकी उन्हें बचपन से ही पसंद है।

### तेनुघाट में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**तेनुघाट/ बोकारो।** समाजसेवी शशि शेखर ने तेनुघाट गोल्डन जुबली मैदान में क्रिकेट टूनामेंट के उद्घाटन के दौरान बताया कि हमारे द्वारा अभी एक अभियान चलाया जा रहा है कि मोबाइल से नाता छोड़ो और मैदान की ओर दौड़ो। इस अभियान के तहत आज तेनुघाट गोल्डन जुबली मैदान में क्रिकेट टूनामेंट के आयोजन की शुरूआत की गई। इससे बच्चों में उत्साह बढ़ेगा और वे स्वस्थ रहेंगे। जैसा कि आप जानते हैं कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद का भी हमारे जीवन में काफी महत्व है। तेनुघाट टी एस सी के द्वारा कराए जा रहे क्रिकेट टूनामेंट में रविवार को उद्घाटन मैच में तोपचाची की टीम ने मिजार्पुर की टीम को पांच विकेट से हराया। तोपचाची की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मिजार्पुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में बाबा के 31 रन और अंकुश के 15 रनों के बदौलत 71 रन बनाए । तोपचाची की ओर से विक्की ने दो, राज मनोज और सुनील ने एक एक विकेट प्राप्त किया।

### समाजसेवी दिवंगत मौजीलाल की मनी तीसरी पुण्यतिथि



**फुसरो/ बोकारो।** फुसरो नप क्षेत्र के रेहवाघाट में रविवार को समाजसेवी दिवंगत मौजीलाल रविदास की तीसरी पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्वप्रथम लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। यहां उनकी आत्मा शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। भाजपा नेता शिवलाल रवि ने कहा कि मौजीलाल रविदास का जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित था। उनके कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर दिवंगत मौजीलाल की पत्नी कुंती देवी, पुत्र सुरेश रविदास, संतोष रविदास, किशोर रविदास, मोहन रविदास, पूर्व वार्ड पार्षद रामेश्वर महतो, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि बैजनाथ महतो, वीरेंद्र रविदास, अरुण रविदास, धनपति रविदास, गीता देवी, तारा देवी, लक्ष्मी देवी, चंपा देवी, ननकी देवी, गीता देवी, कुंती देवी, अंजली कुमारी, शांति देवी, बुटली देवी, दिव्या देवी आदि मौजूद थे।

### शोक सभा आयोजित कर दिवंगत गिरजा शंकर पांडेय को दी गई श्रद्धांजलि

**कथारा/ बोकारो।** भोजपुरी परिवार द्वारा कथारा शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को शोक सभा का आयोजन बेरमो प्रखंड अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में भोजपुरी परिवार के संरक्षक तथा अभिभावक गिरजा शंकर पांडेय के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। परिवार के सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। भोजपुरी सभा में झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र ओझा तथा भोजपुरी सम्राट बाबू लाखन सिंह ने श्री पांडेय के निधन पर गहरा शोक जताया तथा भोजपुरी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इस बैठक में अनिल पांडेय, विकाश सिंह, संतोष कुमार सिंह, राजेंद्र राम, दुर्गेश कुमार, जय प्रकाश, अशोक गुप्ता, संतोष चौधरी, रमाकांत सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, बबलू सिंह, मृत्युंजय श्रीवस्त, मो नरेन, इस्लाम अंसारी, बिंदेश्वर यादव, गुप्तेश्वर यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## झामुमो छोड़ कई कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

# विकास की गति के लिए एक और अवसर की जरूरत : अमर बाउरी

संवाददाता

**बोकारो।** चंदनकियारी के चंद्रा गांव में भाजपा प्रत्याशी अमर बाउरी के समारोह में चंद्रा, बड़ाजोर, अंधरतेलिया, सावलडीह आदि गांवों के सैकड़ों लोगों ने झामुमो छोड़कर रविवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सभी को अंगवस्त्र और माला पहनाकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री बाउरी ने कहा कि वर्ष 2014 में पहली बार चंदनकियारी की जनता ने मुझे जिताकर यहां का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया।



पिछले दस वर्षों में चंदनकियारी में हर क्षेत्र में विकास कार्य किए गए, जहां पहले मात्र 65 गांव में हीं बिजली थी वहीं अब सभी गांव तक बिजली पहुंच गई।

आज हर घर में लगभग 22 घंटे बिजली रहती है। वहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार में चंदनकियारी में उच्च स्तरीय स्टेडियम, पावर सब ग्रीड, सबस्टेशन, नई सड़कों का निर्माण, पुराने सड़कों का जीर्णोद्धार, तालाबों का सौंदर्यीकरण, इंजीनियरिंग कॉलेज, पार्क आदि का निर्माण किया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर नल जल योजना के तहत भी लाभ दिया गया। आज चंदनकियारी का नाम देश दुनिया में फैला है और इसका पूरा श्रेय चंदनकियारी की देवतुल्य जनता और कार्यकर्ताओं को जाता है, जिन्होंने मुझ पर भरोसा कर दो बार यहां का प्रतिनिधित्व करने के लिए विधायक के रूप में चयनित किया। उन्होंने उपस्थित सभी ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि इस बार फिर से तीसरी बार मुझे चंदनकियारी का नेतृत्व करने के लिए कमल छाप पर मतदान कर यहां के विकास की गति को आगे बढ़ाने का कार्य करें।

## तेनुघाट के समीप अर्टिगा कार पेड़ से टकराई, एक की मौत, कई घायल

संवाददाता



**तेनुघाट/बोकारो।** बोकारो जाने के दौरान डुमरांव बक्सर निवासी का तेनुघाट के समीप उलगड्डा के पास अर्टिगा कार पेड़ से टकरा गई। जिसमें मौजूद सभी पैसेंजर घायल हो गए और एक की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई। बताते चलें कि आर्टिगा संख्या बीआरओ 1 पीएल 5120 डुमरांव से पांच व्यक्तियों को लेकर बोकारो के लिए निकली। सुबह जब वह तेनुघाट से उलगड़ा चढ़ाई पर पहुंची तो ड्राइवर को झपकी आने के कारण पेड़ से टकरा गई। गाड़ी में बैठे संजय कुमार, बबलू कुमार तिवारी, श्री भगवान साहू और ड्राइवर सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं हरि तिवारी की मौके पर हीं मौत हो गई। वहीं संजय कुमार, भगवान साहू की गंभीर अवस्था को देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट प्रथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। जहां डॉ० शंभू कुमार ने गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर किया गया। वहीं मृतक हरि तिवारी का पोस्टमार्टम अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट में किया गया। परिजनों को इस घटना की सूचना दी गई दुर्घटना की जानकारी थाना प्रभारी तेनुघाट अजीत कुमार ने दी।

मालूम हो कि टक्कर इतना जोरदार था कि गाड़ी परखच्चे उड़ गए और गाड़ी का दोनों बैलून खुल कर बाहर आ गया।

## चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के पूर्व परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर का तबादला

# परियोजना प्रधान को दी गई विदाई

संवाददाता

**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के पूर्व परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर का तबादला कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में परियोजना प्रधान के पद पर किए जाने के बाद उनके सम्मान सह-विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चंद्रपुरा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित किया। ऑफिसर्स क्लब में आयोजित इस समारोह में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजय नंद शर्मा ने कहा कि सकारात्मक सोच और सरल कार्यशैली से कठिन से कठिन कार्य भी आसानी से किए जा सकते हैं। उन्होंने श्री ठाकुर की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने डीवीसी में एक जुझारू नेता के रूप में उत्कृष्ट सेवा दी है। उन्होंने सभी स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे अपनी



कार्यक्षमता का पूरा उपयोग करें और किसी भी बाधा का सामना करने के लिए तैयार रहें।

समारोह में श्री ठाकुर की धर्मपत्नी भव्या ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। वरिष्ठ महाप्रबंधक रामप्रवेश साह ने श्री ठाकुर की कार्यकुशलता की सराहना की और आशा व्यक्त की कि वह कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में भी अपना सकारात्मक योगदान देंगे। इसके अलावा, वरिष्ठ महाप्रबंधक डीसी पांडेय ने श्री ठाकुर के मानवीय पहलुओं और कार्यशैली की प्रशंसा की, जबकि अभिजीत घोष ने उनके कार्यकाल में हुए सकारात्मक कार्यों का उल्लेख किया। समारोह का संचालन हरि मुकुंद प्रजापति ने किया।

इस अवसर पर संजीव कुमार, डॉ. पीके घोष, जितेंद्र कुमार रजक, के एम प्रियदर्शी और राजीव रंजन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में दिलीप कुमार, राजीव रंजन ओझा, महावीर ठाकुर, मोहम्मद इम्तियाज, अमित सिंहा, दीपक कुमार, संजीव कुमार, संजीत कुमार, अजय कुमार, विनय कृष्ण दास, आरपी सिंह, अभिषेक घोष, कृष्णा, अर्जुन मुखर्जी, अजय कुमार, शौर्य दलाई और अक्षय कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## कोल इंडिया के ठेका कामगारों को बोनस की घोषणा बीएमएस आंदोलन का परिणाम: रवींद्र

संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह सीसीएल के संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि कोल इंडिया में खनन गतिविधियों में कार्यरत काम करने वाले ठेका कामगारों को 8.33% एक अतिरिक्त पेमेंट बोनस के रूप मे दिये जाने को कोल इंडिया प्रबंधन एवं ट्रेड यूनियनों के बीच शुक्रवार कोलकाता की निदेशक मंडल की 471 वीं बैठक में सहमति बनने के बाद शनिवार को कोल इंडिया के महाप्रबंधक श्रम शक्ति एवं औद्योगिक संबंध अधिकारी गौतम बैनर्जी द्वारा दीपावली के पूर्व बोनस भुगतान का आदेश कोल इंडिया प्रबंधन के द्वारा निकाली गई जिससे ठेका कामगारों में हर्ष है। श्री मिश्रा ने कहा कि उपरोक्त मांग की लड़ाई बीएमएस के कोयला उद्योग प्रभारी के.लक्ष्मा रेड्डी बीएमएस से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के



महामंत्री सुधीर घुरडे, अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह राठौड़ एवं सीसीएल सीकेएस के अध्यक्ष निर्गुण महतो एवं महामंत्री शशि भूषण सिंह के सार्थक प्रयास से ठेका मजदूरों को बोनस मिली। इसकी लड़ाई बीएमएस द्वारा वर्षों से लड़ी जा रही थी। उन्होंने कहा कि ठेका मजदूरों को बोनस की सहमति बनने पर भी बीएमएस चुप बैठने वाली नहीं है, जब तक सभी ठेका कामगारों को उचित हक नहीं मिलेगा। बीएमएस वर्ष 2020 से लगातार ठेका कामगारों की लड़ाई लड़ती आ रही है। 2024 में 11 जनवरी और 26 सितंबर 2024 को पूरे कोल इंडिया के जीएम कार्यालयों एवं 30 सितंबर को रांची मुख्यालय दरभंगा हाउस सहित पूरे कोल इंडिया के मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कोल इंडिया प्रबंधन के माध्यम से भारत सरकार को ठेका कामगारों के जायज मांगों को पहुंचाने का काम बी एम एस ने किया था। जिससे कोल इंडिया में कार्यरत ठेका कामगारों में बीएमएस पर आस्था बढ़ी है। इस मौके पर यूनियन के ढोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## यंग इंडियन सेवा पुरस्कार से नवाजे जाएंगे बोकारो के ब्लडमैन सलूजा

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो, चास सहित पूरे झारखंड में रक्तदान के प्रति क्रांति लाने वाले बोकारो के वरिष्ठ समाजसेवी और ब्लडमैन के उपनाम से प्रसिद्ध हरबंश सिंह सलूजा 28 अक्टूबर को हैदराबाद में नवाजे जाएंगे। यंग इंडियन ब्लड डोनर्स क्लब, हैदराबाद, तेलंगाना की ओर से एक राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें झारखंड से ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष श्री हरबंश सिंह सलूजा को यंग इंडियन सेवा पुरस्कार - 2024 से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में देश के सभी राज्यों के रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। श्री सलूजा को उनके द्वारा किए जा रहे निस्वार्थ रक्त सेवा हेतु इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए चयनित किया गया है।



विश्व रिकार्ड धारक सलूजा ने कहा कि उनकी संस्था पिछले 16 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में एवं अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सेवा कार्य कर रही है। हमारी निस्वार्थ सेवा कार्यों को देखते हुए हैदराबाद, तेलंगाना में उन्हें राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बोकारो के सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी सहयोगियों की मदद से संस्था पूरे देश एवं दुनिया में बोकारो, झारखंड का परचम लहरा रही है।

## कई दलों के युवा बड़ी संख्या में आजसू पार्टी में शामिल



संवाददाता

**बोकारो।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र के युवा इस बात को भली भांति समझ चुके हैं कि उनका व क्षेत्र का भला एनडीए ही कर सकता है। युवाओं को एनडीए की नीति व कार्यक्रमों पर भरोसा है। उन्होंने यह बातें आज मिलन समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के युवाओं के बड़ी संख्या आजसू पार्टी में शामिल होने के मौके पर कही। उन्होंने मिलन समारोह में गोमिया प्रखंड के टीकाहारा पंचायत से आए इन युवाओं को आजसू पार्टी का पट्टा पहनाया। उन्होंने कहा कि हम युवाओं की सोच व भावना के अनुरूप काम करेंगे। हम चाहते हैं की गोमिया उन्नति व प्रगति करे, यहां के लोगों की कार्य क्षमता की प्रशंसा हो। डॉ लंबोदर महतो पर आस्था जताते हुए आजसू पार्टी में शामिल होने वालों में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के श्रवण करमाली, धनंजय कुमार, योगेश महतो, सुरेश महतो, योगेंद्र महतो, पवन साव, विवेक कुमार, अभिषेक कुमार, कमलेश महतो, संतोष महतो, सुदन महतो, जीतू महतो, विनोद साव, कुलदीप प्रजापति, शिवकुमार, मुकेश ठाकुर एवं धीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हैं।

## मालखाना के वाहनों को हटाने की मांग



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी कॉलोनी में स्थानीय थाना के जब्त वाहनों को कॉलोनी से हटाकर मालिकाना में शिफ्ट करने की मांग गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने डीवीसी प्रबंधन एवं स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर से की है। सांसद प्रतिनिधि का कहना था कि पूर्व में डीवीसी के डीजीएम नीरज सिन्हा एवं पुलिस निरीक्षक उमेश ठाकुर के कार्यकाल में डीवीसी की आवासीय कॉलोनी सहित थाना के आसपास के क्षेत्र में थाना के जब्त वाहनों कोयला लदे ट्रकों, ट्रैक्टरों को खड़ा कर दिया गया था, जिससे डीवीसी कर्मियों सहित छोटे-बड़े वाहनों को आवाजाही में काफी परेशानी एवं दिक्कतें होती थी। बाद में डीवीसी प्रबंधन द्वारा सीएसआर कार्यालय के बगल की जमीन पर जब्त वाहनों को रखने के लिए मालखाना बनाकर वाहनों को रखा गया था, परंतु आधा दर्जन से ज्यादा वाहनों को कॉलोनी के आवासों के सामने ही छोड़ दिया गया था। वाहनों को स्टीफन राजन, बबन राम, अनिल कुमार के आवास के सामने छोड़ दिया गया है। स्टीफन राजन के घर के सामने के मैदान में वाहनों को खड़ा करने से बच्चों को खेलने एवं विभिन्न प्रकार के आयोजनों को करने में कठिनाई होती है। सांसद प्रतिनिधि ने सभी वाहनों को हटाकर मालखाना में शिफ्ट करने की मांग की है।

# समारोही मिस्सा पूजा के साथ ढोरी माता तीर्थालय वार्षिक समारोह संपन्न

### सभी मानव एक हीं ईश्वर के संतान : विसेंट आइंद

संवाददाता

**कथारा/ बोकारो।** ईसाई धर्मावलंबियों द्वारा बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड अंतर्गत जारंगडीह स्थित ढोरी माता तीर्थालय में आयोजित वार्षिक समारोह रविवार को समारोही मिस्सा पूजा के साथ संपन्न हो गया। यहां हजारों ईसाई समुदाय के लोगों ने समारोही मिस्सा पूजा में भाग लेकर कोयलांचल की संरक्षिका ढोरी माता के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य याजक के रूप में उपस्थित रांची महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विसेंट आइंद ने उपदेश देते हुए कहा कि ढोरी माता सबकी माता है। कहा कि ढोरी माता बहुत हीं कृपालु हैं। इनकी



असीम कृपा बेरमो कोयलांचल पर है। माता अपने सभी बच्चों की देखभाल एवं मदद करने के लिए यहां और अनेको देशो में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप में दर्शन देने के लिए हर जगह मौजूद रहती हैं। कहा कि ईश्वर प्रेम का संगम है। सभी मानव एक हीं ईश्वर के संतान हैं। सभी की आत्मा ईश्वर के प्रेम से बनी है। परमेश्वर ने सभी लोगों को समान अधिकार दिया है। जो लोग दिल से ढोरी माता के शरण में आकर मन्नत मांगते हैं, वह अवश्य पूरी होती है। कहा कि प्रभु यीशु की पहचान करने के लिए माता मरियम के पास जाना ही होगा। कहा कि जब तक लोग पारिवारिक जीवन में एक दूसरे के प्रति आदर नहीं रखेंगे तब तक ढोरी माता का आशीष नहीं मिलेगा। कहा कि एक ऐसी यात्रा जो हृदय मानसिकता और विश्वास से सम्बंधित है, उस यात्रा में मां मरियम हम लोगों के लिए बहुत बड़ी आदर्श है। ईश्वर ने सभी जीवों में मानव जीवन को सर्वश्रेष्ठ बनाया है। हजारीबाग के धर्माध्यक्ष विशप आनंद जोजो डीडी ने कहा कि ईश्वर के समक्ष एक दिन सभी को उपस्थित होना होगा और अपने पुण्य-पाप का हिसाब देना होगा।

### आशीर्वाद के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता

मिस्सा पूजा की शुरूआत रविवार को प्रातः 5 बजे से हुई। सुबह 6.30 बजे हिंदी में और 7 बजे संताली भाषा में सामूहिक प्रार्थना की गई। सार्वजनिक समारोह सुबह 10 बजे आरंभ हुआ। विशप व अन्य फादरों के विराजमान होते हीं आशीर्वाद लेने को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। समारोही मिस्सा पूजा की शुरूआत अतिथि धर्माध्यक्ष के पादुका छाजन व भक्ति गीतों के साथ आरंम्भ हुई।

### विभिन्न स्कूलों की बच्चियों ने गीत नृत्य प्रस्तुत की

यहां संत अंथोनी स्कूल जारंगडीह, संत अन्ना स्कूल कुरपनिया, कार्मेल स्कूल व संत पॉल स्कूल बोकारो थर्मल की छात्राओं ने स्वागत गान व कई गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं गायक एवं इंस्ट्रूमेंट दल में फादर प्रदीप टोप्पो, नोरबेट लकड़ा, पोलुस के, निखिल रेमंड मिंज, राकेश विलियम, सिस्टर अंजलि, अजय कुजूर, रेणू विल्सन, रीना विल्सन, आर इंद्रानी, ललित एक्का, आर रीना, अदिति लकड़ा, सुशीला खलखो, पोलिना कुजूर, उसुर्ला एक्का, रोज मैरी, माधुरी तिर्की, नेहा लंग आदि ने सामूहिक रूप से ढोरी माता की वंदना की।

### सुरक्षा में तैनात थी पुलिस बल

ढोरी माता तीर्थालय, कार्यक्रम स्थल व मेला परिसर में सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर बडी संख्या में बोकारो थर्मल पुलिस जवान के साथ जिला पुलिस बल के दर्जनों महिला पुलिस की तैनाती की गई थी। वहीं स्कार्ट एंड गाईड के लगभग दर्जनों सदस्य भी अपने कर्तव्य के प्रति काफी सचेत दिखे।

### मेला का हुआ आयोजन

ढोरी माता वार्षिक समारोह के दौरान लगी मेले में भीड उमड़ पड़ी। लोगों ने मेला का भरपुर आनंद उठाया। ढोरी माता के दर्शन करने को लेकर ईसाई समाज के अलावा अन्य धर्म के लोग दो तीन लम्बी कतार में लगकर ढोरी माता के दर्शन किए। दो-तीन दिनों से हो रही बारिश होने के बावजूद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नही आई।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 28 अक्टूबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने लोगों से कहा निर्भीक होकर करें मतदान



**डुमरी/गिरिडीह।** एसडीपीओ सुमित प्रसाद एवं इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद महतो ने बूथ संख्या 110 एवं 111 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मणटूंडा में कंफिडेंस बिल्डिंग मिजर्स (सीबीएम) का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीपीओ सुमित प्रसाद द्वारा उपस्थित सभी लोगों से निर्भीक होकर अपने बुद्धिमता का प्रयोग करते हुए बिना किसी भय,दबाव और बिना किसी प्रलोभन के अपना मतदान करने का आग्रह किया। जिस पर सभी लोगो ने निर्भीक होकर मतदान करने का वादा किया। सभी लोगों ने एक नारा भी लगाया 'चुनाव का पर्व देश का गर्व'। इस दौरान निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार सदल बल उपस्थित थे।

### एसएसकेबी हाई स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली आयोजित



**डुमरी/गिरिडीह।** एसएसकेबी हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली और मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया। जागरूकता रैली विद्यालय से निकल कर अनुमंडल कार्यालय परिसर तक गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज प्रसाद सिंह ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मतदाताओं से मतदान के दिन 20 नवंबर को अपना बहुमूल्य मतदान अवश्य करने की अपील की।साथ हीं शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक हैं। लोकतंत्र में अपने पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी प्रलोभन में नहीं आएंगे।

### पिछरी निवासी श्याम पाल का निधन



**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पिछरी निवासी 63 वर्षीय व्यवसायी झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के ढोरी एरिया अध्यक्ष मनीलाल पाल के भाई श्याम पाल का निधन रविवार की सुबह बीजीएच में हो गया। उनके निधन की खबर मिलने पर एटक से संबद्ध झाकोमयू एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो, कृष्णा थापा, पूर्व मुखिया छात्रधारी मिश्रा, रामप्रवेश मिश्रा, बेरमो विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी तीर्थनाथ आकाश, आशीष पाल, मधु पासवान, सरजू महतो, गिरधारी महतो, भाई मनीलाल पाल, पुत्र राजेश पाल सहित अनेकों ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। दिवंगत श्याम पाल के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार हिंदुस्तान पुल के निकट दामोदर नहीं तट पर कर दिया गया। बता दें कि लगभग दो माह पूर्व श्याम पाल की दुर्घटना हुई थी। इसके बाद उन्हें रिम्स सहित अन्य अस्पतालों में इलाज किया गया। लेकिन रविवार को श्याम पाल का निधन बोकारो जेनरल अस्पताल में हो गया।

### साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**चतरा।** इटखोरी प्रखंड के सुविख्यात साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी मान्यता प्राप्त स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रचार्य एच जी तिवारी के द्वारा किया गया। सभी बच्चों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री तिवारी ने कहा कि पेंटिंग बच्चों के जीवन का मूल आधार है। पेंटिंग के माध्यम से जीवन और प्रकृति के अंतसंबंधों का ज्ञान बच्चों को होता है। इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम चतरा डीएभी स्कूल के अनुज राज, द्वितीय नैतिक कुमार व तृतीय चतरा नाथरेज विद्यालय की छात्रा प्रतीक्षा टोपो नें बाजी मारी। जूनियर में प्रथम साई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की प्रियांशी कुमारी, द्वितीय चतरा डीएभी की अभ्यांजली कुमारी एवं तृतीय चतरा नाथरेज विद्यालय की सृष्टि कुमारी ने किया। सभी प्रतिभागियों के बीच विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पेंटिंग प्रतियोगिता में उपस्थित शिक्षकों में प्रदीप गुप्ता, शिवानी राजहंस, जितेंद्र पांडेय, पवन कुमार, नवीन गोस्वामी, संजीव कुमार, महादेव कुमार, डीपीएस राजीव कुमार एवं शिक्षक समेत छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

स्वीप एक्टिविटी को लेकर डिस्ट्रिक्ट आइकॉन व सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के साथ बैठक आयोजित

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मतदाता जागरूकता कैंपेन चलाने पर हुई चर्चा

मेरा गांव मेरी जिम्मेवारी, मतदान से होगी सक्रिय भागीदारी



संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्नेह कश्यप ने स्वीप एक्टिविटी को लेकर डिस्ट्रिक्ट आइकॉन व सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के साथ अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की। इस दौरान चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गिरिडीह जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर विशेष बल दिया गया। इसमें मुख्य रूप से स्वीप के तहत संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने बताया कि जिला अंतर्गत विभिन्न प्रभावशाली माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। वर्तमान समय में सोशल मीडिया आमजनों तक पहुंचने का एक प्रभावशाली माध्यम है, ऐसे में जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की भूमिका अहम है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म यथा फेसबुक, , यूट्यूब एवं इंस्टाग्राम माध्यमों से मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें अपने मताधिकार के पूर्ण प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाएगा। ताकि हर एक मतदाता जागरूक दृष्टिकोण अपनाकर अपने मत का दान करें। इसके साथ हीं उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शिक्षित करने के प्रयास किये जाएंगे, इससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी और एक सशक्त लोकतंत्र की ओर हमारा सक्रिय प्रयास सफल होगा। साथ हीं लक्षित मतदाताओं तक पहुंच बनाने हेतु आवश्यक एवं प्रभावशाली प्रयास किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान सोशल मीडिया कैंपेन, वोट फॉर गिरिडीह जैसे हैशटैग के संबंध में चर्चा की गई और कहा गया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। गिरिडीह में मतदान तिथि 20 नवंबर को होगा। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती, सहायक नगर आयुक्त अशोक हांसदा, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर डॉ० सुमन कुमार, सोशल मीडिया साइट्स से जुड़े अन्य प्रतिनिधि, स्वीप कोषांग की टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## फॉरवर्ड ब्लॉक गिरिडीह और गांडेय से लड़ेगी विधानसभा चुनाव

पार्टी ने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर आवंटित किए चुनाव चिन्ह



संवाददाता

**गिरिडीह।** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने गिरिडीह जिले के 2 विधानसभा क्षेत्रों से अपना प्रत्याशी उतारने का ऐलान किया है। गिरिडीह से अजीत राय तथा गांडेय से राजेश यादव को पार्टी ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किया है। इसकी घोषणा विधिवत रूप से पार्टी के जिला महासचिव सोमनाथ मुखर्जी ने राजेंद्र नगर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में करते हुए कहा कि दोनों हीं जगह हमारे मजबूत प्रत्याशी हैं और लगातार जन संघर्षों से जुड़े रहे हैं। कहा कि झारखंड में आज फॉरवर्ड ब्लॉक जैसी बदलावकारी ताकतों के साथ खड़ा होने की जरूरत है। भाजपा ने झारखंड को सर्वाधिक समय शासन के नाम पर लूटने का काम किया। वहीं मौजूदा सरकार उसी जनाक्रोश के सहारे सत्ता में आने के बावजूद जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकी। मौके पर मौजूद पार्टी के प्रत्याशियों अजीत राय तथा राजेश यादव ने उन्हें उम्मीदवार बनाए जाने के लिए नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनता तथा पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरने का काम करेंगे। मौके पर उक्त के अलावा मुख्य रूप से कन्हाई पाण्डेय, द्वारिका राय, मंसू हांसदा, नीरू गुप्ता, किशोर राय आदि मौजूद थे।

## हजारीबाग विस क्षेत्र में इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने चलाया व्यापक जनसंपर्क अभियान



संवाददाता

**हजारीबाग।** नामांकन के पश्चात हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान को तेज कर दिया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी जनता के बीच जाकर अपने लिए वोटो की मांग कर रहे हैं तथा जनता से अपील कर रहे हैं कि अपना कीमती वोट उन्हें देकर विजयी बनाएं। इसी क्रम में हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने हत्यारी मोड़, मोरांगी, डेमोटांड, हुपाद, कल्लू चौक (हरहद), बकसपुरा, बभनबै, सलईया, भेलवारा, चपवा, सिंदूर चौक, करकरी, प्रेम नगर, सियारी रोड, ढोठवा मोहल्ला, बजरंग बली मंदिर, दुर्गा मंडप, बेलघाट शिव मंदिर, अम्बेडकर चौक और नगवा गांव सहित कई अन्य स्थानों का दौरा किया और जनता से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। अपने इस जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने स्थानीय निवासियों से जनसंवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं और जरूरतों को नजदीक से समझा।

इस जनसंपर्क अभियान में हर आयु वर्ग के लोग, विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं, बड़ी संख्या में जुड़ते गए। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ पार्टी के लिए नहीं, बल्कि हजारीबाग की जनता के विकास और बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देकर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें।

इस जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा की प्रदेश महासचिव रेणु देवी, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कमल राज, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह, पौंता पंचायत के मुखिया लाल धारी राम, बैहरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, हरहद मंजू देवी और मोहम्मद बदरुद्दीन सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाची पदाधिकारी ने प्रिंटिंग प्रेस, मुद्रक, सिनेमा हॉल संचालकों को दिया निर्देश

आदर्श आचार संहिता के अनुपालन सुनिश्चित करने तथा चुनावी प्रचार-प्रसार सामग्री के प्रकाशन के संदर्भ में दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में विधानसभा निर्वाचन 2024 की तारीख के एलान के साथ हीं आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आम चुनाव के दौरान टीवी, रेडियो चैनल, ऑडियो - वीडियो डिस्प्ले, सिनेमा हॉल, इंटरनेट आधारित मीडिया, सोशल मीडिया, ई-पेपर,सेलुलर प्रोवाइडर और केबल ऑपरेटर सहित वेबसाइटों पर प्रसारित होने वाले राजनीतिक उम्मीदवारों के विज्ञापनों के लिए मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति द्वारा प्रमाणन कराना आवश्यक होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने प्रिटिंग प्रेस के संचालकों एवं मुद्रकों को निर्देश देते हुए प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को प्रचार सामग्री छापने से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा गाइडलाइन जारी किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन हेतु प्रचार सामग्री छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों एवं मुद्रकों को निर्देश देते हुए कहा है कि विधानसभा निर्वाचन-2024 के प्रचार प्रसार में प्रयोग की जाने वाली राजनीतिक प्रचार सामग्री की सम्पूर्ण जानकारी प्रिंटिंग प्रेस व पब्लिशर को होनी जरूरी है। उन्होंने प्रिंटर्स से कहा है कि पोस्टर, पॉम्पलेट या अन्य प्रचार सामग्री में मुद्रक का नाम, प्रकाशक का नाम, मात्रा की संख्या प्रचार सामग्री में उल्लेख करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक चुनाव आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करें, निर्धारित प्रावधानों तथा आयोग के आदेश के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उन्होंने केबल ऑपरेटर, वाइस एसएमएस, ई पेपर, ऑडियो विजुअल डिसप्ले ऑफ पॉलिटिकल एडवरटाइजमेंट व कैंपेन इन पब्लिक प्लेसेस, राजनीतिक उम्मीदवारों के प्रचार प्रसार को भी प्री सटीफाई कराना आवश्यक होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार प्रकाशित सामग्री की प्रतियां निर्वाचन कार्यालय के आदर्श आचार संहिता कोषांग,व्यय कोषांग एवं एमसीएमसी कोषांग में भी जमा की जानी होगी। प्रिंट सामग्री में संख्या भी अंकित करना होगा। इस बैठक में निर्देश दिये गये कि शुचितापूर्ण निर्वाचन के लिए यह अनिवार्य है कि सभी प्रकाशक मुद्रित एवं प्रकाशित सामग्री के आधार पर खर्चा प्रत्याशी के व्यय लेखा में जोड़ा जायेगा। बैठक में प्रिंटिंग प्रेसों से धारा 127 क (2) के तहत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अंदर मुद्रित प्रतियां प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रतियों सहित भेजने एवं प्रकाशक से प्राप्त घोषणा पत्र की प्रति भी उपलब्ध कराने को कहा गया।

## अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध चतरा उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई



संवाददाता

**चतरा।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर रविवार को चतरा उत्पाद विभाग, हंटरगंज थाना एवं गया बिहार जिला उत्पाद की संयुक्त टीम के द्वारा हंटरगंज थाना अंतर्गत जबड़ा गांव में बिहार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान 20 से ज्यादा अवैध महुआ चुलाई शराब की भट्ठियों को नष्ट किया गया। छापामारी के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध महुआ चुलाई शराब एवं जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया। बता दें कि छापामारी दल के गांव में घुसते हीं अवैध शराब कारोबारी भाग खड़े हुए। गया जिला उत्पाद बल के साथ आए ड्रोन टीम ने सुदूर एवं दुर्गम इलाकों में संचालित शराब भट्ठियों को खोजकर छापामारी टीम को वहां तक पहुंचने में गाइड किया। आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। अधीक्षक उत्पाद चतरा के द्वारा जानकारी दी गई कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार आदर्श आचार संहिता लागू होने के पूर्व से हीं जिले में अभियान चलाकर लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध इसी प्रकार सघन छापामारी अभियान जारी रहेगा।

### यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया

**कथारा/जारंगडीह।** केबी कॉलेज बेरमो में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने स्वयं सेवकों की मदद से यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में चलाया। स्वयं सेवकों ने ट्रैफिक पुलिस की मदद की और निजी कारों, वाहनों व दोपहिया वाहनों को रोककर उन्हें अपनी सुरक्षा के साथ पैदल यात्रियों व अन्य यात्रियों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने के लिए समझाया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना के निदेर्शानुसार, दीवाली विथ माय भारत फर्स्ट एनिवर्सरी सेलिब्रेशन मनाया जा रहा है। जिसके अनुसार 27 से 30 अक्टूबर तक विभिन्न थीमों पर कार्यक्रम किया जाना है। कॉलेज खदान चौक, असनापानी चौक, ढोरी माता चौक प्वाइंट जरीडीह बस्ती पर ट्रैफिक नियमों की जानकारी स्वयं सेवकों ने दी।

## भद्रकाली महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



संवाददाता

**चतरा।** इटखोरी प्रखंड के एकमात्र ख्याति प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय में शनिवार को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के कर्मियों और छात्र-छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० दुलार ठाकुर के द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जागरूक मतदाताओं से हीं लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए सभी मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प लेना चाहिए। हमारा मतदान हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। इसलिए मतदान अवश्य करें और अपना बहुमूल्य मतदान कर राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करें। मौके पर बोलते हुए अर्थशास्त्र विभाग के प्रो० ललित मोहन सिंह ने कहा कि एक-एक मत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए हम अपने मतदान का प्रयोग जाति धर्म से ऊपर उठकर योग्य और ईमानदार उम्मीदवार को देखकर एक मजबूत लोकतंत्रात्मक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करें। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्मित मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रो० श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो० जानकी प्रसाद दांगी, प्रो० ललित मोहन सिंहा, प्रो० सकेंद्र मिस्त्री, प्रो० अखिलेश पांडेय, प्रो० संदीप कुमार, प्रो० मधुबाला कुमारी, प्रो० राकेश सिन्हा सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी उपस्थित महाविद्यालय कर्मियों और छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पणशिलता को दुहराते हुए यह संकल्प लिया कि हम सभी अपने आसपास के सभी मतदाताओं को जागरूक करेंगे कि वे लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपना मतदान अवश्य करें।

बगोदर के 17 वर्षीय मुकेश बिरहोर ने राज्य स्तरीय सेमिनार में दिया व्याख्यान

# विलुप्तप्राय आदिम जनजाति बिरहोर समाज के सामाजिक पहलुओं पर डाला प्रकाश

देश के विभिन्न राज्यों से आये प्रतिनिधियों ने जाना आदिम जनजाति के संघर्षों की कहानी



संवाददाता

**गिरिडीह।** बालिका नहीं दुल्हन गर्ल्स नॉट ब्राइड्स नेटवर्क से जुड़े ग्लोबल एवं राज्य स्तरीय सदस्यों का एक दिवसीय सेमिनार रांची के होटल चाणक्य में सम्पन्न हुआ। इस सेमिनार में सरिया प्रखंड के पिपराडीह बिरहोर टांडा के वालंटियर 17 वर्षीय मुकेश विरहोर ने विलुप्तप्राय आदिम जनजाति की वर्तमान स्थिति, संस्कृति तथा परम्परा का व्यख्यान देकर उपस्थित सभी प्रतिभागियों के मन को मोह लिया। सबों ने तालिया बजाकर इनके आत्मबल को बढ़ाया। मुकेश बिरहोर पिपराडीह बिरहोर टांड का पहला बच्चा है जो मैट्रिक की परीक्षा देगा। न केवल परीक्षा देने वाला है बल्कि इसने अपने होने वाले विवाह को ना कहा। मुकेश अपने समुदाय के रूढ़िवादी विचारों को बदलने का संकल्प लिया है। बिरहोर समुदाय में आम तौर पर लड़के एवं लड़कियों का बाल विवाह हो जाता है। मुकेश बिरहोर ने पैनल चर्चा में एक पैनलिस्ट की भूमिका निभाई। पैनल डिसकशन के दौरान मुकेश बिरहोर ने कहा कि हमारे गांव में विलुप्त जनजाति से हमलोग आते हैं। हमारे समाज में हर महिला पुरुष दारू शराब का नशा करते हैं। हम बाल विवाह न करें इसके लिए लोगों को समझाते हैं। हमें बाल विवाह रोकने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है। हमारा जुड़ाव जंगल से है। मुझे यहां तक पहुंचाने में बनवासी विकास आश्रम के सचिव सुरेश शक्ति सर का बहुत सहयोग है। हमें हॉस्टल में रहकर पढ़ने का अवसर मिला। मेरा समाज बहुत हीं पिछड़ा है। समाज को बदलने में बहुत समय लगेगा।

विदित हो कि बनवासी विकास आश्रम द्वारा लम्बे समय से बिरहोर समाज के सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति में बदलाव लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत कुछ बिरहोर समुदाय के बच्चों को बिरहोर विकास समिति गिरिडीह द्वारा संचालित बिरहोर हॉस्टल में दाखिला दिलवाकर पढ़ने में मदद किया गया है। मुकेश बिरहोर अब मैट्रिक की परीक्षा देने वाला है। जब बनवासी विकास आश्रम का बिरहोर समुदाय के बीच हस्तक्षेप शुरू हुआ था तब बिरहोर टाण्डा में आंगनबाड़ी नहीं था। स्कूल भवन का आभाव था। पेयजल, बिजली और आवास की सुविधा नहीं थी। सरकारी विभागों से कन्वर्जेन्स कर ये सुविधाएं दिलाई गई है। स्कूलों में पठन - पाठन की विधियों में सुधार लाया गया। स्कूलों में बिरहोर बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है। आँगनबाड़ी केंद्र को आकर्षक बनाया गया है। कुपोषण को दूर करने के लिए पूरक आहार दूध बिस्किट दिया जा रहा है। वन अधिकार कानून के तहत परिवारों को जमीन का पट्टा मिले इसका प्रयास जारी है। राजधानी में आयोजित इस सेमिनार का मुख्य विषय जबरन बाल विवाह की समस्या एवं समाधान था। इस सेमिनार में सिविल जज, डालसा रांची के निर्मल खलको, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट अनंत कुमार अस्थाना, सी डब्लू सी रांची चेयर पर्सन डॉ० रूपा, बाल सरंक्षण पदाधिकारी प्रकाश तिवारी, आशा के अजय कुमार, बनवासी विकास आश्रम के सुरेश शक्ति, दिल्ली टीम की श्रेया, रजनी, मेनन सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## पुलिस ने शराब से भरी कार को किया बरामद, एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



संवाददाता

**चतरा।** चतरा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की तस्करी करते हुए एक व्यक्ति को इटखोरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति मंगेश कुमार पिता नरेश पासवान ग्राम घिरसिंघी कला थाना बाराचट्टी जिला गया बिहार का रहने वाला है। उक्त व्यक्ति एक सेंट्रो कार संख्या जे एच ओ1एम3286 से अवैध शराब की बड़ी खेप लेकर चतरा से चौपारण मार्ग होते हुए बिहार की ओर जा रहा था। बता दें कि इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह थाना क्षेत्र के परसौनी चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चल रहे थे। इसी क्रम में सेंट्रो कार की जब तलाशी ली गई तो उसमें 15 पेटी शराब बरामद हुई, जिसे अवैध तरीके से तस्करी करके बिहार ले जाया जा रहा था। कार पर सवार व्यक्ति से पुलिसिया पूछताछ में पता चला कि वह व्यक्ति गया जिला का रहने वाला है। थाना प्रभारी द्वारा कार चालक को हिरासत में लेकर कांड संख्या 121/24 दर्ज कर मद्य प्रतिषेध अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया। बरामद शराब की कीमत लाखों में बताई जा रही है।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, सोमवार 28 अक्टूबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### नगर आयुक्त ने की रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने रविवार को न्यू टाउन हॉल में रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की। नगर आयुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत कम दर्ज होता है। उन्होंने एसोसिएशन से सोसाइटी के हर मतदाता को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने, उनके एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं के बारे में बताने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के समापन पर सभी को विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

### मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, चुनाव पर की चर्चा

**धनबाद।** धनबाद विधानसभा अंतर्गत धनबाद प्रखंड में आने वाले विभिन्न मंडलों में धनबाद के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने बूथ के अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकताओं के साथ बैठक की। वहीं कार्यकताओं ने राज सिन्हा को टिकट मिलने पर बधाई दी तथा माला पहनाकर स्वागत किया।मनईटांड़ मंडल, भूली मंडल, सदर मंडल के बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति सदस्य, सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख सदस्यों और सम्मानित कार्यकताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार करने को कहा। उसके बाद दुर्गा मंडप भूदा में मन की बात कार्यक्रम तथा भूली के द्वारा भूली के सभी दुर्गा पूजा कमिटियों को सम्मानित कार्यक्रम में शामिल हुए।

### अवैध महुआ चुलाई शराब भट्टियों को छापामारी कर ध्वस्त किया गया

**धनबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के उत्पादन एवं बिक्री के रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त उत्पाद धनबाद के निदेर्शानुसार तेतुलमारी थाना के सहयोग से तेतुलमारी थाना अंतर्गत तिलटांड़ गांव में चल रहे अवैध महुआ चुलाई शराब भट्टियों को छापामारी कर ध्वस्त किया गया। मौके पर घटनास्थल के आसपास रखे गए शराब चुलाई योग्य जावा महुआ को विनष्ट किया गया एवं सप्लाई हेतु तैयार शराब बरामद कर जब्त किया गया। बता दें कि कुल 6 अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। जबकि इसके पश्चात वेस्ट मोदीडीह में दीपक निषाद के घर में छापेमारी कर 17.57 लीटर नकली विदेशी शराब जप्त किया गया तथा अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में कुमार सत्येंद्र निरीक्षक उत्पाद, अमित कुमार गुप्ता अवर निरीक्षक उत्पाद ,जितेंद्र कुमार अवर निरीक्षक उत्पाद ,जाय हेंब्रम अवर निरीक्षक उत्पाद, कुलदीप कुमार अवर निरीक्षक उत्पाद तथा तेतुलमांरी थाना के दुर्गेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक तथा सशस्त्र बल शामिल थे।

### हेमन्त सोरेन फिर एक बार बनेंगे मुख्यमंत्री : रतिलाल टुड्डू



**धनबाद।** इंडिया महागठबंधन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को दुबारा मुख्यमंत्री पद पर आसीन करने हेतु बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो से झामुमो के वरीय नेता रतिलाल टुड्डू ने मुलाकात कर चुनावी रणनीति पर अहम चर्चा करते हुए कहा कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा गठबंधन धर्म का पालन करते हुए पूरे दम खम के साथ चुनावी मैदान में मौजूद है। धर्म, जाति, झूठ व प्रपंच के सहारे राजनीति करने वालों को इस बार जोरदार पटकनी दिया जायेगा। इस मौके पर जमुआ पंचायत के मुखिया अर्जुन भुइयां, मुन्ना सिद्दीकी, रंजीत पाठक, रितिक सिंह,अनिल ओरांव, अजित चौहान, पारस ठाकुर, राजकिशोर महतो आदि कई गणमान्य जन मौजूद रहे।

### भाकपा-माले ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**कुमारधुबी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सभी प्रत्याशी मैदान में पूरे दम खम के साथ उतर चुके हैं और जोर- शोर से सभी पार्टियों के लोग अपने अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में माले के जुझारू प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने अपने कार्यकताओं के साथ चिरकुंडा क्षेत्र व कई ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं चार नं बालू बैंकर, नदीधौंडा, चिरकुंडा बाजार, डूमरकुंडा, न्यू लायकडीह ,राखापारा, बीरसिंगपुर डागापाड़ा,कालीमाटी, गोगना, तिलतोडिया आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जहां ग्रामीणों ने माले के कर्मठ एवं जुझारू नेता अरूप चटर्जी का जोरदार स्वागत किया। मौके पर संतु चटर्जी, कल्याण राय, संतोष मिश्रा, सोनू मिश्रा, राम जी राम, रामजी यादव, रौशन मिश्रा, वरुण गोस्वामी, राजू घोष, संजय गोस्वामी, कोशिक आश, नंटु गोस्वामी, शुभम विश्वकर्मा, मोहम्मद नौशाद ,अब्दुल खटीक, शांतनु प्रकाश, वेद प्रकाश, अजीत ओझा, प्रदीप टूरी, शमशाद खान, सेमल बाउरी, शयामापोदो बाउरी, संजय रविदास, दीपक मजूमदार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मोबाइल फोन चोरी करते हुए दो किशोर धराए

संवाददाता



**धनबाद।** मोबाइल फोन चोरी करते हुए दो किशोर को पकड़े जाने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक रेसुब पोस्ट धनबाद के नेतृत्व में रेसुब पोस्ट धनबाद के अधिकारी व जवान प्लेटफार्म पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गाड़ी संख्या 03542 गोमो-आसनसोल लोकल ट्रेन के यात्रियों के द्वारा प्रभारी निरीक्षक को सूचना दी गई कि उक्त ट्रेन में तेतुलमारी स्टेशन के आसपास एक महिला यात्री का मोबाईल चोरी करते हुए रंगे हाथ दो किशोरों को पकड़ा गया है। ट्रेन धनबाद रेलवे स्टेशन पहुंचनेवाली वाली है। उक्त सूचना के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक अधिकारी व जवान के साथ प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर पहुंचे, जहां पर समय करीब 07:55 बजे उक्त ट्रेन आई। तत्पश्चात यात्री के द्वारा बताए गए कोच में पहुंचे तो कुछ यात्री एक बच्चा और एक बच्ची को पकड़े हुए थे तथा चोर-चोर चिल्ला रहे थे तथा मारपीट कर रहे थे। पूछने पर किशोर ने अपना नाम आदित्य गोस्वामी उर्फ बुच्ची, उम्र-13 वर्ष, पिता-अजय गोस्वामी, तथा किशोरी ने अपना नाम नताशा कुमारी उर्फ दशमी, उम्र-15 वर्ष, पिता-सूर्या पासी, दोनों का पता-छोटकी लारी, दिवाकर मुखिया के घर के पास, थाना-रजरप्पा प्रोजेक्ट, जिला-रामगढ़, झारखंड बताया गया। किशोरी नताशा कुमारी के पास एक गुलाबी रंग के कपड़े का लेडिज पर्स बरामद हुआ, जिसको चेक करने पर एक अदद आसमानी रंग का फ्एउद्धक133 5ऋ स्मार्टफोन बरामद हुआ। जिसके बारे में उसके द्वारा बताया गया कि उक्त मोबाईल थोड़े देर पहले तेतुलमारी स्टेशन के पास मेरे ममेरे भाई आदित्य गोस्वामी के द्वारा एक वृद्ध महिला यात्री की चोरी की गई है। पकड़ाए किशोर आदित्य गोस्वामी उर्फ बुच्ची के द्वारा भी मोबाईल चोरी करने की बात स्वीकार की गई। उसी समय उक्त ट्रेन की एक महिला के द्वारा बताया गया कि अभी थोड़ी देर पहले हीं मेरे मोबाईल की चोरी हुई है तथा यही मेरा मोबाईल है। इतने में ट्रेन खुलने लगी एवं अन्य यात्री उसी ट्रेन में अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए तथा तथा उक्त दोनों किशोरों को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्लेटफॉर्म पर उतारा गया। रेलयात्री का चोरित सामान साबित होने के उपरांत बरमाद एक अदद आसमानी रंग का स्मार्टफोन उपस्थित गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। कार्रवाई के पश्चात अग्रिम जांच व पूछताछ हेतु उक्त पीड़ित महिला यात्री तथा पकड़ाए दोनों किशोरों को रेसुब पोस्ट धनबाद लाया गया। पूछने पर उक्त महिला यात्री ने अपना नाम उषा सिन्हा, उम्र-60 वर्ष, पति-कामता प्रसाद सिन्हा, पता-फूसरो पटेल चौक, थाना-बेरमो, जिला-बोकारो बताया। आगे पूछने पर बताया कि मेरे रिश्तेदार रानीगंज में रहते हैं तथा एक बहुत जरूरी काम हेतु उनके पास जाने के लिए मैं मतारी स्टेशन पर यह पैसेंजर ट्रेन पकड़ी तथा तेतुलमारी स्टेशन के आसपास मोबाईल की चोरी की गई। तत्पश्चात अत्यधिक जरूरी कार्य हेतु उक्त पीड़ित महिला रेलगाड़ी के माध्यम से रानीगंज रवाना हो गई। दोनों किशोरों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि हम दोनों ममेरे-फुफेरे भाई-बहन हैं तथा दोनों भीख मांगने का काम करते हैं। इसी क्रम में मौका पाकर रेलयात्रियों का सामान चोरी कर लेते हैं। आसनसोल पैसेंजर ट्रेन में चढ़े तथा मतारी में एक महिला यात्री चढ़ी जिसके पर्स पर अपना स्टाल रखकर धोखे से उसके पर्स से यह मोबाईल चोरी कर ली थी। अपराध साबित होने के उपरांत उपरोक्त किशोर-किशोरी को डिटेन किया गया। उक्त के संबंध में उनि शाहिना इस्लाम के द्वारा एक लिखित शिकायत-पत्र के साथ उपरोक्त किशोर-किशोरी तथा बरामद मोबाईल को राजकीय रेल थाना, धनबाद अग्रसारित किया गया।

## झारखंड सरकार हर घर नल जल योजना धरातल पर नहीं ला पाई : रागिनी सिंह



संवाददाता

**झरिया।** भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह झरिया के पुराना बालिका विद्या मंदिर, चार नंबर सब्जी बगान, लिलोरी पथरा, भौरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की ग्रामीणों से अपील की। जनसंपर्क के दौरान सब्जी बगान में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने प्रत्याशी को बिजली पानी जैसी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि सब्जी बगान के रास्ते को पाइप बिछाने के दौरान बर्बाद कर दिया गया। आमजनों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पाईप बिछा कर सिर्फ छोड़ दिया गया है। लोग यहीं आस लगाए हुए हैं कि पाईप से पानी कब गिरेगा। बैठक में रागिनी सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य में अराजकता का माहौल है। विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा की सरकार में सरकार की हर घर नल जल योजना का फंड पास हुआ था। भाजपा की इस योजना को झारखंड सरकार ने धरातल पर नहीं उतारा। पाईप बिछाकर सिर्फ इनलोगों ने जनता का पैसा लूटने का काम किया है। भाजपा की सरकार बनते हीं हर घर नल जल योजना पहली प्राथमिकता होगी। हर घरों में पानी पहुंचे, इस पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड का निर्माण किया है। विकास भी भाजपा हीं कर सकती है। वर्तमान में राज्य के लोग बदलाव के मुड में हैं।भाजपा के पक्ष में वोट देकर इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंके।

## बीसीकेयू व सी एम डबल्यू की संयुक्त बैठक में अरुप चटर्जी को जिताने का लिया गया संकल्प



संवाददाता

**कुमारधुबी।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन और कोल माइनिंग वर्कर की एक संयुक्त बैठक रविवार को निरसा कार्यालय में बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव सह मुगमा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के महासचिव भाकपा माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी सार्वजनिक चीजों का निजीकरण कर रही है तथा श्रम कानून को समाप्त कर मजदूरों के अधिकारों को समाप्त कर रही है। झारखंड में भी भाजपा ने विगत 5 वर्षों में केवल सरकार को अस्थिर करने का काम किया है। स्थानीय विधायक का जनता तथा विकास से कुछ लेना-देना नहीं है। मजदूरों के हक की लड़ाई में हम हमेशा मजदूरों के साथ रहते हैं और आगे भी जब भी मजदूरों के हक की लड़ाई लड़नी होगी तो हम लोग हमेशा आगे रहेंगे। वहीं मंच का संचालन कार्तिक चंद्र दत्ता ने किया। बैठक को संबोधित करने वालों में आगम राम, उपेंद्र सिंह कार्तिक चंद्र दत्ता, लालू ओझा, कृष्ण सिंह, जगदीश शर्मा, हरेंद्र सिंह, रामजी यादव, श्रीकांत सिंह, अमित मुखर्जी, काशी कोईरी, जूठन हरिजन, माधव गोराई, उत्तम कर, हरे राम, काजल चंद्रवंशी सिंह, साधन चटर्जी, रंजीत मोदी, विपिन मंडल, विनय सिंह, शुभम यादव, बबलू दास, सतेंद्र चौहान, लक्ष्मी नारायण दास, तापस चटर्जी, डी मानिकपुरी, मोहम्मद अख्तर, शंकर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने जनसंपर्क के दौरान दर्जनों स्थानीय महिला और पुरुषों से संवाद किया



संवाददाता

**धनबाद।** झरिया विधायक सह झरिया से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह ने झरिया के जीतपुर धौरा, बस्ताकोला पहाड़ी व बस्ताकोला कोलियरी नं. 7 में जनसंपर्क कर दर्जनों स्थानीय महिला और पुरुषों से संवाद किया। माननीय विधायक ने संवाद करते हुए सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी ली। महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के संबंध में माननीय विधायक ने जानकारी दी और मंईयां योजना का लाभ प्राप्त होने पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में माननीय विधायक ने जनता से बच्चों के भविष्य के लिए वोट करने की अपील की और झरिया में हुए विकास कार्यों से अवगत कराया।।माननीय विधायक ने कहा कि झरिया के ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण, स्कूल कॉलेज निर्माण और उसका संचालन के साथ-साथ यहां संरचनात्मक ढांचे का विकास कर विकास के नये कीर्तिमान गढ़े जायेंगे। अगली पीढ़ी अपने झरिया को समस्याओं के लिए नहीं बल्कि सुविधा और व्यवस्थाओं के लिए याद रखेगी। मौके पर अबरार अहमद, सिन्टू, रामकृष्ण पाठक, रामकृष्ण पाठक, कुंदन पासवान, रोहित पंडित, भोला पासवान, रेखा देवी, सबिता देवी, सचिन देवी, इंदर देवी , लालपरी देवी, तेतरी देवी, यशोदा देवी, सोनी देवी, पूजा देवी, मानो देवी, सोनाली देवी, जितेंद्र पासवान, शत्रुघन पासवान, सुरेश भुइया, राधा भुइयां सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का विजया सम्मेलन संपन्न

**धनबाद।** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति द्वारा समारोह पूर्वक विजया सम्मेलन रेलवे इंस्टिट्यूट माझेरपारा दुर्गा मंदिर में मनाया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं संचालन जिला सचिव राणा चट्टराज ने किया। सर्वप्रथम सभी ने एक दूसरे को विजया की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि बंगाली समुदाय का प्रमुख उत्सव दुर्गा पूजा है और दशमी को विजयादशमी मानते हैं। उसी के संदर्भ में आज इस कार्यक्रम को रखा गया। देश हीं नहीं पूरी दुनिया में बांग्ला संस्कृति एवं परंपरा की एक अलग पहचान है। आज की युवा पीढ़ी जो अधिकतर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ते हैं,उन बच्चों के माता-पिता से अपील करते हैं कि अपने बच्चों को बांग्ला शिक्षा एवं संस्कृति को हर हाल में सिखाएं ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं परंपरा को नहीं भूले।

## ब्राह्मण समाज ने दिवगंत शिक्षक राहुल मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

### 24 घंटे के भीतर जांच पूरी कर दोषी को गिरफ्तार करने की मांग सीबीआई से भी जांच कराने की मांग की



संवाददाता

**धनबाद।** कोला कुसमा,उत्सव रिसोर्ट में दिवंगत शिक्षक राहुल कुमार मिश्रा को ब्राह्मण समाज की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बता दें कि पिछले दिनों राहुल कुमार मिश्रा की संदेहास्पद स्थिति में बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कशीयाटांड में शव पाया गया था। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हुए भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने राहुल मिश्रा मौत मामले में हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि हेमंत सरकार में अपराध चरम पर है। अपराध को नियंत्रित करने के लिए इस सरकार का जाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस भी सरकार के इशारे पर हीं काम कर रही है। निश्चित रूप से राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी और राज्य वासियों को एक भयमुक्त माहौल देने का काम हमारी सरकार करेगी। समाजसेवी रमेश पाण्डेय ने सीधे तौर पर राहुल मिश्रा मौत मामले को हत्या करार देते हुए बरवाअड्डा पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि राहुल मिश्रा जिस स्कूल के शिक्षक थे उसी स्कूल के पास उनका शव पाया गया। पुलिस अभी तक स्कूल के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का भी प्रयास नहीं कर रही है और ना तो स्कूल प्रबंधन पुलिस को सीसीटीवी फुटेज हीं उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस अगर 48 घंटे के भीतर जांच पूरी कर दोषी को गिरफ्तार नहीं करती है तो वृहत आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने पुरे मामले की सीबीआई से भी जांच कराने की मांग की है। श्रद्धांजलि सभा में रमेश पांडेय, गणेश पांडेय, विवेक पांडेय, कुम्भनाथ सिंह, विक्रम पांडेय व बॉबी पांडेय समेत ब्राह्मण समाज के अन्य लोग व दिवगंत राहुल मिश्रा के परिजन उपस्थित थे।

**चुनाव** मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा ने भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह का किया समर्थन

# इस बार पूर्ण रूप से भाजपा की सरकार ही बनेगी: चुनाव प्रभारी

### सीता सोरेन का अपमान नहीं, बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया गया : चुनाव प्रभारी

संवाददाता



**झरिया।** भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के सम्मान में मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा द्वारा झरिया अग्रवाल धर्मशाला में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा के सदस्यों ने प्रत्याशी रागिनी सिंह को पट्टा और गुलदस्ता भेंट कर जीत की अग्रिम बधाई दी। मौके पर झरिया चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी भी उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा झरिया समृद्धि शाखा के सदस्यों ने भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देते हुए कहा कि इस बार पूर्ण रूप से भाजपा की सरकार हीं बनेगी। चुनाव प्रभारी नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि जामताड़ा से पार्टी की महिला प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया गया है। आदिवासी महिला सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने रिजेक्टेड माल बोला है, उनको शर्म करनी चाहिए। इरफान अंसारी ने केवल सीता सोरेन का अपमान नहीं किया, बल्कि झारखंड की बहनों और बेटियों का अपमान किया है। हर व्यक्ति हेमंत सरकार से छुटकारा पाना चाहता है। छात्रों व महिलाओं सहित हर व्यक्ति ने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है। प्रत्याशी रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य में पिछले पांच वर्षों से गठबंधन की सरकार है। यह सरकार केवल लूट खसोट की सरकार बनकर रह गई। हमारा झरिया बहुत मायूस दिख रहा है। 5 सालों में क्या खोया है, झरिया की देवतुल्य जनता भली भांति जान रही है। चुनाव आते हीं सड़क और नाली बनने लगा। वह भी नाली और सड़क पानी के बहाव में बह गया। भाजपा के कार्यकाल में हीं राजा तालाब का फंड पास हुआ था। डीपीआर के तहत राजा तालाब का सौंदर्यीकरण होना था। क्या हुआ सिर्फ लीपापोती का करने का काम किया गया। राज्य की जनता को बरगलाने के लिए मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की गई और विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन व विकलांग पेंशन योजनाओं को बंद कर दिया गया। कांग्रेस के कार्यकाल में व्यापारी वर्ग अपना व्यवसाय सही नहीं कर पा रहे थे। डरे सहमे थे। सिंह मेंशन परिवार हमेशा जनता के बीच रहा है। झरिया की जनता अब जान चुकी है कि किसने जनता को छलने का काम किया है। भाजपा के पक्ष में मतदान कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कर एक अच्छी सरकार बनाएं।

## बाघमारा विधान सभा से सपा प्रत्याशी सूरज महतो आज करेंगे नामांकन



संवाददाता

**धनबाद।** जन शक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो ने बताया कि समाजवादी पार्टी के बैनर तले बाघमारा विधानसभा से सोमवार को सुबह 9 बजे नामांकन करेंगे। उनके साथ टुंडी विधानसभा से सपा प्रत्याशी के रूप में अजमूल अंसारी भी नामांकन करेंगे। यह जानकारी महतो ने कांको स्थित जन शक्ति दल के कार्यालय में रविवार को दी। इस मौके पर सपा प्रत्याशी सूरज महतो ने कहा कि बाघमारा विधानसभा में फैले अराजकता, बेरोजगारी, लूट खसोट आदि को दूर करने के लिए एवं माताओं व बहनों के मान सम्मान के लिए चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। श्री महतो ने कहा कि बाघमारा विधानसभा के मतदाताओं, बहनों एवं भाइयों से आग्रह है कि बाघमारा के विकास के लिए आशीर्वाद स्वरूप वोट देकर विजय बनाएं।

## सुभाषितम्

**विश्व के निर्माण में जिसने सबसे अधिक संघर्ष किया है और सबसे अधिक कष्ट उठाए हैं वह मां है। - हर्ष मोहन**

## शेयर बाजार में कोहराम

भारतीय शेयर बाजार अक्टूबर माह में निरंतर गोता लगा रहा है। विदेशी निवेशक भारतीय बाजार छोड़कर चीन की ओर रुख कर रहे हैं। 5000 अंकों से ज्यादा की गिरावट शेयर बाजार में पिछले एक माह में आई है। विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से एक लाख करोड रुपए की निकासी कर ली है। शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार 79298 अंकों पर बंद हुआ। एक ही दिन में निवेशकों के 10 लाख करोड रुपए डूब गए। भारतीय शेयर बाजार में मंदी के कारण बिकवाली का जो माहौल बना हुआ है। उसमें म्युचुअल फंड और भारतीय वित्तीय संस्थान, जिनमे बैंक और भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां हैं। बाजार को गिरने से रोकने के लिए भारी मात्रा में शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं। इसके बाद भी शेयर बाजार में लगातार बिकवाली और मुनाफा वसूली के कारण बड़ी तेजी के साथ बाजार गोता लगा रहा है। यह कितने नीचे तक जाकर गोता लगायेगा यह कह पाना बड़ा मुश्किल है। भारत में पिछले कुछ वर्षों से भारतीय शेयर बाजार में कुछ कॉरपोरेट कंपनियों की सट्टेबाजी के कारण दिन दूनी रात चौगुनी गति से आंधी तूफान की तरह शेयर बाजार को बड़ी तेजी के साथ सट्टा बाजार में तब्दील हो गया था।

भारतीय शेयर बाजार अपनी सभी सीमाओं को पार कर चुका है। पिछले कुछ वर्षों से भारतीय शेयर बाजार से भारी मुनाफा वसूली की गई है। बैंकों, सरकारी वित्तीय संस्थाओं द्वारा जितना भी निवेश किया गया। वह मुनाफा वसूली में पहले ही विदेश चला गया। रही सही कसर विदेशी निवेशक निकल रहे हैं, जो भारतीय शेयर बाजार से निकलकर बाजार को ढहाने का काम कर रहे हैं। यदि एक सप्ताह इसी तरह की गिरावट और भारतीय शेयर बाजार को झेलनी पड़ी, तो बैंकों और सरकारी वित्तीय संस्थानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। डीमेट के जरिए जो भारतीय छोटे निवेशक शेयर बाजार से जुड़े थे, उन्हें भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में भारत में जो वित्तीय अफरा तफरी फैलेगी। वह अमेरिका में 2008 की मंदी से भी ज्यादा भयानक स्थिति भारत की होगी। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। 2008 की आर्थिक मंदी के बाद सोने और कच्चे तेल के दाम अंतरराष्ट्रीय नीतियों के कारण बड़ी तेजी के साथ बढे। अमेरिका अपनी दादागिरी के चलते आर्थिक मंदी से बाहर निकल आया। भारत के पास ऐसा कोई बैकअप उपलब्ध नहीं है। भारत सरकार के ऊपर विदेशी कर्ज 2014 की तुलना में 5 गुना बढ़ गया है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय संस्थाएं कर्ज लेकर शुद्ध घी पी रही हैं। शेयर बाजार के मुनाफे से बैंकों और कंपनियों की बैलेंस शीट भारी कमाई कर रही थी।

यह सारी कमाई कागजी कमाई थी, जो शेयर बाजार से हो रही थी। अक्टूबर माह में ही भारतीय शेयर बाजार से 30 लाख करोड रुपए से ज्यादा का नुकसान निवेशकों को हो गया है। शेयर बाजार की गिरावट को रोकने के लिए म्युचुअल फंड और भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की वित्तीय संस्थाओं ने इस बिकवाली के समय बाजार में भारी निवेश करके विदेशी निवेशकों को मुनाफा वसूली का मौका दिया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, यदि यही स्थिति 1 महीने भी भारतीय शेयर बाजार में बनी रही, तो भारत में आर्थिक कोहराम मचना तय है। इसका सबसे ज्यादा असर केंद्र सरकार पर भी पड़ेगा। अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार ने हमेशा जो सपने आम जनता को दिखाएं हैं। यदि आम जनता का वह सपना टूटेगा, तो सरकार को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। सरकार का अस्तित्व बना रहेगा या नहीं, यह कहना भी बड़ा मुश्किल है। वर्तमान की केंद्र सरकार बैसाखियों पर टिकी हुई है। जब मुसीबत आती है तो सबसे पहले बैसाखी ही साथ छोड़ती है।

## चिंतन-मनन

### प्रायश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार है

यह ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया, अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुंचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुंचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी, जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके समाज को लाभ पहुंचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई। सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शाछ्राह में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

## आज का राशिफल

**मेष** : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष** : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

**सिंह** : मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा।

**कन्या**: धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला** : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी।

**वृश्चिक** : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**धनु** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे।

**मकर** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। जीवन सुखद रहेगा।

**मीन** : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है



हृदयनारायण दीक्षित



तीन दिन बाद भारत में दीपपर्व है। वातावरण मधुवाता है। कुछ दिन पहले गर्म हवाओं के झोंके थे। संप्रति वातायन में न शीत है और न ही उमस ताप। वर्षा रानी भी गरज बरस कर चली गईं। धन का पर्व धनतेरस है। भारत ने अपनी करेन्सी को रूपया कहा। मुद्रा का 'रूपया' नाम और भी दिलचस्प। 'रूप-या' संस्कृत से आया है। रूप-या का अर्थ हुआ-जो रूप है। रूपया बड़ा मजेदार है। आकर्षण भी है। रूप में यह कागज है। इस रूप के भीतर समस्त भौतिक वस्तुए छुपी हैं। यहां रूपया दो, जो पसंद है वह लो। रूपया बड़ा शक्तिशाली है। ऋग्वेद में उचित ही मुद्रा को देवताओं जैसा शक्तिशाली बताया गया है। तरह-तरह के रूप धारण करना। रूपया बहुरूपया है। धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी मनुष्य को धनार्जन 'शुभ लाभ' देती हैं। अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है।

वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। साहस का प्रतिफल पाता है। 'शुभ लाभ' भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिकों का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। 'शुभ लाभ' ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है। पर्व त्योहार दिक और काल के भीतर हैं। देव प्रकाशवाची हैं। जहां-जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहा वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। हम भा-रत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। माना जाता है कि प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। लेकिन यह सही नहीं है। अंधकार और प्रकाश दो नहीं हैं। प्रकाश का शून्य हो जाना अंधकार है। इसी तरह अंधकार शून्य होना प्रकाश है। सूर्य प्रकाश पुंज है। उन्हें नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्घ्य देकर पूंजते हैं। चन्द्र ब्रह्माण्ड का मन है। पूर्णिमा का प्रकाश उपास्य है। दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण अंधकार रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र अपनी पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना, बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है, भारत ने शरद् पूनो के चन्द्र को बहुत प्यार किया है। वैदिक ऋषि सौ शरद् जीने के अभिलाषी थे- जीवेम शरदं शतं। सौ शरद् देखना भी चाहते थे- पश्येम शरदं शतं। शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया। शरद् पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनंद तो इसके ठीक बाद झमाझम दीपमालिका। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। माना जाता है कि यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो तो पकड़ में आता है। जहां जहां तमस् वहां वहां प्रकाश-दीप। प्राचीन पूर्वजों की कर्मशक्ति का रचा गढ़ा तेजोमय प्रकाश है। प्रकाश ज्ञानदायी और समृद्धिदायी भी है। भारत दीप पर्व की रात रात केवल भूगोल नहीं होता। भारत इस रात 'दिव्य दीपशिखा' हो जाता है। वातायन में शीत और ताप का प्रेम प्रसंग चलता है। घर, आंगन, तुलसी के चैबारे, गरीब किसान के दुवारे, खेत खलिहान, नगर, गांव, मकान, दुकान, ऊपर नीचे सब तरफ दीप शिखा।

तुलसीदास ने रामचरितमानस उत्तर काण्ड में दीप शिखा का रूपक बनाया है। वे सात्विक श्रद्धा को गाय बताते है, जपतप नियम को गाय का चारा। फिर इस गाय से परम धर्ममय दूध निकालते हैं। निष्काम भाव की अग्नि पर उबाल कर धैर्य आदि भावों से ठंढ़ा कर दही बनाते है। इस दही से मुदिता मथै विचार मथानी के जरिए मक्खन निकालते हैं। इस मक्खन को योग अग्नि पर गरम कर 'ज्ञान घृत' पाते हैं। चित्त के दिया (दीपक) में इस घी को डालते है। तीन गुण तीन अवस्थाओं (जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति) से परे 'तुरीय अवस्था' की बाती सजाते हैं। तुलसीदास बताते हैं कि यह दीपक विज्ञानमय है-एहि विधि लेसे दीप, तेज राशि विज्ञानमय। फिर कहते हैं सोहमस्मि इति वृत्ति अखण्डा/दीपशिखा सोई परम प्रचण्डा। दीपशिखा के प्रकाश में जीव ब्रह्म हो जाता है, 'आत्म अनुभव सुख सुप्रकाशा।' तुलसी के सौन्दर्यबोध (बालकाण्ड) में भी दीपशिखा है सुन्दरता कहु सुन्दर करई/छविग्रह दीपशिखा जनु बरई। दीपशिखा भारत का मन है। सभी साधकों के लिए दीप मालिका भारत के मन की स्वर्णमय दीपशिखा है।

दीपक अपना हृदय-स्नेह (तेल) उड़ेलता है, बाती जलाता है। तब अंधकार से लड़ता है, प्रकाश देता है। दीपक के नीचे अंधेरा रहता है लेकिन दूसरों का तमसावृत पथ प्रकाशवान होता है। दीप पर्व स्वाभाविक ही लक्ष्मी गणेश का नीराजन मुहूर्त बना। ऋग्वेद के रचनाकाल में गण (समूह) थे। प्रत्येक गण का एक गण प्रमुख या गणपति होता था और एक आराध्य देवता यानी गण-ईश था। ऋग्वेद (2.23.1) में बृहस्पति को गणपति कहा गया है, गणानां त्वां गणिपतिं हवामहे-आप गणों के गणपति हैं। ये गणपति प्रकाशदाता भी हैं। (वही मन्त्र 3) ऋग्वेद के गणपति कवि हैं, विद्वान है लेकिन यजुर्वेद के गणपति 'निधिपति' भी है-निधीनां त्वा निधिपति। दीप-उत्सव है अतिरिक्त आनंद का अतिरेक। सम्पूर्णता का केन्द्र है उत्स। उत्सव इसी केन्द्रक का उफनाया आनंद है। लेकिन उत्सव उल्लास नहीं रहे। पहले उत्सव की खबर ऋतु देती थी, माह और तिथि उत्सवों की सूचना थे, अब उत्सव की खबर अखबारी विज्ञापन देते हैं। विज्ञापन नया स्वप्न संसार देते हैं। बाजारी वस्तुएं उत्सव का विकल्प नहीं हो सकती। बाजार में मादक क्रान्ति है। उत्सवी मानुष हलकान है। करें तो क्या करें? दीपावली नाक का सवाल बन गयी है। खरीददारी स्टेटस सिम्बल है। जिसने खरीददारी नहीं की, वह उत्सव से बाहर हो गया।

छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार 'सृष्टि का समस्त सर्वोत्तम और पुरूषोत्तम प्रकाशरूपा है। परम तेजोमय सूर्य हैं। वे सहस्त्र आयामी प्रकाशरूपा हैं। गीता के अर्जुन ने विश्वरूप देखा, उसके मुंह से शब्द फूटे दिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यो का प्रकाश एक साथ जगमगा उठा। उपनिषद् के ऋषियों ने परमसत्ता की अनुभूति को प्रकाशरूप ही पाया। कठोपनिषद् (2.2.15), मुण्डकोपनिषद् (2.2.10) व श्वेताश्वतर उपनिषद् (6.10) में एक साथ गाए गए मंत्र में कहते हैं न तत्र सूर्यो भाति, न चन्द्रतारकम/नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयंमग्नि-वह न सूर्य चमकते हैं और न चांद तारे। बिजली भी नहीं, अग्नि की बात है क्या है? बताते हैं तमे भान्तमनुभाति सर्वं उसी के प्रकाश से यह सब प्रकाश है। तस्य भासा सर्वम इदं विभाति-उसी की दीप्ति से यह सब प्रकाशित हैं। प्रकाश अमरत्व है, अज्ञान मृत्यु। वृहदारण्यक उपनिषद् (1.3.28) के ऋषि की प्रार्थना है, असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माऽमृतं गमयेति-हम असत से सत, तमम से ज्योति और मृत्यु से अमरत्व की ओर चलें। ऋग्वेद के अंतिम सूक्त में कहते हैं, हम साथ-साथ चलें। साथ-साथ वार्ता करें। हमारे सबके मन एक सामान हों। सामूहिकता का भाव भी उत्सव है। भारत की ज्योतिर्गमय आकांक्षा चिरन्तन है। शुभकामना है, दीपावली भारत के जन गण मन को दीप्ति दे, आलोक दे, ज्योतिर्मय आभा दे, दीपशिखा की प्रभा दे। आत्मबोध दे, इतिहास बोध दे-मृत्र्योमां अमृतो गमय।

# विज्ञान लेखन से नवाचार को बढ़ावा मिलेगी

संजय गोस्वामी




विज्ञान लेख से नवाचार को बढ़ावा मिलेगी क्योंकि विज्ञान लेखन उनके लिए एक नया और उत्साह देने वाला होता है जब वह पत्रिका में अपना लेख छपा पाता है तो उसमें उत्साह आ जाती है और वैज्ञानिक सोच विकसित होता है और पुनः विज्ञान लेखन में जुड़ जाता है वैज्ञानिक सोच में नवाचार हेतु विज्ञान संचार आज की आवश्यकता है जो विज्ञान से संबंधित विषयों के बारे में तकनीकी जानकारी को सार्वजनिक उपभोग के लिए समझने योग्य विज्ञान लेख, शोध पत्र और प्रश्न मंच को वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों और आम जनों में वितरित करने की प्रक्रिया है। यह वैज्ञानिकों और आम जनता के बीच की खाई को पाटने से संबंधित क्षेत्र है, और संचार का एक बहुआयामी रूप है जो विज्ञान के कठिन विषयों यथा भौतिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, पर्यावरण विज्ञान और अधिक जैसे वैज्ञानिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है।

इसलिए विज्ञान पत्रिका को यह देखना चाहिए कोई गलत न्यूज ना जा पाए इसमें व्याकरण का उतना महत्व ना भी हो तो कोई बात नहीं है लेकिन विज्ञान का समाचार फोनुर्ला, टेबल या अन्य सामग्री रोचक बनाने में गलत ना हो और भ्रम न फैले जैसे भूत, प्रेत, जादू टोना दूसरे गह में एलियन आदि जो प्रायोगिक रूप से सिद्ध ही नहीं हुआ वो किस लॉजिक से दिया जा रहा है विज्ञान पत्रिका का उद्देश्य सुपरहिट नहीं, सुपरफिट जो वैज्ञानिक सिद्धांत के साथ साथ प्रयोगो पर भी आधारित हो वैज्ञानिक का परिचय भी आवश्यक होता है ताकि वैज्ञानिक ने कैसे खोज की आधार क्या था उसमें कुछ ऐसे भी लेख हो जो खासकर शोध पर भी आधारित हो जो युवाओ के करियर पर भी सही दिशा दिखाती हो जो उस फील्ड के एक्सपर्ट ही लिखें तो ज्यादा अच्छा हो हिंदी पत्रिका तो काफी निकल रही है लेकिन कोई अच्छा भी लिखता हो तो संपादक से सम्बन्ध ठीक नहीं रहता तो उसे छापना तो दूर पढ़ना भी पसन्द नहीं करते हैं पत्रिका में विज्ञान के हर फील्ड से कुछ ना कुछ सामग्री अवश्य हो और वेद विज्ञान भी जरुरी है जो आपके संस्कार को अच्छा बनाती है अब आज की तारीख में कोई रूचि नहीं ले रहा है बहुत सी पत्रिका बन्द या सिमित मात्रा में प्रकाशित कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसे में वैज्ञानिक पत्रिका निरंतर वैज्ञानिक लेखों और उससे सम्बंधित समाचार क्विज आदि का सफल प्रकाशन कर विज्ञान का हिंदी में प्रचार प्रसार कर रही है अभी हाल ही में 56(3) जुलाई सितम्बर 24 का एक बेहतरीन अंक प्रकाशित की है जो परिषद के लिए अति उत्तम और उसके ऑब्जेक्टिव को हासिल करने में सफल प्रयास कर रही है लेख जितना अच्छा संपादन होता उतना ही पाठकों को विज्ञान में रूचि पैदा होती है और जब कोई गुणवत्ता पूर्ण लेख अपनी पत्रिका में छापता है तो कोई अपने को बहुत बड़ा विज्ञान लेखक मानते हुए लेख को निकाले लाने पर क्रोधी हो जाता है लेकिन अपने लेख के बारे में नहीं देखता है विज्ञान लेखन स्वतंत्र है और विज्ञान की जानकारी प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है ऐसे में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद मुंबई के द्वारा वैज्ञानिक पत्रिका बिना किसी भेदभाव के अच्छे विज्ञान के लेख प्रकाशित करती है जिसके संपादक जाने माने विज्ञान संचारक श्री राजेश कुमार मिश्र हैं जो पत्रिका को गुणवत्ता पूर्ण बना रहें हैं, बधाई के पात्र हैं। वैज्ञानिक के वर्तमान मुख्य संपादक श्री राजेश कुमार मिश्र जो जागृति समिति, अनुशक्तिनगर के उपाध्यक्ष है निरंतर प्रयासरत है जो निश्चित रूप से हिंदी में विज्ञान संचार का अमूल्य कार्य कर रहें हैं वैज्ञानिक द्वारा पाठकों में हिन्दी में वैज्ञानिक जागरूकता पैदा की जाती है जिसमें विज्ञान के बुनियादी सिद्धांतों को समझाया जाता है ताकि लेख के स्तर पर पाठक अपने ज्ञान व क्षमता में वृद्धि कर सके इस, संपादकीय बोर्ड के सदस्य सर्वश्री, राजेश कुमार, केके वर्मा, डॉ संजय कुमार पाठक व वैज्ञानिक के व्यवस्थापक ,सर्वश्री श्री नवीन त्रिपाठी, बी।एन। मिश्र,अनिल अहिरवार, प्रकाश कश्यप, बधाई के पात्र हैं। अतः हिंदी में विज्ञान का संचार आज की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए सभी हिंदी विज्ञान की पत्रिका के अधिकारी बधाई के पात्र है जो अंधेरा में अंधविश्वास को दूर कर विज्ञान के सिद्धांत पर आधारित कार्यों का सही विवरण व शोध लेख के माध्यम से प्रदान करते हैं।

वैज्ञानिक संचार में स्नातक डिग्री और मास्टर डिग्री व्यक्तियों को विज्ञान पत्रकारिता, पर्यावरण संचार, सार्वजनिक स्वास्थ्य, विज्ञान नीति और वैज्ञानिक अनुसंधान प्रकाशन प्रबंधन सहित अन्य क्षेत्रों में करियर के लिए तैयार करती है। विज्ञान संचार पेशेवर विज्ञान और संबंधित विषयों के बारे में सम्मोहक और जानकारीपूर्ण सामग्री तैयार करने के लिए रणनीतिक संचार और कहानी कहने के सिद्धांतों के साथ-साथ जटिल वैज्ञानिक विषयों की अपनी समझ का लाभ उठाते हैं। आज नवाचार हेतु विज्ञान और उद्योग ज्ञान और व्यावहारिक संचार कौशल का यह संयोजन विज्ञान प्रसारण, जनसंपर्क विशेषज्ञों, पर्यावरण वक्ताओं और तकनीकी लेखकों को वैज्ञानिक अनुसंधान और खोजों के बारे में जनता की समझ को आगे बढ़ाने को प्रोत्साहित करता है। भारत का तकनीकी परिदृश्य पारंपरिक रूप से सॉफ्टवेयर और उपभोक्ता इंटरनेट पर केंद्रित रहा है। हालाँकि जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य सेवा जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान की बढ़ती आवश्यकता ने उसे 'डीप टेक' की ओर आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया है। ये अत्याधुनिक स्टार्ट-अप अभूतपूर्व समाधान के सृजन के लिये वैज्ञानिक खोज और इंजीनियरिंग नवाचार का लाभ उठा रहे हैं।

# बॉलीवुड के अनकहे किस्से: ऐसे रंगीन हुई मुगल-ए आजम

अजय कुमार शर्मा



विज्ञान के जरिए आई नई-नई तकनीकों ने हमारे जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, यहां तक की सिनेमा भी इससे अछूता नहीं रहा। फिल्मों के डिजिटल होने से फिल्मों के रखरखाव पर आनेवाला महंगा खर्चा और उनके खराब हो जाने का खतरा लगभग बिल्कुल खत्म हो गया है। इतना ही नहीं बहुत सारी पुरानी फिल्मों को डिजिटल माध्यम में बदलकर कर उन्हें हमेशा के लिए बचाया जा चुका है। लंबे समय के लिए सुरक्षित हो चुकी इन फिल्मों को अब पूरी दुनिया में विभिन्न प्लेटफार्मों पर देखा जा सकता है। नई पीढ़ी को इन फिल्मों में दिलचस्पी जगाने के लिए ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों को अब रंगीन बनाना भी संभव हो चुका है। इसके चलते कई ऐतिहासिक फिल्में रंगीन होकर दर्शकों को नए रंगीन अनुभव दे चुकी हैं। तो इन रंगीन हो चुकी फिल्मों में आज बात क्लासिक फिल्म मुगल-ए-आजम की। अब यह क्लासिक फिल्म रंगीन होकर हमारे बीच उपलब्ध है।

1960 में रिलीज हुई यह फिल्म अपने समय में तो खूब लोकप्रिय हुई ही थी बल्कि बाद में इसके डायलॉग और गीतों वाले एलपी रिकॉर्ड भी घरों और होटलों में बजते रहते थे। वीडियो और सीडी आ जाने के बाद तो यह फिल्म नई पीढ़ी में भी लगातार लोकप्रिय रही। खैर, फिल्म के रंगीन बनने की कहानी भी बड़ी रोचक है। दरअसल जिस वक्त शापूरजी पलोनजी मिस्त्री जिन्हें सब प्यार से शापूरजी सेठ कहते थे ने मुगल-ए-आजम को फाइनेंस करने का फैसला किया था तब उनके बेटे पालोनजी इस फैसले से बिल्कुल भी खुश नहीं थे। वह के. आसिफ और अपने पिता के साथ रोज-रोज होने वाले लड़ाई-झगड़े से बड़ा परेशान रहते थे। उन्हें यह रोज-रोज की किचकिच पसंद नहीं थी। लेकिन शापूरजी, के.आसिफ और मुगल-ए-आजम के बीच एक ऐसा जज्बाती रिश्ता बन चुका था कि चाह कर भी यह तीनों एक-दूसरे को नहीं छोड़ पा रहे थे। के. आसिफ ने शीशमहल के सेट पर फिल्माए गाने, प्यार किया तो डरना क्या... को रंगीन शूट किया था। उसके अच्छे रिजल्ट आने पर उनकी इच्छा थी की पूरी फिल्म को रंगीन बनाया जाए। लेकिन उस वक्त यह फिल्म बनने में बहुत समय खर्च हो चुका था इसलिए कोई भी दोबारा इस नए पचड़े में पड़ने के लिए तैयार नहीं हुआ। लेकिन तब युवा पालोनजी को यह बात याद रही। एक बार दिलीप कुमार ने पालोनजी से एक मुलाकात के दौरान के.आसिफ की उस बाकी रही हसरत का ज़िक्र बढ़ी शिद्दत से किया तो उन्हें भी लगा कि एक बार कोशिश की जानी चाहिए। क्योंकि नई तकनीक आने के बाद अब यह काम महंगा तो था लेकिन असंभव नहीं था। मुश्किल यह थी कि यह तकनीक पश्चिम में तो बेहद सुलभ और सहज ही उपलब्ध थी लेकिन भारत में बहुत महंगी भी थी और कुछ ही लोग यह काम कर रहे थे। विदेश में काम कराने पर उन्हें हर पृष्ठभूमि में भारतीय रंगों को समझाने के लिए काफी विशेषज्ञों की जरूरत थी जो अपने आप में काफी खचीर्ला काम था। ऐसे में फिल्म को भारतीय रंगों में रंगने की चुनौती को काफी तलाश के बाद 2002 में पुणे की इंडियन अकेडमी ऑफ आर्ट्स एंड एनीमेशन ने पूरा करने का बीड़ा उठाया। लेकिन काम शुरू करते ही सबसे बड़ी मुश्किल यह आई की फिल्म का ओरिजिनल निगेटिव तमाम रखरखाव के बावजूद काफी फीका पड़ चुका था। इस नेगेटिव को दोबारा चमकाने के लिए इसकी साफ-सफाई जरूरी थी। यह काम थोड़ा मुश्किल होता है और बहुत सावधानी से करना होता है। खैर यह काम चेन्नई की आइरिस इंटर एक्टिव ने किया। तभी पता चला की फिल्म की साउंड ही खराब हो चली है जो कि फिल्म का निहायत ही लोकप्रिय और जरूरी हिस्सा था। काम लगभग रुक गया। तभी शापूरजी की कंपनी में शामिल एक नौजवान दीपेश सालगिया को कंपनी के गोदाम में फिल्म के ओरिजिनल साउंडट्रेक वाले मैग्नेटिक टेप मिल गए।

## सूडोकु नवताल- 7232

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutikanroom, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7231 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ जनता को छलने का काम किया किया : रूचिर

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटेनगंज के भावी विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने आज मेदनीनगर निगम के वार्ड नंबर 17, श्रीरामपथ, वार्ड नंबर 6, 7 एवं सदर प्रखंड के पोखराहा कला, पोखराहा खुर्द,खैराटी टोला,रजवाडीह आदि जगह जनसंपर्क अभियान किया और कहां की 25 साल नामधारी, 5 साल पूर्व मंत्री त्रिपाठी एवं 10 साल भाजपा के विधायक ने कुर्सी पर बैठकर सिर्फ अपना संपत्ति बढ़ाया शहरी इलाका में नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। वहीं ग्रामीण इलाकों में इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी भी सड़क नहीं बना क्योंकि इतने सालों में सिर्फ इन जनप्रतिनिधियों ने अपना विकास किया अपनी संपत्ति बढ़ाया, ऐसी स्थिति में जनता स्वयं करें बदलाव विश्व के मजदूर नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। किसी भी पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इसकी शुद नहीं लिया और आज चुनाव आने के बाद झूठी प्रतिज्ञा करते फिर रहे हैं। मौके पर अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी ने कहा कि बदलाव के लिए एक बार डाल्टनगंज विधानसभा की जनता जनार्दन जीतने का संकल्प लें।

जनसंपर्क अभियान में अशोक, पूनम उपाध्याय, शशिकांत, प्रिया रंजन, अभिषेक कुमार, नसीम राइन, सोनू अहमद, रोशन पासवान, अश्वनी त्रिपाठी, राहुल कुमार तिवारी, शुशील शुक्ला सुनील उरांव, शंकर चंद्रवंशी, अभिषेक भुइंया शहीत कई लोग थे।

### हुसैनाबाद : विधानसभा कार्यालय विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स में भारतीय जनता पार्टी की बैठक संपन्न

# भाजपा नेताओं नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है: विकास

● झारखंड सरकार ने केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाओं को बाधा डालने का काम किया है

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद भारतीय जनता पार्टी के हुसैनाबाद विधानसभा कार्यालय विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स में हुसैनाबाद के भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने एवं संचालन हुसैनाबाद के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने चुनाव से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश कार्यकर्ताओं को दिया और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा नेताओं नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है जबकि झामुमो और कांग्रेस परिवार की पार्टी है जब से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी है।

तब से हेमंत सोरेन ने झारखंड को लूटने का काम किया है, उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाओं को बाधा डालने का काम किया है। यह एक विकास विरोधी सरकार है और झारखंड के संसाधनों का दोहन करने का काम किया है। झारखंड की जनता इनकी मनसा को समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी।श

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर हेमंत सोरेन की सच्चाई को बताने एवं हुसैनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह को भारी मतों से विजई बनाने की अपील करे।

प्रदेश उपाध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी जवाहर पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड को विकास नहीं विनाश की राह पर ले जा रहे हैं अपने कार्यकाल के अंतिम महीने में मैया सम्मान योजना शुरू कर इन्होंने महिलाओं को मूर्ख बनाने का काम किया है। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड के बालू को दूसरे राज्यों में बेचने का काम किया है एवं स्थानीय लोगों को झोला एवं बोरा से बालू ढोने पर मजबूर कर दिया युवाओं को नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर ठगने का काम किया है।

हुसैनाबाद विधानसभा के प्रवासी उत्तर प्रदेश के विधायक लाल बहादुर चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में झारखंड में लोग रात भर निर्भीक होकर सफर करते थे लेकिन हेमंत सोरेन ने उग्रवाद को बढ़ावा देकर पुनः झारखंड को बबार्दी के कगार पर ले जाने का कार्य किया है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री सोमेश सिंह ने किया।

इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कर समिति सदस्य रविंद्र सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता श्री राम प्रवेश सिंह सीवी रमन सिंह जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान मधु लता रानी संतोष सिंह अजय गुप्ता रामराज मेहता प्रदीप सिंह विकास वटस महाराज सिंह चौधरी विनोद पांडे ए रामेश्वर राम सरवन गुप्ता मधुसूदन पाठक रंजीत पासवान सत्येंद्र कुमार प्रदीप पासवान उमेश चंद्र शिव एवं अन्या भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विनोद सोनी विधानसभा चुनाव में अपने पार्टी के विधायक प्रत्याशियों का कर रहे हैं मदद



**मेदिनीनगर।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता शह अधिवक्ता विनोद सोनी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में दिन-रात अपने पार्टी के विधायक प्रत्याशी को चुनाव जीताने की तैयारी में लगे हुवे हैं। विनोद सोनी पलामू जिले के सभी बहुजन समाज पार्टी के विधायक प्रत्याशी के साथ प्रचार प्रसार में भाग लेने को पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक दल के नेता खुद को और अपनी पार्टी को गरीबों, दलितों और पिछड़ों के सबसे बड़े मसीहा बताते हुए थकते नहीं हैं, लेकिन हकीकत यही है कि गरीबों, दलितों और पिछड़ों को साथ देने वाली मात्र एक बहुजन समाज पार्टी है। पिछड़ों और गरीबों को उनका हक दिलाने का काम करती है। गरीबों, पिछड़ों, दलित, मजदूर और कामगारों का सबसे ज्यादा अगर भला किया है तो वह बहुजन समाज पार्टी है।

### वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण शुरू



**मेदिनीनगर।** जिले में आगामी 13 नवंबर को मतदान होना है। इस दिन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग तैयारी की जा रही है। जिले के पांचो विधानसभा में नामांकन समाप्त होने के पश्चात प्रशिक्षण,आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों का पोस्टल बैलेट से मतदान, होम वोटिंग, स्वीप गतिविधि, एफएलसी आदि सहित सभी गतिविधियों में तेजी आयी है। इसी कड़ी में 13 नवंबर को सभी लोग आसानी से मतदान कर सकें इस हेतु वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण का भी कार्य प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार दिनांक 26 अक्टूबर से ही बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के घर तक मतदाता पर्ची पहुंचने का कार्य शुरू है। उन्होंने बताया कि मतदान से पांच दिन पूर्व यानी 8 नवंबर तक जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा वितरण का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

### सेल्समैन को युवकों ने पीट कर किया घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक स्थित शराब दुकान के सेल्समैन बैजनाथ यादव को शनिवार की रात दारू के लेनदेन में युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे हैं। घायल व्यक्ति बैजनाथ यादव ने बताया कि शनिवार की रात दारू दुकान के बगल में स्थित चंपारण मीट हाउस के संचालक आकाश कुमार उसके दो स्टाफ दारू दुकान पर पहुंचे कर दारू उधार मांगने लगे। जब उन्हें दारू नहीं दिया तो बहस करने लगे और मारपीट कर मुझे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही इस घटना के बाद शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## पाटन के अगनवा खैरका जंगल से एक व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के कोलहुआ किशैनी गांव निवासी स्वर्गीय रामेश्वर सिंह के पुत्र अवधेश सिंह उम्र 63 वर्ष का शव पाटन थाना क्षेत्र के अगनवा खैरका जंगल से पाटन थाना की पुलिस ने बरामद किया है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि अवधेश सिंह शनिवार की सुबह अपने घर से खाना पीना खाकर मवेशी चराने निकले थे। जिसके बाद से वह अपने घर नही लौटे। घर नही लौटने पर परिजनों के द्वारा सभी जगहों पर उनकी खोज बीन की गई। इसके बाद भी उनका कुछ भी पता नहीं चल पाया। रविवार की सुबह परिजन उनकी तलाश में निकले तो पता चला कि अवधेश सिंह का शव अगनवा खैरका जंगल में पड़ा हुआ है। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में मृतक का पोस्टमार्टम करवा रहे हैं।

बताते चलें की संग्राम सिंह पाटन क्षेत्र के किसी भी ग्रामीण जनता के सुख दुख में दिन-रात खड़ा रहते हैं। वही मृतक का बेटा वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले हमलोगों का गांव के नंदू सिंह और विनोद सिंह से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़ा के पश्चात नंदू सिंह और विनोद सिंह ने मेरे पिता को कहा था कि जान से मार देंगे।

वीरेंद्र सिंह ने हत्या करने का आरोप नंदू सिंह और विनोद सिंह पर लगाया है।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।वही मौके पर उपस्थित संग्राम सिंह ने कहा कि पाटन थाना क्षेत्र में अभी तक कई लोगों की हत्या हो चुकी है परंतु पाटन थाना की पुलिस की लापरवाही से अभी तक किसी का उद्भेदन नही हो पाया है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत,एक घायल

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल।गढ़वा जिला के सुंडीपुर गांव निवासी रामचंद्र साव उम्र 80 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की रामचंद्र साव शनिवार की शाम अपने घर के पास टहल रहे थे। इसी बीच गांव का एक व्यक्ति उन्हें बाइक से पीछे से धक्का मार दिया। बाइक के धक्के से सड़क पर गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल रामचंद्र साव को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लेकर गए।

जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।वही दूसरी घटना में गढ़वा जिला के रंका थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी रूपेश कुमार उम्र 30 वर्ष शनिवार की रात अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए गढ़वा अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए से बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### लड़की से छिना गया मोबाइल एक घंटे के अंदर बरामद

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस इन दिनों पूरी तरह से एक्टिव मोड में है।आज रेड़मा में बाजार से एक लड़की अपने घर जा रही थी। इसी बीच रास्ते में एक लड़का लड़की का मोबाइल छीनकर फरार हो गया। इसके बाद लड़की के परिजनों द्वारा उस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने इसकी सूचना टिओपी टू प्रभारी अनिल कुमार सिंह को दिया। अनिल कुमार सिंह और टाइगर मोबाइल के जवान सुबिंद कुमार ने मोबाइल छीनतई की घटना को गंभीरता से लेते हुए मोबाइल छीनकर भागने वाले आरोपी को एक घंटा के अंदर पकड़ कर उसे शहर थाना ले गए। थाना में पुलिस के द्वारा मोबाइल छीनतई करने वाले व्यक्ति से गहन पूछताछ की जा रही है।

## हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त कराने के लिए पुलिस की ओर से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा रहा है। लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गढ़वा रोड में कोयल नदी किनारे एक युवक को आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देशी कट्टा और एक सिक्सर बरामद किया गया। युवक की पहचान शाहपुर के लालगंज के रहने वाले रेयाजुद्दीन सैयद (39वर्ष) पिता ग्यासुद्दीन सैयद के रूप में हुई है। चैनपुर पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि शाहपुर गढ़वा रोड में कोयल नदी किनारे एक युवक अवैध हथियार लेकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना के आलोक में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में टीम बनाकर छापामारी की गयी। रेयाजुद्दीन सैयद को कोयल नदी किनारे से पकड़ा गया। उसके पास से एक झोला मिला, जिसकी तलाशी लेने पर दो अवैध देशी हथियार बरामद किए गए। इस संबंध में मामला दर्ज कर शनिवार दोपहर तीन बजे आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गढ़वा : लव जिहाद के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**गढ़वा।** नाबालिग छात्रा से प्यार प्रेम का नाटक कर स्कॉर्पियो गाड़ी में दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के मामले रंका पुलिस ने शनिवार के सुबह करीब छः बजे बिहार के दो मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बावत नाबालिग के रिश्तेदार ने रंका थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि नाबालिग लड़की उनकी रिश्तेदार हैं, जो करीब एक वर्ष पूर्व यहां आकर इंटर परीक्षा के लिए कोचिंग क्लास कर रही थी मूल रूप से बिहार की रहने वाली रिश्तेदार के माता-पिता दिल्ली में रोजी-रोटी चलाने के लिए प्राईवेट फॉर्म में काम करते हैं घर में अकेले होने के वजह से वह यहां रह कर पढ़ाई लिखाई कर रही है। मैट्रिक तक की पढ़ाई बिहार में करने के दौरान बिहार के औरंगाबाद जिले के साड़ी संडा गांव निवासी मोहम्मद शाहरुख जो पढ़ाई के क्रम में नाबालिग को अपना नाम सोनू बता कर अपने हाथ में अक्सर कलावा और लाल टीका लगाकर उससे मिला करता था। उसे विश्वास में लिया फिर प्यार प्रेम का नाटक करने लगा। इसी बीच नाबालिग यहां आ गई यहां रहने के दौरान वह समय-समय पर बात करते रहा शनिवार सुबह करीब छः बजे नाबालिग जब कोचिंग क्लास के लिए जा रही थी, उसी दौरान मो.शाहरूख अपने एक अन्य दोस्त मो.तौकीर उर्फ फरहान जो हरिहरगंज के सतगावां टंडवा रोड निवासी काले रंग के स्कॉर्पियो से पहुंचा और उसे गाड़ी में बिठा कर गढ़वा तरफ निकल गया।

## बिश्रामपुर विधानसभा चुनाव: नए पुराने दावेदारों के बीच नई चुनौती, मतों का बंटवारा तय

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** गढ़वा और पलामू जिले के बिश्रामपुर विधानसभा चुनाव में इस बार मुकाबला बेहद रोचक और कड़ा हो गया है। 2019 के चुनाव की तरह इस बार भी कई प्रभावशाली उम्मीदवार मैदान में उतर रहे हैं, जिससे मतों का बंटवारा होने की संभावना बढ़ गई है। इस चुनाव में लगातार तीसरी बार जीतकर हैट्रिक लगाने के इरादे से भाजपा के कद्दावर नेता और पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधि रामचंद्र चंद्रवंशी मैदान में हैं। हालांकि, सवाल यह है कि क्या चंद्रवंशी इतिहास रच पाएंगे या बिश्रामपुर में इस बार कोई नया चमत्कार होगा?

**2019 के चुनाव परिणाम :**

2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के रामचंद्र चंद्रवंशी को 40,635 वोट मिले थे, जबकि बसपा के राजन मेहता ने 32,122 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। निर्दलीय नरेश प्रसाद सिंह को 27,820 वोट मिले, कांग्रेस के चंद्रशेखर दुबे को 26,957, झारखंड विकास मोर्चा की अंजू सिंह को 24,851, एआईएमआईएम के अशर्फि राम को 11,558 और ब्रह्मदेव प्रसाद को 7,928 वोट प्राप्त हुए थे। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में मुकाबला कम अंतर वाला ही रहता है, और यह बार भी ऐसा ही रह सकता है।

**सामाजिक और राजनीतिक समीकरण**

गढ़वा और पलामू जिलों में हाल ही में कुछ धार्मिक विवादों के चलते हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण का माहौल बनता दिख रहा है, जिसका लाभ रामचंद्र चंद्रवंशी को मिल सकता है। चंद्रवंशी, जो राजद से राजनीति में आए थे, इस क्षेत्र के पिछड़े वर्ग में अच्छी पकड़ रखते हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता भी उनके पक्ष में असर डाल सकती है।

**बसपा उम्मीदवार राजन मेहता**

राजन मेहता, जो 2019 के चुनाव में दूसरे स्थान पर थे, बसपा की ओर से फिर से चुनौती पेश कर रहे हैं। वह पिछड़े वर्ग के साथ अपनी जाति कुशवाहा और दलित मतदाताओं में अच्छी पकड़ रखते हैं। भाजपा के मजबूत उम्मीदवार चंद्रवंशी के सामने राजन मेहता की स्थिति इस बार भी चुनौतीपूर्ण रहेगी।

**राजद प्रत्याशी नरेश सिंह**

पिछले चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय उम्मीदवार नरेश सिंह इस बार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। राजद के समर्थन से उन्हें पिछड़ों और राजद समर्थक मतदाताओं का फायदा मिल सकता है, जिससे उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।

**साइकिल पर सवार अंजू देवी**

2019 में चौथे स्थान पर रहीं अंजू देवी इस बार साइकिल (सपा का प्रतीक) के सिंबल पर चुनाव लड़ रही हैं। उनकी उम्मीदवारी पिछड़े और महिला मतदाताओं के बीच उन्हें एक विशिष्ट पहचान दिला सकती है, जिससे उनके पक्ष में मत जुटने की संभावना है।

**ओबीसी एकता अधिकार मंच के प्रमुख ब्रह्मदेव प्रसाद**

ओबीसी एकता अधिकार मंच के प्रमुख ब्रह्मदेव प्रसाद भी बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय हैं। पिछड़े वर्ग के मतों के सहारे वह चुनाव को रोचक बना सकते हैं। ब्रह्मदेव लंबे समय से ओबीसी एकता के मुद्दे पर सक्रिय हैं, जिससे उन्हें एक सशक्त प्रत्याशी माना जा रहा है।

**विकास दुबे और नई हलचल**

कांग्रेस के पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे के परिवार से जुड़े विकास दुबे ने अपनी पत्नी जागृति दुबे को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारकर चुनाव में नई हलचल पैदा की है। विकास दुबे ने पिछले कुछ वर्षों में क्षेत्र में युवाओं और समाजसेवा में अच्छा प्रभाव जमाया है। इसके चलते उन्हें भी स्थानीय युवाओं और जनता का समर्थन मिल सकता है।

कांग्रेस ने यहां से सुधीर चंद्रवंशी को उम्मीदवार बनाया है परंतु सुधीर चंद्रवंशी का इस क्षेत्र में कोई जनाधार नहीं दिख रहा है सिर्फ सुधीर चंद्रवंशी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नरेश सिंह को कुछ नुकसान पहुंचा सकते हैं ईसके अलावा उनकी उपस्थिति इस क्षेत्र में कुछ खाश नही दीख रहा है।इस बार के बिश्रामपुर विधानसभा चुनाव में पुराने और अनुभवी उम्मीदवारों के बीच नए समीकरण बनते दिख रहे हैं। सभी प्रमुख उम्मीदवारों के समर्थन, उनके जातीय समीकरण और धार्मिक ध्रुवीकरण के प्रभाव के कारण यह चुनाव अत्यधिक दिलचस्प होने की उम्मीद है। अब देखना यह है कि मतदाता किसे चुनते हैं और कौन इस मुकाबले में बाजी मारता है।

**राजनीति** भाजपा को बड़ी मजबूती, चार सौ से अधिक लोग झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल

## पूरे झारखंड में एनडीए भारी बहुमत से सरकार बना रही है : सत्येन्द्रनाथ

● सत्येन्द्रनाथ ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं और बेरोजगारों के लिए किए गए वादों को पूरा नहीं किया

संवाददाता



**गढ़वा।** शनिवार को गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा शहरी क्षेत्र, ग्रामीण इलाका और रंका प्रखंड के विभिन्न गांवों के चार सौ से अधिक लोगों ने झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामा। विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनडीए प्रत्याशी सत्येन्द्रनाथ तिवारी सहित अन्य नेताओं ने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में एनडीए भारी बहुमत से सरकार बना रही है। जनता झामुमो और हेमंत सरकार के कुशासन से ऊब चुकी है। उन्होंने मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में गढ़वा की जनता त्राहिमाम कर रही है। क्षेत्र के गरीबों की जमीन लूट ली गई, और अंचल कार्यालय में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता। सत्येन्द्रनाथ ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं और बेरोजगारों के लिए किए गए वादों को पूरा नहीं किया, जिससे युवा बेरोजगारी के दंश झेल रहे हैं। भाजपा सरकार बनने के साथ ही खाली पदों को भरने और युवाओं के हित में तेजी से काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक माह 21 सौ रूपए उनके खाते में दिए जाएंगे, और सभी गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराया जाएगा।इस कार्यक्रम में भाजपा में शामिल होने वालों में पंकज कुमार, सुधांशू कुमार, क्रिश केशरी, सूरज पटेल, नीरज चौहान, आलोक सोनी, शिवम कश्यप, सत्यम कुशवाहा सहित चार सौ से अधिक लोगों के नाम शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कबाड़ दुकान में लगी आग, 10 लाख की सम्पत्ति राख

**नवादा।** नवादा जिले स्थित एक कबाड़ दुकान में भीषण आग लग गई। इसके पीछे का कारण शॉर्ट सर्किटया किसी के लगादेने की बात कही जा रही है। आग लगता देख आस -पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लगी आग को पहले स्थानीय लोग पानी से बुझाने का प्रयास करने लगे ।लेकिन आग ने रौद्र रूप ले लिया. जिसके बाद इसकी सूचना अग्निशमन दस्ते को दी गयी.भीषण रूप से आग लगने की वजह से कई अग्निशमन दस्ते की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह घटना नवादा के मुस्लिम रोड स्थित एक कबाड़ दुकान की है। हालांकि आग इतना भयानक था कि उस पर काबू पाते -पाते सारा समान जलकर राख हो गया। फिलहाल 10 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। कबाड़ दुकान संचालक मुस्लिम रोड निवासी जावेद अली की है। घटना के बाद पुलिस मौके पहुंचकर जांच कर रही है। अचानक दुकान में आग लगने की सूचना मिली. जब आकर देखा तो आग पूरी तरह से फैल गई थी।यह आग किसी ने लगाई है या फिर शॉट सर्किट से लगी होगी ,यह कहना मुश्किल है।पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं।

### शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटे ने ली राजद की सदस्यता

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल से नाराज चल रहा सीवान के भूतपूर्व सांसद मो. शहाबुद्दीन का परिवार आखिरकार लालू प्रसाद की शरण में पहुंच गया है। शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और उनके बेटे ओसामा पूरे लाव-लश्कर के साथ रविवार को राबड़ी आवास पहुंचे और राजद की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने दोनों मां-बेटा को पार्टी का पट्टा पहनाकर राजद की सदस्यता दिलाई। सीवान के भूतपूर्व सांसद और बाहुबली मो. शहाबुद्दीन का परिवार लालू प्रसाद और आरजेडी से लंबे समय से नाराज चल रहा था। शहाबुद्दीन के निधन के बाद से ही उनकी पत्नी हीना शहाब यह आरोप लगाती रहीं कि जिस आरजेडी के लिए उनके पति शहाबुद्दीन ने क्या कुछ नहीं किया लेकिन उनका निधन होते ही पार्टी ने उनके परिवार को दरकिनार कर दिया। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में हीना शहाब आरजेडी उम्मीदवार अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ मैदान में उतरी थीं। हालांकि, दोनों को हार का सामना करना पड़ा था। शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब और उनके बेटे ओसामा के राजद में शामिल होने के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि दोनों के शामिल होने से राजद मजबूत होगी। आज जो स्थिति है वैसी स्थिति में हमलोगों को एक साथ रहना है। ओसामा के साथ हिना शहाब हम लोगों के साथ आई हैं और इससे सीवान के साथ पूरे बिहार में पार्टी को बहुत फायदा होगा और पार्टी बहुत मजबूत होगी।

### तीन मोबाइल चोर के पास से 39 पीस मोबाइल दो बाइक जब्त

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के कंगली पुलिस द्वारा भारी संख्या में मोबाइल जब्त की गई है। साथ ही मोबाइल चोर गिरोह के तीन बदमाशों को पकड़ा गया है। सभी गिरफ्तार नेपाल के हैं और बारा नेपाल जिला के गंडक चौकी थाना के बेलहिया गांव निवासी तुलसी महतो, राजेश साह व नेपाल भवानीपुर थाना के मल्हनी गांव निवासी आरुष यादव शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि नरकटियागंज अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानों द्वारा मादक पदार्थ, अवैध शराब व वाहन जांच के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। कल कंगली थाना के पोखरिया गांव के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। जांच के दौरान दो बाइक पर सवार तीन लोगों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान तीनो के पास से 39 मोबाइल बरामद की गई। पूछताछ में तीनों ने सभी मोबाइल चोरी का बताया। बाद में तीनों को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि सभी बदमाश नेपाल के हैं और उनके द्वारा विभिन्न जगहों से मोबाइलों की चोरी की गई है। खुलासा हुआ है कि उनके गिरोह में नेपाल के अलावे इंडिया के भी मोबाइल चोर शामिल है। धराए बदमाशो द्वारा कई नामों का भी खुलासा किया गया है।

### दिव्यांगजनों की अधिकार के लिए रमानी ने एमएलसी को सौंपा मांग पत्र

**कटिहार।** बिहार राज्य सरकार बोर्ड के सदस्य शिव शंकर रमानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल को मांगपत्र सौपा। मांग पत्र में दिव्यांग, विधवा एवं वृद्धों को तीन हजार रुपये प्रति माह पेंशन देने, दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को बिहार के सभी जिलों में लागू करने, और दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड और प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और सदर अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इस अवसर पर समाजसेवी समर बनर्जी, मिथिलेश कुमार यादव, प्रवीण कुमार, मोहम्मद लोको, अशोक राय, शेर अली लेहरू मंडल सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे।दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार, दिव्यांगों को 21 श्रेणियों में मान्यता दी गई है। इस मांग पत्र के माध्यम से दिव्यांगों के अधिकारों की रक्षा और उनके विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने की मांग की गई है। मांगपत्र के माध्यम से बिहार सरकार से आग्रह किया गया है कि वह दिव्यांगों के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करे और उनके अधिकारों की रक्षा करे।

# सड़क हादसे में चार की मौत



एजेंसी

**कोलकाता।** दीघा जा रही एक कार पेड़ और साइकिल से टकराकर नाले में पलट गई। घटना शनिवार देर रात तमलुक थाना क्षेत्र के भंडारबेरिया में हल्दिया-मेचेदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, एक चार पहिया वाहन मेचेदा से दीघा की ओर जा रहा था। हल्दिया-मेचेदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर तमलुक थाना क्षेत्र के भंडारबेरिया के पास कार ने अनियंत्रित होकर एक के बाद एक तीन साइकिल सवारों को टक्कर मार दी। इसके बाद एक पेड़ से टकराकर नाले में पलट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। इस घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो स्थानीय पैदल यात्री और कार में सवार दो लोग महिला शामिल हैं। एक अन्य शख्स काफी देर तक कार में फंसा रहा। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तमलुक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर तमलुक थाने ले गई। पुलिस ने गंभीर हालत में एक व्यक्ति को बचाया। उसे ताम्रलिप्ता सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए उसी अस्पताल में भेज दिया गया है। खबर लिखे जाने तक वाहन में सवार लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पीड़ितों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर छठ घाटों का किया निरीक्षण



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर आज सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान जेपी गंगा पथ से होते हुए दीघा के पाटीपुल घाट, जेपी सेतु पश्चिमी घाट, जेपी सेतु घाट, पहलवान घाट, एलसीटी घाट, कलेक्ट्रेट घाट एवं कृष्णा घाट का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने दीघा के पाटीपुल घाट पर रुककर वहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये हर प्रकार से छठ घाटों को तैयार करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ व्रती सुगमतापूर्वक गंगा नदी के छठ घाटों तक आवागमन कर सकें, इसे ध्यान में रखते हुये रास्तों को दुरूस्त करायें। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें ताकि उन्हें अर्घ्य देने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

## सभी के लिए एक न्यायसंगत, समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने की दिशा में एक कदम



संवाददाता

**कोलकाता।** शहर उत्साह से भर गया क्योंकि सहाय (सोशल एक्शन टू हेल्प ऑल यंग) ने स्वयंसेवा की परिवर्तनकारी शक्ति का सम्मान करने के लिए समर्पित एक जीवंत सुबह की मेजबानी की। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य प्रत्येक युवा निवासी के लिए एक स्थायी भविष्य के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना है। विशिष्ट अतिथि, जिनमें सहाय के कार्यकारी निदेशक पिनाकी रंजन मित्रा और शामिल थे। फील्ड समन्वयक, एरिटी ओबेरॉय, अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ इस अवसर पर उपस्थित थे, जिन्होंने सतत विकास में स्वयंसेवा की आवश्यक भूमिका पर अंतर्दृष्टि साझा की।

सहाय सशक्त, जिम्मेदार समुदायों का निर्माण करने वाले रिश्तों को बढ़ावा देकर वंचित बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में प्रभावशाली हस्तक्षेप के माध्यम से, संगठन एक निष्पक्ष और व्यवहार्य भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए समर्पित है।

प्रेरक सफलता की कहानियाँः संघर्ष से उपलब्धियों तक सहाय के साथ मिलें श्री चंदन मुखर्जी से, जो डायमंड हार्बर में आर्थिक रूप से वंचित परिवार से हैं। वह महज तीन साल की उम्र में सहाय में शामिल हो गए और अब उन्होंने आईआईटी रूड़की में संस्कृत संकाय सदस्य बनने तक की उल्लेखनीय यात्रा की है।

इसी तरह, उत्तरी कोलकाता में जन्मी आयशा अली को बचपन में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह सात साल की उम्र में सहाय का हिस्सा बन गईं और तब से उन्होंने आर अहमद डेंटल कॉलेज से अपनी बीडीएस की डिग्री सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जहां वह अब अपनी इंटर्नशिप कर रही हैं।

चंदन और आयशा दोनों इस बात पर जोर देते हैं कि सहाय के समर्थन के बिना उनके सपने अप्राप्य लगते। उनकी कहानियाँ सामुदायिक समर्थन की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण हैं! ऐसी अनगिनत प्रेरणादायक कहानियाँ हैं जो दूसरों को अपने सपनों को हासिल करने और जीवन में खुद को स्थापित करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं।

सहाय में, स्वयंसेवक केवल मदद करने वाले हाथों से कहीं अधिक हैं; वे संगठन का हृदय और आत्मा हैं, जो पूरे पश्चिम बंगाल में आशा लाते हैं और स्थायी परिवर्तन के अवसर पैदा करते हैं। इस दिन ने न केवल उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता दी, बल्कि उन लाभार्थियों की प्रेरक कहानियों को भी प्रदर्शित किया, जिनका जीवन इन सामुदायिक नायकों द्वारा बदल दिया गया है।

## पैक्स चुनाव को ले जिले में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित, 3 लाख मतदाता डालेंगे वोट



एजेंसी

**नवादा।** जिले में पैक्स चुनाव की तैयारी पूरी हो गई है। पैक्स चुनाव के लिए मतदाता की अंतिम सूची प्रकाशित रविवार को कर दी गई है। इस बार नवादा में पैक्स चुनाव में 3 लाख मतदाता वोट डालेंगे। वहीं चार चरण में वोटिंग होगी। डीएम आशुतोष कुमार वर्मा और एसपी अभिनव धीमान की देखरेख में चुनाव की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिले में पैक्स चुनाव की सरगर्मी के बीच अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया। पैक्स चुनावों को लेकर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 09 अक्टूबर को हो चुका था जबकि दावा-आपत्ति बीते 22 अक्टूबर तक लिया गया। सभी दावा-आपत्ति का निपटारा करने के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन निर्धारित तिथि पर कर लिया गया। जिले में चार चरणों में होने वाले मतदान के क्रम में 301729 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रत्येक 700 मतदाताओं पर एक बूथ का निर्माण किया गया है, जिसके तहत जिले में कुल 490 बूथ बनाए गए हैं। इनमें से 171 बूथ संवेदनशील तो 307 अति संवेदशनशील की श्रेणी में हैं, जबकि सिर्फ 12 बूथों को सामान्य श्रेणी में रखा गया ।06 दिसम्बर तक जिले में चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस अवधि में कुल पांच चरण के मतदान होंगे ।लेकिन जिले में दूसरे चरण का चुनाव नहीं होगा। सभी पांच चरणों की अवधि में मतदान सिर्फ चार चरणों में ही होगा। अध्यक्ष के लिए लाल, प्रबंध समिति सदस्य के लिए होंगे अन्य रंग के मतपत्र होंगे। नवम्बर महीने से शुरू होने वाले पैक्स चुनाव की तैयारी पूरी हो चुकी है। दावा-आपत्ति की समय सीमा खत्म हो चुकी है और 25 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। चुनाव 26 नवंबर से 03 दिसंबर तक मतदान बैलेट पेपर से होगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि पैक्स चुनाव में इस बार मतगणना को आसान बनाने के लिए हर पद के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्रों (बैलेट पेपर) का इस्तेमाल किया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए लाल, पिछड़ा वर्ग (एनेक्सर-2) से प्रबंध समिति सदस्य के लिए हरा, अति पिछड़ा वर्ग (एनेक्सर-1) से प्रबंध समिति सदस्य के लिए सफेद, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से प्रबंध समिति सदस्य के लिए आसमानी और सामान्य वर्ग से प्रबंध समिति सदस्य के लिए नारंगी रंग के मतपत्र होंगे।

## राज्य स्तरीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवानों ने चार पदक जीते



एजेंसी

**सहरसा।** राज्य स्तरीय विद्यालय फ्रीस्टाइल अंडर --14,,17 बालक कुश्ती प्रतियोगिता कटिहार में समापन के उपरांत लगातार पुनः चार मेडल सहरसा जिला के जांबाज पहलवानों ने अलग-अलग वजन में प्राप्त किया। सर्वप्रथम अंडर 14 के कृष्णा कुमार सिमरी बख्तियारपुर 50 किलोग्राम वजन मे ब्राउज मेडल प्राप्त किया।जिन्हें बिहार कुश्ती संघ महासचिव बिनय कुमार ने मेडल देकर सम्मानित किया।

दूसरा अंडर-17 के हिमांशु मोहन वजन 85 किलोग्राम में सिल्वर मेडल एवं तीसरा अंडर-17 के सुर्यदेव झा-- वजन 70 किलोग्राम में सिल्वर मेडल प्राप्त,वही चौथा अंडर -14 के आयुश कुमार ने वजन 75 किलोग्राम में ब्रांउज मेडल प्राप्त करके चारों पहलवानों ने सहरसा जिला का नाम बिहार में रोशन किया। जिला सचिव सह नेशनल कोच हरेंद्र सिंह मेजर ने कहा कि विद्यालय राज्य स्तरीय के सभी बजन के कुश्ती प्रतियोगिता के समापन पर सहरसा जिला कुश्ती खेल में कुल दस मेडल प्राप्त हुआ।जो पिछले सालों का रिकार्ड को ध्वस्त करते नया रिकॉर्ड बनाया। जबकि अन्य खेलों का रिकार्ड एक दो मेडल लेकर सिमट गई। उपलब्धियों पर जिलाधिकारी, सभी जिला खेल संघ ने कुश्ती खेल में सुनामी मेडल लाकर सहरसा जिला को मान-सम्मान बढ़या।

## फिर सरकार के खिलाफ रैली निकालेंगे जूनियर डॉक्टर, 30 अक्टूबर को उतरेंगे सड़कों पर



संवाददाता

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों ने एक बार फिर 30 अक्टूबर को सीबीआई दफ्तर तक रैली निकालने का फैसला किया है। यह निर्णय शनिवार देर रात आयोजित सम्मेलन के बाद लिया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों के साथ सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि और बांग्ला मनोरंजन उद्योग के कलाकार भी शामिल हुए। सम्मेलन के बाद डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकाला।

आंदोलन की अगुवाई कर रहे अनिकेत महतो ने बताया क 30 अक्टूबर को सीबीआई दफ्तर के बाहर रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले हुए सम्मेलन का आयोजन पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने किया। जिसमें फोरम के 32 प्रतिनिधियों के साथ-साथ सिविल सोसाइटी और अन्य क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। यह सम्मेलन छह घंटे से अधिक समय तक चला।

21 अक्टूबर को डॉक्टरों ने अपना अनशन समाप्त किया था, जो 5 अक्टूबर से चल रहा था। प्रमुख आंदोलनकारी किनजल नंदा ने कहा, हमने मजिस्ट्रेट जांच की मांग इसलिए की थी क्योंकि हमें सच्चाई जाननी है। न केवल न्याय चाहिए, बल्कि हमें पूरे सिस्टम की सफाई भी चाहिए। आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर का शव मिलने के बाद 9 अगस्त को जूनियर डॉक्टरों ने ह्यसीज-वर्कह्व आंदोलन शुरू किया था, जो 42 दिनों तक चला। आंदोलन ने अब व्यापक आंदोलन का रूप ले लिया है। डॉक्टरों की मांग है कि राज्य सरकार इस मामले में सख्त कदम उठाए जिससे आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर को न्याय मिले।

### ब्रेजा कार पर सवार शराब तस्कर हथियार समेत गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना पुलिस ने हरसिद्धि-छपवा मुख्य मार्ग पर कोबेया पुल के समीप छापेमारी कर ब्रेजा कार पर सवार दो शराब तस्करो को एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक डाइगर चाकू, 360 एमएल विदेशी साथ किया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर निर्भय कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि छपवा की ओर से एक ब्रेजा कार पर शराब लादकर हरसिद्धि की तरफ लाया जा रहा है।इस सूचना के आलोक में एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर गाड़ी पर से उतरकर दो व्यक्ति भागने लगे, जिसे दौड़कर पकड़ लिया गया। दोनों की जब तलाशी ली गई तो उनके पास से एक देशी पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस, एक डाइगर चाकू एवं एक ब्रेजा कार बरामद किया गया।कार की जब जांच की गई तो उसमें 360 एम एम विदेशी शराब रखी गई थी। बरामद सामान और दोनों अपराधियों को थाना पर लाया गया।

**पूजा-पाठ** कालीपूजा में अशांति रोकने के लिए पुलिस सक्रिय, सोशल मीडिया पर बढ़ाई जा रही निगरानी

# कालीपूजा और दिवाली पर कोई अप्रिय घटना नहीं होगी



संवाददाता

**कोलकाता।** त्योहारी सीजन के दौरान अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए राज्य के जासूस सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी कर रहे हैं। लालबाजार ने अपनी खुफिया इकाई को भी चेतावनी दी। काली पूजा को लेकर शनिवार को कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने धनधान्य सभागार में उद्यमियों के साथ बैठक की फायर ब्रिगेड, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीईएससी और कोलकाता नगर पालिका उपस्थित थे।

बैठक के बाद सीपी ने कहा, "हमें उम्मीद है कि कालीपूजा और दिवाली पर कोई अप्रिय घटना नहीं होगी।" हालाँकि, हम सतर्क रहते हैं। हम पिछले कुछ दिनों से कुछ घटनाएँ देख रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है` सोशल मीडिया पर निगरानी से पहले भी कई चीजें देखी जा चुकी हैं` मैं अभी उस बारे में विस्तार से कुछ नहीं कहना चाहता। इस संबंध में कोलकाता पुलिस की सभी इकाइयों को अलर्ट कर दिया गया है। हमारी खुफिया विंग को और अधिक सक्रिय किया गया है ` अगर कहीं भी गड़बड़ी की सूचना मिलेगी तो पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी।"

प्रशासन को आशंका है कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश चल रही ह। दुर्गा पूजा के दौरान भी ऐसा देखा गया। मामले को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी पुलिस और जासूसों को अलर्ट कर दिया है। मुख्यमंत्री नबान्न मैं शुक्रवार को कहा, "आपदा के मौके पर कुछ लोग शरारत कर सकते हैं, अशांति हो सकती है `दंगा हो सकती है` पुलिस, जासूसों को बहुत सावधान रहना होगा। आगे काली पूजा, जगद्धात्री पूजा। कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा के दौरान ग्रामीण हावड़ा में एक घटना घटी थी। उस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर उत्तेजना फैलाने की कोशिश की गई` इस दिन सीपी ने हावड़ा घटना को लेकर पूजा आयोजकों को चेतावनी भी दी। इसके अलावा नगरपाल ने इस दिन नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान वह ऑनलाइन शॉपिंग करते थे` ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान कई लोग साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग के प्रति जागरूक रहें और अधिक जागरूक रहें। अगर आप साइबर धोखाधड़ी के शिकार हैं तो आपको तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

इस बीच काली पूजा के दौरान प्रतिबंधित सट्टेबाजी को रोकने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है` पुलिस अवैध सट्टेबाजी को रोकने की कोशिश कर रही है` इस दिन सीपी ने कहा कि प्रतिबंधित सट्टा बेचने वाले और खरीदने वाले दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केवल पर्यावरण अनुकूल दांवों का ही उपयोग किया जा सकता है। पूजा उद्यमियों को प्रतिबंधित दांव से बचने के लिए जागरूक रहने की भी हिदायत दी गई। काली पूजा के दौरान भाजी तोड़ने के दौरान आग लगने की कई घटनाएं होती हैं` ऐसा देखा जाता है कि घटना के दौरान फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस अंदर नहीं जा पाती` पूजा आयोजकों को उस दिन नजर रखने को कहा गया है ताकि फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस के रास्ते में कोई बाधा न आए।

## विधायक ने 16 योजनाओं का उद्घाटन कर जनता को किया समर्पित

एजेंसी

**नवादा।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत भदौनी स्थित रजा नगर , न्यू आजाद , अली नगर एवं अयोध्या कॉलनी में विधायक मद् एवं नगर परिषद मद् से रविवार को निष्पादित विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन विधायक विभा देवी ने किया ।

नाली गली , पीवीसी ढलाई , मुहल्ला पथ ,चापाकल इत्यादि योजनाओं के लिए अनुमानित 50 लाख रुपये की योजना का क्रियान्वयन होने पर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है । उद्घाटन के लिए मुख्य समारोह रजा नगर में आयोजित किया गया जहां आम लोगों के साथ सामाजिक कार्यकताओं ने विधायक का स्वागत ढोल नगाड़े और छतों से पुष्पवृष्टि कर के किया । लोगों के उत्साह से उत्साहित होते हुए माननीय विधायक ने कहा कि विधायक मद की आवंटित समस्त विकास राशि पर केवल और केवल आम जनता का अधिकार है जिसे हर हाल में दिया जाना है । उन्होंने योजनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कहा कि मुहल्लेवासियों की सतर्कता और सावधानी से सभी विकास कार्यों को लंबे समय तक उपयोग में लाया जा सकता है ।

विभागीय देख भाल के साथ स्थानीय लोगों का भी दायित्व बनता है कि इन योजनाओं को बेहतर संरक्षण दें। वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता प्रिंस तमन्ना ने कहा कि नवादा के लोकप्रिय विधायक की कृपा दृष्टि इसी तरह से बनी रही तो मुहल्ले का कायाकल्प होने से कोई नहीं रोक सकता ।

## संक्षिप्त खबरें

### छापेमारी कर भारी मात्रा में जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया गया



**पतरातू।** आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतू पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा निर्देशित किए जाने के बाद जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस की मुस्तैदी अवैध शराब के बिक्री एवं भंडारण तथा किसी भी सामाजिक गतिविधि पर रोक लगाने हेतू आए दिन छापेमारी की जा रही रही है। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के बासल थाना अंतर्गत ग्राम जराद के बहरा टुंगरी पहाड़ पर एतवा ओराँव के घर से अवैध जावा महुआ करीब 500 तथा जतरू उरांव के घर से 200 जावा महुआ जप्त किया गया है। जिनके विरुद्धअग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उक्त बातों की जानकारी बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने दी।

### डीसी चंदन कुमार के नाम का पर बना फर्जी अकाउंट

**रामगढ़।** डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित मामले में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा सभी से अपील की जाती है कि वे साइबर ठगों एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मतदान को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन




**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोदवे में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओ को जागरूक करने के लिए विद्यालय में घंटे हाउस दामोदर, स्वर्णरेखा, कोयल और मयूराक्षी के छात्र-छात्राओं ने 24 को रंगोली, 25 को मेहंदी और 26 अक्टूबर को पेटिंग बनाकर और साथ में स्लोगन लिखकर लोगों को जागरूक किया गया। बच्चों ने इन कार्यक्रमो के माध्यम से मतदाताओं से अपील की है कि मतदान के दिन अपना मत देकर अपने अधिकार को पहचाने और वोट का प्रतिशत को बढ़ाएँ। बच्चों ने अपने प्रयास से कार्यक्रम को सफल बनाने का काम किया।इसके लिए विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों की काफी सराहना की और मनोबल बढाया। इस कार्यक्रम के दौरान सहायक शिक्षक मुकेश कुमार महतो, तारकेश्वर ठाकुर, सहदेव प्रसाद, सुनीता कुमारी, गीता देवी, सुमित्रा देवी और संकुल साधन सेवी लालधन महतो आदि उपस्थित थे।

### क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा रविवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत चलायागया मतदाता जागरूकता अभियान। मतदाता जागरूकता को लेकर 22- विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान सभी 18वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को अपने-अपने क्षेत्र में बनाए गए मतदान केंद्रों में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने का अपील किया गया। रामगढ़, 22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं अउ - 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024 चुनाव का पर्व देश का गर्व के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

### भाजपा महिला मोर्चा की एक दिवसीय जिला बैठक हुई संपन्न

# हेमंत सरकार को विकास से मतलब नहीं है: आरती कुजूर

**भाजपा की बैठक में सदर विस प्रभारी आरती कुजूर ने कहा प्रदीप प्रसाद ही बनेंगे विधायक**

**मंईयां सम्मान योजना न देना महिलाओं का अपमान है: सुचिता सिंह**



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग भाजपा के सदर विधानसभा सीट से प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के झींझरिया पूल स्थित कार्यालय में महिला मोर्चा की अध्यक्षा मनोरमा उर्फ शाक्षी राणा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई।मौके पर प्रदेश की उपाध्यक्ष सह सदर विस प्रभारी आरती कुजूर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की जनता अब जान चुकी है कि हेमंत सरकार को विकास से मतलब नहीं है,उन्हें बस सत्ता की मलाई चाहिये। भाजपा सरकार का एक ही संकल्प है झारखंड का चौतरफा विकास हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को नए पंख दे रही है। मैय्या सम्मान योजना जो एक महिलाओं के साथ छलावा है। हेमंत सोरेन ने महिलाओं को ठगने का काम किया है। झारखंड राज्य की महिलाएं मैय्या योजना का लाभ लेने के लिए दर बदर ब्लॉक का चक्कर काट रही है। लेकिन हेमंत सोरेन के कान में चु तक नहीं रेंग रहा है। बस कुछ दिन और हेमंत सोरेन सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का कार्य इस राज्य की महिलाएं बहुत जल्द ही करने वाली है। श्रीमती कुजूर ने कहा कि बूथ स्तर तक जाकर आप सभी बहने अपने भाई अपने बेटे भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के समर्थन में वोट देने की अपील करे और प्रदीप प्रसाद को प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करवा कर राँची भेजने का कार्य करे।महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सह हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा जिला की चुनाव प्रभारी सुचिता सिंह ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि राज्य मे महिलाओं पर हों रहे आर्थिक,मानशिक,शारीरिक,सामाजिक शोषण का जवाब सत्ता परिवर्तन कर देंगे। और वर्तमान हेमन्त सोरेन की सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम महिलाएं करेंगी।वही महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मनोरमा राणा ने कहा कि चुनाव की तैयारी को लेकर महिला जनसंपर्क अभियान चलाएंगी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ पदमा का आगमन हजारीबाग लोकसभा में होने वाला है।जिसकी शुरूआत सदर विधानसभा से होगी जो बूथ से लेकर शक्ति केंद्र तक जनसंपर्क अभियान चलाएगी।जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू,बिजुल देवि,रानी कच्छप,पिंटू रानी, हेमंती देवी,प्रियंका कुमारी,संगीता बारला, सुनीता गुप्ता, कंचन शर्मा,लक्ष्मी देवी,सुमित्रा देवी, पूनम कसेरा,सोनी देवी,सुनीता यादव,किरण देवी,सुभाषों देवी,पार्वती देवी,रीमा देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने प्रदीप प्रसाद को जिताने का लिया संकल्प।

## एंजेल्स हाई स्कूल व डीपीएस का पेरेंट्स नाइट का आयोजन

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के बड़कागांव रोड में शंकरपुर स्थित एंजेल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल का संयुक्त पेरेंट्स नाईट-2024 का आयोजन सोमवार को डीपीएस मैदान में होगा। इस दौरान एंजेल्स हाई स्कूल परिवार लिटिल एंजेल्स स्कूल का 25 वीं वर्षगांठ भी धूमधाम से मना रहा है। पैरेंट्स नाईट में लिटिल एंजेल्स, एंजेल्स हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल के 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के आयु के कुल 1200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। संध्या 5:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि करीब 9:30 बजे तक कल 14 प्रस्तुतियां होंगी जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा शिवजी के नृत्य से कार्यक्रम का शुरूआत कर प्रस्तुति में भारतीय इतिहास, संस्कृति, पौराणिक कथाएं, संदेश, मनोरंजन से लेकर आधुनिक प्रस्तुतियों का मिश्रण होगा जो सामाजिक संदेश बिखरेगा और उपस्थित अभिभावकों का मनोरंजन भी करेगा। कार्यक्रम की तैयारी में विद्यालय परिवार के करीब 255 शिक्षक और 160 नॉन टीचिंग स्टाफ जुटे हुए हैं। पैरेंट्स नाईट के आयोजन को लेकर विद्यालय की निदेशिका निशा जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## भाजपा बूथ सशक्तिकरण के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**संवाददाता**

**पतरातू।** भाजपा एवं आजसु के पतरातू एवं पिपरवार के बूथ अध्यक्ष एवं बुथ सचिव का प्रशिक्षण शिविर पतरातु में लगाया गया। जिसमें मुख्य रूप से रेखा चौधरी एवं बड़कागांव विधानसभा प्रभारी किसलय तिवारी उपस्थित थे। जिसकी अध्यक्षता राजाराम प्रजापति एवं संचालन एवं बृजेश सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।भाजपा एवं आजसू के बूथ अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया की बुथ जितो चुनाव जीतो का संकल्प को पूरा करने के लिए। सभी कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक डोर टू डोर संपर्क करना है एक भी घर छूट न पाए। वही रेखा चौधरी ने कहा की 20 वर्षों से लगातार बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, आप लोगों के बीच हमेशा सुख-दुख में शामिल हुए और यह अवसर आप सभी कार्यकर्ता जाने नहीं देंगे मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार का चुनवा मैं आप लोगों का उत्साह देखकर ऐसा लगता है की रिकार्ड मतों से हम लोग विजय होंगे मुख्य रूप से दिनेश प्रसाद ,अवधेश सिंह, रंजन भगत, गणेश कुमार ठाकुर ,परमानंद राजीव, बजरंगी कुमार, मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, प्रोफेसर पिंकी कुमारी, पंकज कुमार गुप्ता गंगाधर महतो, अजय, रवि, अशोक सोनी लक्ष्मी ,देवी स्नेहा गुप्ता सुमन देवी रूपा देवी, सरिता ठाकुर, मालती देवी, रिंकू देवी खुशबू देवी ,रीति श्रीवास्तव ,मीना देवी इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## जिले के सभी प्रखंडों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा रविवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान । मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं ढहऊ मतदाता,80 + वृद्ध मतदाताओं को वोट करेगा रामगढ़, 22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं अउ 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024 चुनाव का पर्व देश का गर्व के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई ।

## विधानसभा प्रत्याशी उदय मेहता ने विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम/जेबीकेएसएस ) के प्रत्याशी उदय मेहता ने रविवार को हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कृष्णानगर, मशरातु, पसई, बानादाग, कटकमदाग, बांका, हांथामेढी, सुल्ताना, तिलैया और मायातू में डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया और अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। इस दौरान उदय मेहता ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो की नीतियों को झारखंड के समग्र विकास का आधार बताया। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि पार्टी टाइगर जयराम महतो के सिद्धांतों पर चलते हुए राज्य के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मेहता ने कहा कि उनकी पार्टी झारखंड में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयासरत है। वहीं इस अभियान में उपस्थित समर्थकों ने टाइगर जयराम महतो जिंदाबाद और उदय मेहता जिंदाबाद के नारों से माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया। समर्थकों की भारी भीड़ ने इस जनसंपर्क अभियान को और भी प्रभावी बना दिया, जिससे उदय मेहता के पक्ष में माहौल और अधिक मजबूत होता दिखा मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष आजाद हुसैन, केंद्रीय युवा मोर्चा सचिव सनी मेहता जिला सचिव विनय मेहता,जिला सह सचिव जीतू कुमार, कटकम दाग प्रखंड उपाध्यक्ष विकास कुशवाहा , प्रखंड सचिव राजकुमार सर कटकमसांडी प्रखंड सचिव विकास मेहता, दीपांशु कुमार, सोनू मेहता, अनुज कुमार, मीडिया प्रभारी पंकज पटेल संदीप सिंघानिया विनय कुमार, रवि कुमार लक्ष्मण मेहता, प्रेम प्रजापति एवं दर्शन लोग उपस्थित थे।

### हर्ष अजमेरा ने जन आशीर्वाद यात्रा के दूसरे दिन कटकमदाग प्रखंड में किया दौरा

## आप सभी का समर्थन व आशीर्वाद मेरे लिए प्रेरणास्रोत है : हर्ष अजमेरा



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग के विभिन्न पंचायतों में युवा नेता सह निर्दलीय चुनाव प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा किया। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की जनता से सीधे संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझा और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। युवा नेता हर्ष अजमेरा के प्रति लोगों का समर्थन और उत्साह साफ तौर पर दिखा, जो उनकी सामाजिक सेवा और क्षेत्र के विकास के प्रति उनके संकल्प को सराहते हैं। जन आशीर्वाद यात्रा की विधिवत शुरूआत नरसिंह स्थान मंदिर में पूजा अर्चना से हुई। इसके उपरांत हर्ष अजमेरा ने कई महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया, जिसमें खपरियांवा चौक, खपरियांवा हरिजन मोहल्ला, नवादा हरिजन मोहल्ला, नवादा प्राथमिक विद्यालय, जमुवारी चौक, फातहा चौक,ओदारना प्राथमिक विद्यालय, जुमवारी चौक, हुरुदाग, रझर इमली पेड़, पूंदरी हारम, बेस, ढेगुरा पंचायत भवन सहित अनेक गांव और मोहल्ले शामिल थे। उनकी समस्याओं को सुना और उनसे चर्चा की वह किस प्रकार से जनसेवा को प्राथमिकता देकर उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं। यात्रा के दौरान हर्ष अजमेरा ने शहीद जगदीश कच्छप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, हमारे शहीदों का बलिदान हमें समाज की सेवा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस श्रद्धांजलि से स्थानीय लोगों में भी सम्मान का भाव उत्पन्न हुआ और उन्होंने हर्ष अजमेरा के विचारों का समर्थन किया। यात्रा के दौरान जनता ने एक स्वर में हर्ष अजमेरा का स्वागत किया और कहा कि अबकी बार तीसरे विकल्प के रूप में उन्हें एक ऐसे विधायक की आवश्यकता है, जो युवा होने के साथ-साथ सामाजिक सेवा में भी अग्रणी हो। लोगों का मानना है कि हर्ष अजमेरा की सोच और कार्यशैली उन्हें क्षेत्र के लिए उपयुक्त प्रतिनिधि बनाती है।

हर्ष अजमेरा ने जनता के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा,आप सभी का समर्थन और आशीर्वाद मेरे लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# कार्तिक अमावश्या पर काली मंदिर में होती है विशेष पूजा



**संवाददाता**

**रजरप्पा ।** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल झारखंड के रामगढ़ जिला के अंतर्गत रजरप्पा मंदिर में मां छिन्नमस्तिके देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। यह मंदिर देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल के रूप में जाना जाता है. विशेष कर कार्तिक अमावस्या के दिन इस मंदिर का महत्व बहुत अद्भुत माना जाता है. काली पूजा के दिन यहां रात भर मां छिन्नमस्तिके देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन यहां तंत्र मंत्र सिद्धि का विशेष महत्व होता है. जिस कारण साल भर में सिर्फ एक दिन रात भर यह मंदिर खुला रहता है। जहां तंत्र मंत्र की सिद्धि प्राप्ति को लेकर विभिन्न हवन कुंडों में तांत्रिक, साधक और श्रद्धालु रात भर हवन, पाठ और जपतप कर यज्ञ करते है। जिससे यहां तांत्रिकों, साधक, हजारों की संख्या में देश के विभिन्न कोना से श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है. मान्यता है कि इस दिन पूजा-अर्चना और हवन करने की कामना की जाती है, सिद्धि प्राप्त कर मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। आमावस्य काली पूजा की रात यहां झारखंड के अलावे बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िसा, छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश,असम सहित देश भर के विभिन्न राज्यों से पहुंचते है।

**रजरप्पा में साक्षात विराजमान है शक्तिपीठ देवी मां छिन्नमस्तिके**

दामोदर-भैरवी संगम स्थल पर शक्तिपीठ देवी मां छिन्नमस्तिके साक्षात विराजमान है. मां छिन्नमस्तिके देवी का जो स्वरूप है, उसमें एक कमल पुष्प पर कामदेव-क्रिया में लीन ह। इसके ऊपर मां छिन्नमस्तिके मुंडमाला युक्त खड़ी है. उन्होंने स्वयं के खड़ग से अपना शीश काट लिया हैं उनके एक हाथ में रक्तरंजित खड़ग व दूसरे हाथ में कटा मस्तक, गर्दन से तीन धाराएं निकलती है. इसकी एक धारा स्वयं के शीश के मुंह में तथा दो धाराएं उनके दोनों ओर खड़ी हुई योगनियों के मुंह में प्रविष्ट हो रही है। इसी स्वरूप के कारण मां छिन्नमस्तिके देवी की नाम से जानी जाती है।

**दिन जितनी चहल-पहल, रात उतनी ही रहस्यमय**

काली पूजा की रात तांत्रिक और साधक दामोदर - भैरवी संगम स्थल के किनारे और मंदिर प्रक्षेत्र के एकांतवास में भी तंत्र मंत्र की सिद्धि प्राप्त करते है. मंदिर प्रक्षेत्र में दिन में जितनी चहल-पहल रहती है. रात उतनी है रहस्यमय होती है. दिन में कई अनजाने चेहरे नजर आते है, तो रात्रि में घने जंगलों के बीच उठती आग की लपटें और धुआं जंगलों और कलकल करती नदियों के बीच से आती अनसुनी आवाजें सुन कर लोगों की रोंगटे खड़े हो जाते है।

**दस महाविद्या में मां काली का है पहला स्थान**

रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी असीम पंडा ने बताया कि दस महाविद्या में मां काली का पहला स्थान और मां छिन्नमस्तिके देवी का चौथा स्थान है. जिस कारण कार्तिक अमावस्या पर तंत्र मंत्र की देवी महामाया मां काली की पूजा का विशेष महत्व है।

## अरगड्डा क्षेत्रीय यूनियन कार्यालय में एजेकेएसएस की बैठक संपन्न




**संवाददाता**

**गिद्दी।** अरगड्डा जीएम ऑफिस साधु मोड स्थित अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की बैठक विधानसभा चुनाव की रणनीति को लेकर आयोजित की गई।इसकी अध्यक्षता यूनियन के प्रेमचंद शर्मा व संचालन सतेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनडीए मांडू के आजसू प्रत्याशी तिवारी महतो व रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में दीपावली के बाद एजेकेएसएस यूनियन द्वारा प्रचार प्रसार अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए कोलियरी क्षेत्र में मजदूरों के बीच पिट मीटिंग का आयोजन भी किया जाएगा।अंत में सभी ने एनडीए प्रत्याशियों की जीत के लिए संकल्प भी लिया गया। मौके पर देव कुमार बेदिया, तुलेश्वर महतो, शंकर राम, बी. सिंह, शिवकुमार चौधरी, छोटन प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आकांक्षा सालुंखे ने पीएसए चैलेंजर स्क्वैश का जीता खिताब



**कूजिक्स (फ्रांस)।** भारत की आकांक्षा सालुंके ने मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को 3-0 से हराकर महिला एकल का पीएसए चैलेंजर वर्ल्ड टूर स्क्वैश का खिताब जीता। शनिवार को खेले गये मुकाबले में आकांक्षा सालुंके ने फाइनल में मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को (11-7, 11-7, 11-6) से हराकर वर्ष का अपना पहला पीएसए वर्ल्ड टूर स्क्वैश खिताब अपने नाम किया। इससे पहले आकांक्षा सालुंखे ने दूसरे राउंड में स्थानीय खिलाड़ी लॉरेन बाल्टायन को 3-0 (11-9, 11-4, 14-12) से हराया।

### झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन का चुनाव संपन्न अर्चित आनंद बने अध्यक्ष व जय कुमार बने सचिव



**रांची।** रविवार को झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन का वार्षिक आम सभा (एजीएम) सह चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जेएससीए परिसर में आयोजित एजीएम में वार्षिक रिपोर्ट पेश किए गए, साथ ही नए सत्र (2024-2028)के लिए कमिटी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें 21 सदस्यीय कमिटी का निर्विरोध चुना गया, जिसमें अर्चित आनंद अध्यक्ष और जय कुमार सिन्हा को सचिव बनाए गए. मौके पर रिस्टर्निंग ऑफिसर बिनय कर्ण और जेओए ऑब्जर्वर सुरेश कुमार, झारखंड खेल विभाग से देवेंद्र कुमार मौजूद थे। इस दौरान सभी निर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया गया। झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन कमिटी- राजीव कुमार बिट्टू - चेयरमैन, अर्चित आनंद - अध्यक्ष, जय कुमार सिन्हा - सचिव, ट्रेजरर - करमबीर उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष - संजेश मोहन ठाकुर, वाइस प्रेसिडेंट - कुलवंत सिंह,आलोक गुप्ता, आशुतोष, विजय मेवार, दिनेश कुमार सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी - राकेश कुमार मिश्रा, अनिल, अनूप राजेश लकड़ा, रामाशीष सिंह, एक्जीक्यूटिव मेंबर - राजन कुमार, प्रिंस कुमार मिश्रा, धनंजय सिंह, विकाश कुमार केशरी, केएन सिंह

### स्विस इंडोर्सः बेन शेल्टन ने आर्थर फिल्स को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**बासेल (स्विटजरलैंड)।** अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने पुरुष एकल में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए फ्रांस के आर्थर फिल्स को हराकर स्विस इंडार्स के फाइनल में जगह बना ली है। शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में बेन शेल्टन ने अपने युगल जोड़ीदार आर्थर फिल्स को हराया। नंबर छह वरीयता प्राप्त शेल्टन ने टाईब्रेक में 6-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त फिल्स को 6-3, 7-6 (9) से पराजित किया। शेल्टन का फाइनल में मुकाबला अन्य फ्रांसीसी खिलाड़ी जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से होगा। वहीं अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में गैर वरीयता प्राप्त एमपेटशी पेरीकार्ड ने 17 ऐस की सर्विस करके चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के होल्गर रूण को 7-6 (6), 6-4 से हराकर फाइनल में पहुंचे है।

### लिज यंग ने जीता दूसरा एलईटी खिताब

**गुरुग्राम।** इंग्लैंड की लिज यंग ने रविवार को महिला इंडियन ओपन 2024 गोल्फ टूर्नामेंट का जीत दर्ज की। यह उनका लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी)खिताब हैं। हरियाणा के गुरुग्राम में डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हुये मुकाबले मे दो साल पहले स्विस महिला ओपन में अपना पहला एलईटी खिताब जीतने वाली यंग ने चार राउंड में दो अंडर 286 का स्कोर बनाकर अपना दूसरा खिताब जीता। वहीं घरेलू मैदान पर भारतीय गोल्फरों में, शौकिया गोल्फर मन्नत बरार ने चार ओवर के स्कोर के साथ टी11 पर सर्वश्रेष्ठ फिनिश दर्ज की। प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी ने 15वां स्थान साझा किया। दो बार की ओलंपियन और एलईटी विजेता दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, वह 12 ओवर के स्कोर के साथ टी38 पर रहीं। उन्हें पहले दिन (छह ओवर) और तीसरे राउंड (आठ ओवर) में संघर्ष करना पड़ा। टूर्नामेंट की शुरूआत करने वाले 27 भारतीय गोल्फरों में से केवल नौ ही वीकेंड राउंड के लिए कट बना पाए।

# पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम घोषित की



**लाहौर। एजेंसी**

**जिम्बाब्वे दौरे के लिए टी20 टीमः-**
अहमद दनियाल, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफियान मोकिम, तैय्यब ताहिर और उस्मान खान।

**जिम्बाब्वे दौरे के लिए वनडे टीमः-**
आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद दनियाल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीमः-**
आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टी20 टीमः-**
अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम, उस्मान खान।

इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में 2-1 से जीत दर्ज करने के बाद पाकिस्तान की टीम को अगले महीने सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद जिम्बाब्वे का दौरा करना है। ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान टीम को तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इस दौरे की शुरूआत 4 नवंबर से होगी। इसके बाद पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे जाएगी, जहां उसे 3 वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने हैं। दोनों दौरों के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को टीम का ऐलान कर दिया है। हालांकि दौरे के लिए चुनी गई टीम के साथ कप्तान के नाम का ऐलान अभी नहीं किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट के चयनकर्ताओं ने दोनों दौरे लिए कई युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम के साथ नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी, जिन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पिछले दो टेस्ट मैचों से ब्रेक दिया गया था, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों के लिए वापस आ गए हैं, लेकिन उन्हें जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया जाएगा। इसी तरह, मोहम्मद रिजवान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों सीरीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 मैचों से आराम दिया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पहला वनडे मैच 4 नवंबर को खेला जाएगा। इसके बाद 8 नवंबर को दूसरा वनडे और 10 नवंबर को तीसरा वनडे मैच खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला टी20 मैच 14 नवंबर, दूसरा 16 नवंबर और तीसरा 18 नवंबर को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के बाद पाकिस्तान जिम्बाब्वे जाएगी। जहां दोनों टीमों के बीच पहला वनडे 24 नवंबर को, दूसरा 26 नवंबर को और तीसरा 28 नवंबर को खेला जाएगा। तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला टी20 मैच एक दिसंबर को, दूसरा 3 दिसंबर और तीसरा 5 दिसंबर को खेला जाएगा।

### पीसीबी ने किया सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 2024-25 के अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए सेन्ट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है। बोर्ड ने 25 पुरुष खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया है, जो 01 जुलाई 2024 से प्रभावी होगा। नए सेंट्रल कॉन्टैक्ट में केवल दो खिलाड़ियों को ए कैटेगरी में रखा गया है। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का डिमोशन हुआ है। उन्हें ए कैटेगरी से बी कैटेगरी में शामिल किया गया है। ए कैटेगरी में केवल बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह मिली है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में पांच खिलाड़ियों को पहली बार शामिल किया है।

# उप्र पुलिस को मिला सीनियर विनर्स ट्रॉफी, शिवानी को स्वर्ण

**लखनऊ। एजेंसी**



जूडो महाकुम्भ प्रदेशीय प्रतियोगिता का फाइनल मैच इण्डियन पैरा जूडो एकेडमी, हलवासिया कोर्ट में खेला गया। इसमें जूडोकाओं ने जमकर जौहर का प्रदर्शन किया। उप्र पुलिस ने आठ स्वर्ण, पांच रजत एवं तीन कांस्य पदक जीतकर सीनियर विनर्स ट्रॉफी जीती। इसके साथ ही लखनऊ को उनके अच्छे प्रदर्शन पर बेस्ट परफॉर्मेन्स ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सीनियर बालिका वर्ग में यू0पी0 पुलिस की अंतिम यादव एवं सीनियर बालक वर्ग में लखनऊ के धर्मवीर को बेस्ट जूडोका अवार्ड से सम्मानित किया गया। अवनीश कुमार अवस्थी ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को बेस्ट जूडो ट्रॉफी एवं सुधीर हलवासिया ने विनर्स एवं बेस्ट परफार्मेन्स ट्रॉफियाँ देकर सम्मानित किया। सीनियर बालिका वर्ग के 48 किग्रा भारवर्ग में अंतिम यादव जहां प्रथम रहीं, वहीं उप्र पुलिस की मानसी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 52 किग्रा भार वर्ग में मुरादाबाद की शिवानी ने स्वर्ण, उप्र पुलिस की मनीषा रजत पदक हासिल किया। सीनियर बालक वर्ग के 60 किग्रा भार वर्ग में उप्र पुलिस के मनी शर्मा प्रथम रहे। उप्र पुलिस के ही विवेक यादव दूसरे स्थान पर रहे। 66 किग्रा भार वर्ग में उप्र पुलिस के अजय धहिया प्रथम और मुजफ्फरनगर के अंकित पाल दूसरे स्थान पर रहे, कानपुर नगर के हेमंत पाल व बरेली के लक्ष्मीकांत को तीसरा स्थान मिला। इस अवसर पर मुनव्वर अंजार, महासचिव, यू.पी. जूडो एसोसिएशन, नरसिंह, सचिव, महाराष्ट्र ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन; सूरज भान सिंह, सचिव, जम्मू एण्ड कश्मीर ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन; महेन्द्र सिंह, सचिव, हरियाणा ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन आदि मौजूद थे।

# दिल्ली कबड्डी लीग के आधिकारिक लोगो और ट्रॉफी का अनावरण

**नई दिल्ली। एजेंसी**



दिल्ली स्टेट कबड्डी एसोसिएशन (डीएसकेए) के अध्यक्ष रमेश बिधूड़ी की उपस्थिति में रविवार को नई दिल्ली में आयोजित एक रंगारंग समारोह में दिल्ली कबड्डी लीग (डीकेएल) के आधिकारिक लोगो और ट्रॉफी का अनावरण किया गया। अनावरण समारोह में खिलाड़ियों और प्रशंसकों के प्रेरणास्त्रोत पूर्व भारतीय कबड्डी खिलाड़ी और दिल्ली कबड्डी लीग के ब्रांड एंबेसडर मंजीत छिल्लर भी शामिल हुए। मार्च 2025 से राजधानी दिल्ली में शुरू हो रही यह लीग खिलाड़ियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। समारोह के दौरान दिल्ली स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली कबड्डी लीग के लोगो और ट्रॉफी का अनावरण कबड्डी को नई ऊंचाइयों पर लाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम लीग को लोगों के सामने प्रस्तुत करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। पूर्व खिलाड़ी एवं लीग के ब्रांड एंबेसडर मंजीत छिल्लर ने कहा कि मैंने अपना पूरा जीवन कबड्डी को समर्पित कर दिया और ऐसे में दिल्ली कबड्डी लीग की यात्रा का हिस्सा बनना एक सम्मान की बात है। मैं दिल्ली में इस खेल को इतनी गति मिलते हुए देखकर बहुत रोमांचित हूं और मैं इसको बढ़ावा देने के लिए हर तरह से प्रतिबद्ध हूं। लीग के आयोजन और प्रबंधन का जिम्मा 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्रा. लिमिटेड को सौंपा गया है। इस पर बात करते हुए 100 स्पोर्ट्स के संस्थापक रविंद्र भाटी ने कहा कि 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड इस लीग के आयोजन और प्रबंधन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम इस लीग में ऐसा माहौल तैयार करना चाहते हैं, जो इसमें शामिल सभी लोगों के लिए एक सहज और अविस्मरणीय अनुभव बन जाए।

टूनार्मेंट के बारे में लीग कमिश्नर निरंजन सिंह ने कहा कि दिल्ली कबड्डी लीग राजधानी में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मौका देने और कबड्डी को आगे बढ़ाने के लिए बड़ा मंच प्रदान करती है। हमें पूरा विश्वास है कि 100 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड सभी प्रशंसकों और खिलाड़ियों के लिए ऐसा मंच तैयार करेगा, जो सभी खेल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव बन जाएगा।

समारोह के दौरान डीकेएल के लिए सभी फ्रेंचाइजी के बारे में भी बताया गया, जिसमें गाजीपुर सुल्तान, करोल बाग टस्कर, तुगलकाबाद किंग्स, रॉयल चांदनी चौक, शाहदरा सरदार्स, रोहिणी टाइटंस, छतरपुर स्पार्टन्स और नजफगढ़ वॉरियर्स जैसी 8 टीमें इसके पहले सीजन में भाग लेंगी।

# हुगली के कराटे चैंपियनशिप में दिखा दमखम, 300 से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा

**कोलकाता। एजेंसी**



राज्य स्तर पर कराटे के प्रति बढ़ती रुचि को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित छठवीं केजेएसकेए बंगाल शोटो कप स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हुगली जिले के चांपदनी में किया गया। इसमें 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह आयोजन प्रगति संघ क्लब में किया गया, जिसमें पूरे राज्य से प्रतिभागियों ने अपनी कराटे कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 'कियो जापान शोतोकन कराटे-डो एसोसिएशन वेस्ट बंगाल द्वारा किया गया था, जिसमें विभिन्न आयु और वजन वर्गों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुख्य निर्णायक और अध्यक्ष थे 7वें डैन ब्लैक बेल्ट धारक क्योशी मोहम्मद कौसर। उन्होंने प्रतियोगिता का संचालन किया। वह आयोजक संगठन के बंगाल प्रमुख हैं। कौसर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन कराटे के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया गया था, जिसमें जापान शोतोकन कराटे के प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति रही।

उनके साथ तकनीकी निदेशक राजन शॉ, मुख्य रेफरी एवं सचिव सेंसाई मोहम्मद तनवीर अली, और मुख्य आयोजक शिहान बृज मोहन वर्मा जैसे अन्य प्रतिष्ठित अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह चैंपियनशिप प्रतिभागियों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुई, जहां उन्होंने अपनी कला को निखारने और उच्च स्तर पर अपनी प्रतिभा को साबित करने का मौका पाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष तौर पर चंदन राठौर, पप्पू पटेल, वनमाली देवेंद्र पाल और शंकर राउत की भूमिका सराहनीय रही।

## व्यापार

# धनतेरस के पहले सर्राफा बाजार में तेजी सोना एक बार फिर 80 हजार के पार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी मामूली तेजी का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज एक बार फिर 80 हजार का स्तर पार करके 80,440 रुपये से लेकर 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,750 से लेकर 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इस चमकीली धातु की कीमत 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,340 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। जबकि 22 कैरेट सोना 73,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# साप्ताहिक समीक्षाः शेयर बाजार गिरावट का शिकार

● **निवेशकों को 20.72 लाख करोड़ का नुकसान**

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार के लिए 25 अक्टूबर को खत्म हुआ कारोबारी सप्ताह एक बार फिर बड़ी गिरावट वाला सप्ताह साबित हुआ। शेयर बाजार में लगातार चौथे सप्ताह कमजोरी बनी रही। इस सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। बीएसई का सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 1,822.46 अंक यानी 2.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 79,402.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 673.25 अंक यानी 2.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इस गिरावट के कारण अगस्त 2023 के बाद घरेलू शेयर बाजार में पहली बार सबसे लंबी साप्ताहिक बिकवाली का सिलसिला देखा गया। शेयर बाजार में साप्ताहिक आधार पर आई इस कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 25 अक्टूबर को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के बाद घट कर 437.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि इसके पहले के यानी 18 अक्टूबर को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के बाद इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.15 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को 21 से 25 अक्टूबर के साप्ताहिक कारोबार से करीब 20.72 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

21 से 25 अक्टूबर तक के कारोबार के दौरान बीएसई के लार्ज कैप इंडेक्स में 3.21 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई। लार्ज कैप इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से एबीबी इंडिया, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, सिमेंस, इंडसइंड बैंक, बंधन बैंक, इंडस टावर्स, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, अडाणी एंटरप्राइजेज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और डीएलएफ के शेयर में साप्ताहिक आधार पर 10 से लेकर 22 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

लार्ज कैप की तरह बीएसई के मिडकैप इंडेक्स में भी पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान 5.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से सुप्रीम इंडस्टरीज, राजेश एक्सपोर्ट्स, एलएंडटी फाइनेंस, वोडाफोन आइडिया, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स एसजेवीएन के शेयर 10 से लेकर 15 प्रतिशत तक लुढ़क गए। पिछले सप्ताह सबसे अधिक गिरावट बीएसई के स्मॉलकैप इंडेक्स में दर्ज की गई। 21 से 25 अक्टूबर के बीच हुए कारोबार के दौरान स्मॉलकैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 7.3 प्रतिशत टूट गया।

### टॉप 10 में एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई जोरदार गिरावट के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 9 कपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। वहीं दूसरी ओर सिर्फ 1 के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान 9 कंपनियों के मार्केट कैप 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। इन कंपनियों में से हिन्दुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। पिछले सप्ताह के दौरान हिन्दुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 44,195.81 करोड़ रुपये कम होकर 5,93,870.94 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज मार्केट कैप में गिरावट के मामले में दूसरे स्थान पर रही।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने रविवार को आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में टोहाना के गांव लल्लुवाल निवासी संजय राम ने कहा है कि गत दिवस वह और उसका भाई लीला दोनों अपने-अपने मोटरसाइकिलों पर सवार होकर गांव लल्लुवाल से जाखल रेलवे स्टेशन से अपने रिश्तेदारों को लेने के लिए जा रहे थे।

### अंतर्राज्यीय नार्को तस्कर गिरफ्तार

**उधमपुर।** उधमपुर पुलिस ने नाके के दौरान एक ट्रक की जांच के दौरान 09 किलो 680 ग्राम भुक्की बरामद कर एक अंतरराज्यीय नार्को तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार उधमपुर पुलिस टीम ने रौंदोमेल में नाके के दौरान वाहनों की तलाशी के दौरान पंजीकरण संख्या पी.बी.06वी 2539 वाले एक ट्रक को तलाशी के उद्देश्य से रोका। वाहन की जांच के दौरान वाहन चालक अवतार सिंह पुत्र श्री निरजंन सिंह निवासी रामदास जिला व तहसील अमृतसर, पंजाब के कब्जे से 01 प्लास्टिक बैग में 9.680 किलोग्राम भुक्की बरामद की।

### फ्लाई ओवर ब्रिज पर परचून से भरा ट्रक पलटा

**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर देहात ब्यावरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह भोपाल बाइपास चैराहा स्थित फ्लाई ओवरब्रिज पर परचून से भरा ट्रक पलट गया, हादसे में ट्रक स्टाफ पूरी तरह से सुरक्षित है, जबकि ट्रक में भरा सामान हाइवे पर बिखर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सामान को सुरक्षित किया और मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार भोपाल बाइपास चैराहा स्थित फ्लाई ओवरब्रिज पर गुना से भोपाल तरफ जा रहा परचून से भरा ट्रक 11 जी 606 अनियंत्रित होकर पलट गया।

### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, दो की मौत

**बीकानेर।** गंगाशहर पुलिस थाना क्षेत्र में हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर एक कार 4 बार पलट गई। कार सवार इवेंट मैनेजर युवक-युवती उछलकर बाहर आ गिरे और गाड़ी हाईवे से 20 फीट नीचे उतरकर झाड़ियों में फंस गई। गाड़ी पलटने पर हुई तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। एएसआई लाभूराम ने बताया- गंगाशहर से नोखा की तरफ जाने वाले हाईवे पर रविवार को एक एसयूवी गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

### ट्रैक्टर से दबकर साइकिल सवार युवक की मौत

**मीरजापुर।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के गैपुरा चौकी अंतर्गत कलना गहरवार गांव के पास शनिवार की देर शाम मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली से दबकर साइकिल सवार युवक मौत हो गई। रायपुर सरौंई गांव निवासी विवेक मौर्य साइकिल से गैपुरा जा रहा था। वह कलना गहरवार गांव के पास जिगना की तरफ से ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आया और चक्के के नीचे दब गया। मौके पर पहुंची गैपुरा चौकी पुलिस ने उसे एंबुलेंस से मंडलीय अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी गैपुरा आनंद सिंह ने बताया कि परिवार वालों को सूचना देते हुए चालक सहित ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया।

### अभियान चलाकर 310 लोगों का किया सत्यापन

**हरिद्वार।** एसएसपी के निर्देश पर लक्सर पुलिस ने सुल्तानपुर व भिक्कमपुर, रायसी क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस ने बिना सत्यापन किराये पर रखने वाले मकान मालिकों व होटल ढाबे, बाहरी व्यक्तियों, फड़-फेरी और गन्ना चरखी के विरुद्व कार्यवाही की है। इस दौरान 3100 व्यक्तियों का सत्यापन किया और आठ मकान मालिकों द्वारा सत्यापन न किये जाने पर 81 पुलिस एक्ट में नगद चालान कर दो हजार रुपयें का शुल्क वसूला। सत्यापन न कराने पर तीन मकान स्वामियों के विरुद्ध 83 पुलिस एक्ट की कार्यवाही कर 30 हजार का कोर्ट का चालान किया है।

### लापता व्यक्ति का तालाब में मिला शव,जांच शुरू

**राजगढ़।** नरसिंहगढ़ थाना क्षेत्र में बड़ा महादेव से लगे छोटे तालाब में शनिवार की रात 60 वर्षीय व्यक्ति का तैरता हुआ शव मिला, जो पिछले दो दिन से घर से गायब था। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार बीती रात बड़ा महादेव से लगे छोटे तालाब में जगदीश (60) पुत्र प्रभूलाल कुशवाह निवासी बलवटपुरा का तैरता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड टीम और परिजनों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि व्यक्ति मछली पकड़ने गया था।

### दुष्कर्म मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले के गुढ़ थानांतर्गत हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। शनिवार को जिला मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में रीवा रेंज के आईजी महेंद्र सिंह सिकरवार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि 15 दिन के अंदर चालान पेश कर दिया जाए। आरोपितों को सख्त सजा मिले।

35वें अखिल भारतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह 2024 के समापन कार्यक्रम का आयोजन

# सतना में बनेगा स्पोर्ट्स कॉलेज और सिंथेटिक ट्रैक : डॉ. मोहन

● स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए 15 करोड़ और सिंथेटिक ट्रैक के लिए 7 करोड़ स्वीकृत




**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खेल से व्यक्तित्व में अनुशासन, आत्म-विश्वास, बौद्धिक, प्रखरता, निडरता और एकाग्रता विकसित होती है। मध्यप्रदेश ने खेलो इंडिया यूथ गेम में देश में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, शूटिंग में प्रदेश ने 15 मेडल अर्जित किए, ओलंपिक में शामिल हुई भारत की हॉकी टीम में प्रदेश के खिलाड़ी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदेश में 18 खेलों की 11 राज्य अकादमियों का संचालन हो रहा है।

यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना में स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए 15 करोड़ रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की तथा सिंथेटिक ट्रैक निर्माण के लिए 7 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए। साथ ही बाउंड्री वॉल और अन्य निर्माण कार्यों के संबंध में जिला कलेक्टर को निर्देश प्रदान किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सतना में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 35 वें अखिल भारतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह 2024 के समापन अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 35वें अखिल भारतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी भी दी गई।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों उपलब्धियां अर्जित की है। प्रधानमंत्री मोदी ने पदक विजेता खिलाड़ियों को सराहना के साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद पदक प्राप्त करने से चूकने वाले खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन किया। खेल हो या वैज्ञानिक अनुसंधान का क्षेत्र, प्रधानमंत्री मोदी भारतीय परंपरा का अनुसरण और खेल भावना का परिचय देते हुए सभी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शित करने के लिए निरंतर प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन देशवासियों को सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरणा प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत, सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः के सिद्धांत पर विश्वास करते हुए जियो और जीने दो की भावना के आधार पर विश्व में शांति की प्रतिस्थापन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर सक्रिय है। देश के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित कर रहा है।

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि खेल, जीवन में हार और जीत को समान भाव स्वीकार करने और खेल भावना से जीवन जीने के लिए हमें प्रेरित करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को उत्साह और सकारात्मक भाव से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, सतना महापौर योगेश ताम्रकार, विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री राम तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भाई-बहनों ने समान रूप से अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया

**मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में घुड़सवारी, तीरंदाजी, तलवारबाजी, कुश्ती जैसे परंपरागत खेलों का समृद्ध इतिहास रहा है। इन कौशलों में भाई-बहनों ने समान रूप से अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया है। रानी दुर्गावती ने तलवार के बलबूते पर 51 लड़ाइयां लड़ी और सभी में विजय श्री प्राप्त की। रानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई, रानी लक्ष्मीबाई और रानी अहिल्याबाई ने मातृभूमि की रक्षा और सुशासन के क्षेत्र में उदाहरण प्रस्तुत करने के साथ ही सनातन संस्कृति के विस्तार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति, गुड़ी पड़वा, गुरु पूर्णिमा के समान ही राज्य शासन ने दशहरा भी धूमधाम से मनाया। भारतीय संस्कृति में शस्त्र और शास्त्र दोनों को समान महत्व प्रदान किया गया है। इसी भाव का प्रकटीकरण करते हुए दशहरे पर समस्त पुलिस लाइन, पुलिस थानों व शस्त्रागार में शस्त्र पूजन किया गया। भारतीय संस्कृति में त्यौहारों का विशेष महत्व है, राज्य शासन द्वारा दीपावली और गोवर्धन पूजा को भी धूमधाम से मनाया जाएगा।**

### लॉटरी निकलने का झांसा देकर हड़पे ढाई लाख

**जींद।** जींद में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ईक्कस गांव निवासी जगमाल को 25 लाख रुपये की लॉटरी निकलने का झांसा देकर साइबर ठगों ने दो लाख 71 हजार रुपये हड़प लिए। पुलिस ने शनिवार देर रात मामला दर्ज किया है। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में ईक्कस गांव निवासी जगमाल सिंह ने बताया कि 20 तारीख को उसके पास एक अनजान नंबर से मैसेज आया था। समें बताया कि उसकी 25 लाख रुपये की लॉटरी लगी है। उसे यकीन हो गया और जिस नंबर से मैसेज आया था, उस पर कॉल की। आरोपित ने बताया कि उसकी लॉटरी लगी है, जिसे प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना पडेगा। इसकी 8 हजार रुपये फीस लगेगी। उसे विश्वास हो गया, इसलिए उनके दिए नंबर पर आठ हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपित ने कहा कि रजिस्ट्रेशन हो गया है, अब 18 हजार 500 रुपये फाइल फीस देनी होगी। उसने आरोपित के दिए इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक खाते में 18500 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## जैसलमेर और फ्रांस के कारकासोन शहर पॉलिसी ट्रांसफर कर सहयोग करेंगे: चैतन्यराज सिंह



**जैसलमेर। एजेंसी**

जैसलमेर फोर्ट में फ्रांस के कारकासोन शहर से आए प्रतिनिधिमंडल व जैसलमेर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य चैतन्यराज सिंह के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दोनों शहरों के नीति हस्तांतरण करने को लेकर संवाद हुआ। चैतन्यराज सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम यूनाइटेड नेशन के ट्यूनिंग और सिटीज कांसेप्ट पर आधारित है जिसमें दोनों के शहरों के साझा प्रयासों से पर्यटन को बढ़ावा, वास्तुकला और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण, स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, किले व शहर का मास्टरप्लान तैयार करने सहित कई उद्देश्यों को लेकर सार्थक संवाद हुआ। हमारी कोशिश है कि कारकासोन शहर की तर्ज पर जैसलमेर में पर्यटन को बढ़ावा मिले, इसके लिए स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे। फ्रांस का कारकासोन शहर पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण शहर है जिसमें लगभग चार मिलियन पर्यटक आते है।

जैसलमेर और कारकासोन शहर ऐतिहासिक, स्थापत्य कला सहित कई मूल्यों को लेकर समरूपता रखते हैं। इस कार्यक्रम में यूनाइटेड नेशन के ट्यूनिंग और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मामलों के प्रतिनिधि, कारकासोन शहर के डिप्टी मेयर सहित फ्रेंच डेलिगेशन ने जैसलमेर की यात्रा की। कार्यक्रम में जैसलमेर नगर परिषद के आयुक्त लजपाल सिंह सोढा, जैसलमेर यूआईटी के सहायक अभियंता रवि रॉय एवं शहर के मौजिज लोग भी मौजूद रहे। जैसलमेर फोर्ट म्यूजियम ट्रस्ट के निदेशक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम किले में हरराज जी का महल में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जैसलमेर में पर्यटन को बढ़ावा देने, शहर की समृद्ध संस्कृति और धरोहर को संजोने सहित कई उद्देश्यों को लेकर सार्थक सिद्ध होगा। पूर्व राज परिवार के सदस्य चैतन्यराज सिंह को कारकासोन शहर के मानद सिटीजन की उपाधि भी दी गई है।

## जीवन को आसान बनाती आध्यात्मिकता : प्रो. गिरीश

**हिसार। एजेंसी**



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के हिसार केंद्र की ओर से बालसमंद रोड स्थित पीस पैलेस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुंबई से पहुंचे प्रो. गिरीश ने आए हुए श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए। पीस पैलेस में रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में प्रो. गिरीश ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कोई धार्मिक विश्वविद्यालय नहीं है। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिकता का अर्थ अंदर और बाहर दोनों तरफ से आसान होना है। सुख सुविधाएं हमें बाहर से आसान बनाती हैं परंतु अंदर से हमें भय, दुख, अशांति न सताए यह सब आंतरिक रूप से आसान होता है। आध्यात्मिकता सत्यता के आधार पर चलकर जीवन जीना सिखाती है। यदि हम सत्य को जीवन में स्वीकारना सीख लें तो जीवन आसान और अच्छा हो जाएगा। अच्छा इंसान बनना माना किसी गलत को अच्छा बनाना है पहले स्वयं अच्छे बनें फिर दूसरों की गलती सुधारें। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ओपी आर्य, पूर्व सहायक रजिस्ट्रार एचएयू ओपी ललित, राजकुमार गांधी सीए, एडवोकेट दिलीप जाखड़, डॉ. आरके मलिक, डॉ. सोमप्रकाश, मुलक राज सांघा, मिल्क राज पीएनबी, राजकपूर नरवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मानवता की रक्षा के लिये विश्व धर्म संसद आवश्यक : डॉ. उदिता

**हरिद्वार। एजेंसी**




यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव व विश्वधर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि विश्व धर्म संसद का आयोजन यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन अन्य संस्थाओं के सहयोग से कर रही है। यह आयोजन 17 से 22 दिसम्बर तक चलेगा। पहले दिन यह आयोजन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में और अंतिम तीन दिन यह आयोजन श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े में होगा। डॉ. उदिता त्यागी ने अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुनील त्यागी व श्रीअखण्ड परशुराम अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक के साथ विश्वधर्म संसद को लेकर प्रेस क्लब में पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विश्व के सभी गैरमुस्लिमों को इस्लामिक जिहाद की वास्तविक विभीषिका को समझा कर एक प्लेटफार्म पर लाना है, जहां सम्पूर्ण विश्व के सभी गैर मुस्लिम धर्मगुरु, बुद्धिजीवी व विद्वान अपने और सम्पूर्ण मानवता के अस्तित्व की रक्षा के एक दूसरे के साथ सहयोग के मार्ग खोजने का प्रयास करेंगे। आयोजन के बारे में बताते हुए डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व में जिस तरह के हालात बन चुके हैं, वह सम्पूर्ण मानवता के लिये बहुत ही अशुभ है। आज दुनिया का ऐसा कोई कोना नहीं बचा है जहां जिहादी ना पहुंच गए हों।

आज सम्पूर्ण विश्व में जिहादी जनसंख्या को हथियार बनाकर लोकतंत्र के माध्यम से सभी देशों पर कब्जा करके वहाँ सभी गैर मुस्लिम जनसमुदाय का समूल नरसंहार करने की कार्ययोजना पर चल रहे हैं।

## सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा की गई आरम्भ : सुखविंद्र

**सोलन। एजेंसी**



प्रदेश सरकार सभी स्तरों पर विद्यार्थियों का सवार्गीण विकास सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन कर रही है। प्रदेश में वित्त वर्ष 2024-25 में शिक्षा बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने के लिए सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा आरम्भ की गई है और उनके समग्र विकास के दृष्टिगत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग विद्यालय खोले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को सोलन के धर्मपुर स्थित पाइनग्रोव स्कूल में वार्षिक समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की क्षमता का विकास कर उन्हें उत्तरदायी नागरिक बनाना है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को सुशिक्षित एवं संवेदनशील बनाने के लिए प्रयासरत है। छात्रों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए डे-बोर्डिंग विद्यालयों में वर्षा जल संग्रहण प्रणाली और ग्रिड से जुड़े रूफ टॉप संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब वर्ग के मेधावी छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए दो सौ करोड़ रुपए की महत्वकांक्षी डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरम्भ की है।

### अवैध कब्जों के खिलाफ सरकार चला रही अभियान


**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश में पशुओं के लिए उपलब्ध गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए बड़ा अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत अब तक अवैध कब्जे वाली 6930 हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि में से 4740 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है, जबकि शेष कब्जे वाली भूमि को खाली कराने के लिए प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि राजस्व परिषद के 15 अक्टूबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 61304.504 हेक्टेयर गोचर भूमि उपलब्ध है। वहीं, 6930.619 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। कुल मिलाकर 4740.598 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से रिक्त कराया जा चुका है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि देवरिया में कुल 256.296 हेक्टेयर भूमि चारागाह के लिए उपलब्ध है, जिसमें 16.458 हेक्टेयर भूमि को अवैध कब्जे के रूप में चिह्नित किया गया है। इसमें 5.431 हेक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है।

दीपोत्सव › पहली बार 'रामलला की मौजूदगी' में होंगे समूचे आयोजन

# रामनगरी में दिखेगा अध्यात्म,परंपरा व संस्कृति का संगम

● रामकथा पार्क के मुख्य मंच पर होगी छह देशों व उत्तराखंड की रामलीला का मंचन

**अयोध्या। एजेंसी**



राम नगरी में आठवां दीपोत्सव अत्यंत खास होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में होने वाला दीपोत्सव पहली बार 'रामलला की मौजूदगी' में होगा। इस बार 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। योगी सरकार के मार्गदर्शन में इस दीपोत्सव में रामनगरी में अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम दिखेगा। 30 अक्टूबर को रामकथा पार्क स्थित मुख्य मंच पर छह देशों के साथ ही उत्तराखंड की रामलीला का भी मंचन होगा। हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से आध्यात्मिक बयार भी मुख्य मंच पर ही बहेगी।

30 अक्टूबर को दीपोत्सव के मुख्य मंच रामकथा पार्क में छह देशों की रामलीला होगी। इसमें म्यामार, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया व इंडोनेशिया के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। वहीं उत्तराखंड के कलाकारों की तरफ से रामलीला की प्रस्तुति भी मुख्य मंच पर ही होगी। सहारनपुर की रंजना नृत्यमयी रामायण के जरिए आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगी। आगरा की प्रीति सिंह (प्रीति के परिंदे) हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से संकटमोचन के चरणों में हाजिरी लगाएंगी। दिल्ली की मैत्रेय पहाड़ी व उनकी टीम श्रीरामचरितमानस नारी शक्ति पर प्रस्तुति देंगी। लखनऊ की अपर्णा यादव का भजन गायन भी मुख्य मंच पर ही होगा। दीपोत्सव के मुख्य मंच पर यह सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम सात बजे से होंगे।

30 अक्टूबर को दीपोत्सव पर अन्य राज्यों के कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इसमें मध्य प्रदेश की निधि चौरसिया टीम बधावा, असम की सनहल देवी बीहू, महाराष्ट्र की श्रद्धा लावनी, तेलंगाना के श्रीधर विश्वकर्मा गुसादी, झारखंड के सृष्टिधर महतो व टीम छाऊ, बिहार की महिमा झिझिंया, राजस्थान की ममता देवी कालवेलिया/घूमर लोकनृत्य, जम्मू के मो. यसीन व टीम रउफ लोकनृत्य पर प्रस्तुति देंगे। हरियाणा के संदीप यादव व टीम घूमर, पंजाब के हरदीप सिंह व टीम भांगड़ा, नागपुर की शिवमुद्रा बहुद्देशीय संस्था की तरफ से ढोल-ताशा नृत्य होगा। गुजरात के नितिन दवे व टीम डांडिया-गरबा, हिमाचल प्रदेश के देवदत्त व टीम शिरमौर नाटी नृत्य, छत्तीसगढ़ के मिलाप दास बनजारे पंथी, सिक्किम के शरद चंद्र सिंह सिघी छम नृत्य, चंडीगढ़ के गुरपेंदर सिंह लुडी नृत्य, गोवा के महेश समयी लैंप नृत्य व ओडिशा के चित्रसेन व टीम गोटीपुआ नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से ही प्रारंभ हो जाएंगे।

संस्कृति विभाग के निर्देशन में 28 से 30 अक्टूबर तक रामलीला दलों के कलाकारों द्वारा शोभायात्रा की प्रस्तुति होगी। इसमें अयोध्या की श्री मारुति नंदन हनुमन आदर्श रामलीला मंडल, श्रीबालाजी सांस्कृतिक विकास सेवा संस्थान, जय हनुमान मानस उत्थान आदर्श रामलीला मंडल, श्रीअवध आदर्श रामलीला समिति, श्रीजनक दुलारी संस्थान समेत 11 दल रहेंगे।

## समाज में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है 'मन की बात' कार्यक्रम: गणेश



**देहरादून। एजेंसी**

मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को कालीदास रोड पर स्थित मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 71 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 115वां संस्करण सुना। मंत्री के साथ तमाम पार्टी कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने भी कार्यक्रम सुना। इस मौके पर मंत्री जोशी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम लोगों को नए कार्य करने और समाज के लिए अनेक कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत अभियान, वोकल फॉर लोकल, एनिमेशन क्रांति, साइबर अपराध से बचाव के तरीके सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हर बार की भांति इस बार भी प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कई रोचक जानकारियां दी है। प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को हर बार जरूर सुनने की अपील की।

